सूर्योदय 6:17 सूर्यास्त 6:37

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.3 न्यू | 25.6 अधि |
| धर्मशाला | 18.7 न्यू | 29.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77414.92 |
| निफ्टी | 23519.35 |

सोना 89,164 चांदी 1,00,892

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



कैश मामला: जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 29 मार्च 2025 | 16 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 89, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

आज का मैच

गुजरात टाइटंस vs मुंबई इंडियंस

समयः रात 7:30 बजे (अहमदाबाद)

# हिमाचल में संगठित अपराध के दोषियों को अब आजीवन कारावास या मृत्युदंड

## विधानसभा में पारित हुआ हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध विधेयक

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में चिट्टा या अन्य किसी भी प्रकार की नशा तस्करी, अवैध खनन, वन कटान, वन्य जीवों की तस्करी, खतरनाक पदार्थों की डंपिंग, मानव अंगों की तस्करी, स्वास्थ्य विभाग में फर्जी बिल बनाने, झूठे क्लेम करने, साइबर आतंकवाद, फिरौती, फर्जी दस्तावेज रैकेट, खाने की वस्तुओं में मिलावट और मैच फिक्सिंग जैसे संगठित अपराध करने पर आजीवन कारावास या मृत्युदंड की सजा का प्रावधान कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा बुधवार को सदन में पेश हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध विधेयक आज सदन में पारित कर दिया गया है। इस विधेयक के तहत अब दोषी पाए जाने पर मृत्युदंड देने या फिर आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। अब यह विधेयक मंजूरी के लिए राज्यपाल को भेजा जाएगा। संशोधित विधेयक में सजा के साथ दोषी को 10 लाख रुपए तक के जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। नशा तस्कर की नशे से अर्जित संपत्ति भी जब्त की जा सकेगी।

इस विधेयक के अनुसार, जो व्यक्ति संगठित अपराध के लिए उकसाने, अपराध का प्रयास, षड्यंत्र, जान-बूझकर उसे अंजाम देने में मदद या फिर अपराध की तैयारी के लिए किसी अन्य कार्य में शामिल पाया जाता है, तो उसे कम से कम एक वर्ष तक की जेल होगी। इसमें 5 लाख तक के जुर्माने का भी प्रावधान भी किया गया है। यदि कोई व्यक्ति संगठित अपराध गिरोह का सदस्य है, उसे कम से कम एक साल और अधिकतम आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

संगठित अपराधी को जान-बूझकर शरण देने वाले या छिपाने वाले व्यक्ति को कम से कम 6 महीने की सजा होगी और 20 हजार से लेकर 5 लाख रुपए तक जुर्माना भी लगाया जा सकेगा। (अनंत ज्ञान)

### अपराधियों से कमीशन लेने पर एक साल से कम सजा

**संगठित** अपराधियों से कमीशन लेने की सूरत में दोषी को एक वर्ष तक की जेल और 2 लाख रुपए तक जुर्माना लगाया जाएगा। यदि किसी संगठित अपराधी सिंडिकेट के सदस्य की ओर से कोई व्यक्ति चल या अचल संपत्ति पर कब्जा करता है, जिसका वह संतोषजनक हिसाब नहीं दे पाएगा, तो उसे एक वर्ष से कम अवधि के कारावास से दंडित किया जाएगा।

### ड्रग्स मिली तो भी 14 साल तक की सजा

**जिस** व्यक्ति के पास ड्रग्स मिलेगी या खरीदेगा, उसे कम से कम 2 वर्ष और अधिकतम 14 वर्ष तक के कठोर कारावास से दंडित किया जाएगा। उसे 20 हजार से लेकर अधिकतम 10 लाख रुपए तक का जुर्माना लगेगा। किसी भी सरकारी कर्मचारी (लोक सेवक) के नशीले पदार्थों के साथ पकड़े जाने पर उसे तय सजा से डेढ़ गुणा सजा व इतना ही अधिक जुर्माना देना होगा।

# हिमाचल में सस्ती हुई बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में बिजली की दरें नहीं बढ़ाई गई हैं, फिलहाल बिजली टैरिफ में कमी की गई है, टैरिफ कम होने से घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को कम बिल आएगा। साथ ही कमर्शियल व औद्योगिक क्षेत्र में लगे यूनिटों को भी बिजली की कम दरें चुकानी होंगी। यह भी बिजली बिलों के अतिरिक्त भार से बचे रहेंगे। बिजली दरों में 15 से 35 पैसे प्रति यूनिट की कमी आएगी। मौजूद टैरिफ में 6.25 पैसे की जगह 5.90 पैसे प्रति यूनिट की कमी आएगी। साथ ही कमर्शियल व औद्योगिक घरानों को प्रति यूनिट 20 पैसे कम किए गए हैं, अगर बिजली उपभोक्ता 300 यूनिट से कम बिजली खर्च करेंगे, तो उन्हें 15 पैसे की बचत होगी। इससे ज्यादा पर 35 पैसे प्रति यूनिट ही चुकाना होगा। ऐसे में सुक्खू सरकार का यह फैसला थोड़ी राहत जरूर दे रहा है।

# म्यांमार, थाईलैंड समेत 5 देशों में भीषण भूकंप, भारी तबाही

**एजेंसी, नेपीडा/बैंकॉक**



म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11.50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसका असर भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में रहा है। भूकंप से म्यांमार और थाईलैंड में अब तक 59 मौतों की पुष्टि हो चुकी है और 250 से ज्यादा लोग घायल हैं।

वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 80 लोग लापता हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है। इन 5 देशों के अलग-अलग इलाकों में सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भारी तबाही के चलते थाईलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजैड) के अनुसार, मध्य म्यांमार में 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप का केंद्र सागाइंग शहर से 16 किमी (10 मील) उत्तर-पश्चिम में 10 किमी की गहराई पर था।

म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत और दक्षिण-पश्चिम चीन समेत 5 देशों में असर देखा गया। यहां के कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। वहीं, भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और ईस्ट कार्गो हिल में इसके झटके महसूस किए गए। बांग्लादेश में ढाका, चटगांव समेत कई हिस्सों में 7.3 तीव्रता के झटके आए। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर संवेदनाएं जताते हुए हरसंभव सहायता आश्वासन दिया है।

# हिमाचल में आर्थिक संकट के बीच बढ़ी विधायकों की सैलरी

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में आर्थिक संकट के बीच माननीय (विधायकों) की सैलरी और भत्ते में लगभग 24 प्रतिशत बढ़ गए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को इसके लिए सदन में हिमाचल प्रदेश लेजिस्लेटिव असेंबली (अलाउंसेज एंड पेंशन ऑफ मेंबर) अमेंडमेंट बिल 2025 प्रस्तुत किया। चर्चा के बाद इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

### 24 प्रतिशत का इजाफा; हर पांच साल में वेतन बढ़ोतरी का किया प्रावधान

इसके बाद विधायकों को अब लगभग 3 लाख रुपए मासिक सैलरी-भत्ते मिलेंगे। वर्तमान में इन्हें लगभग 2.10 लाख रुपए मासिक सैलरी-भत्ते मिलते हैं। विधायकों की बेसिक सैलरी अभी 55 हजार रुपए है, जो अब 70 हजार रुपए हो जाएगी। इस संशोधन के बाद माननीय विधायकों की सैलरी हर पांच साल बाद प्राइस इंडेक्स के हिसाब से बढ़ेगी। यानी अब एक अप्रैल 2030 को फिर से इनकी सैलरी-पेंशन बढ़ेगी। वहीं, हिमाचल में विधायकों की सैलरी और भत्ते मई 2016 में आखिरी बार बढ़े थे। लगभग 9 साल बीतने के बाद दोबारा इनके वेतन-भत्ते में वृद्धि हुई है।

### सीएम को लगभग 3.60 लाख मिलेंगे सैलरी-भत्ते

**हिमाचल** में मुख्यमंत्री को अभी 2.65 लाख रुपए मासिक वेतन-भत्ते मिलते हैं। यह अब 3.60 हजार रुपए से ज्यादा हो जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्रियों को अभी 2.55 लाख रुपए मिलते है। यह अब बढ़कर लगभग 3.50 लाख रुपए हो जाएगे।

# मुख्यमंत्री सुक्खू देश के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को देश के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में स्थान दिया है। उन्हें यह सम्मान सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों और राज्य सरकार की ग्रीन ऊर्जा पहलों के लिए प्रदान किया गया है।

समाचार पत्र ने विशेष रूप से 'मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना' के तहत अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा देने की पहल की सराहना की है। इसके अलावा, दूध के समर्थन मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि, 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाली की और उनके नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय में हुई वृद्धि को भी उल्लेखनीय उपलब्धियों के रूप में दर्शाया गया है।

लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रथम स्थान पर, गृहमंत्री अमित शाह दूसरे स्थान पर, चौथे स्थान पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को रखा गया है। इस सूची में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी सहित कई प्रमुख हस्तियों के नाम भी शामिल हैं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- पीएमजीएसवाई के तहत कांगड़ा के 570 क्षेत्रों के लिए रोड नेटवर्क मंजूर -पेज 4
- 3,300 दरों को तोड़ा तो सड़क पर उतरेंगे -पेज 6
- मां कामाक्षा 14 साल बाद सुंदरनगर में दे रही दर्शन -पेज 9
- धोखाधड़ी से निपटने के लिए उचित कदम उठाने के दिए निर्देश -पेज 10
- प्रदूषण कार्यालय में पुलिस की रेड सवालों के घेरे में -पेज 12

# केंद्रीय कर्मियों का डीए दो प्रतिशत बढ़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी, जो एक अप्रैल, 2025 से लागू होगी।

सरकार ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि केंद्र ने केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत की एक अतिरिक्त किस्त जारी करने को मंजूरी दी, जो एक जनवरी, 2025 से प्रभावी होगी। यह मौजूदा 53 प्रतिशत मूल वेतन/पेंशन पर 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है, ताकि कीमतों में वृद्धि के प्रभाव को कम किया जा सके। महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में इस बढ़ोतरी से सरकारी खजाने पर संयुक्त रूप से 6,614.04 करोड़ रुपए प्रति वर्ष का प्रभाव पड़ेगा।

इस बढ़ोतरी से लगभग 48.66 लाख केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों और 66.55 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। सरकार द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि यह बढ़ोतरी स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है, जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है।

### एक अप्रैल से होगा लागू




महंगाई भत्ता और महंगाई राहत केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को जीवन-यापन की लागत को समायोजित करने और उनके मूल वेतन या पेंशन के वास्तविक मूल्य को घटने से बचाने के लिए दिए जाते हैं। महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी अक्तूबर 2024 में घोषित की गई थी, जो एक जुलाई, 2024 से प्रभावी थी। केंद्र सरकार ने भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को मजबूती देने के लिए 22,919 करोड़ रुपए की प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव योजना को मंजूरी दी है।

### केंद्र सरकार ने दी सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी, सेना को मिलेंगे 156 प्रचंड हेलिकॉप्टर

**रक्षा** के क्षेत्र में भारत लगातार मजबूत हो रहा है। इस बीच केंद्र सरकार ने एक और सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दी है। दरअसल, भारत ने 156 मेड इन इंडिया एलसीएच प्रचंड हेलिकॉप्टर खरीदने के लिए अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दे दी है। रक्षा अधिकारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की आज हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। रक्षा मंत्रालय ने इस वित्त वर्ष में 2.09 लाख करोड़ रुपए से अधिक के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। इस रक्षा मंजूरी की स्वीकृति के बाद यह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के लिए अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर होगा और हेलिकॉप्टरों का निर्माण कर्नाटक के बेंगलुरु और तुमकुर स्थित उनके संयंत्रों में किया जाएगा।

# कठुआ: एनकाउंटर में पांच आतंकी ढेर, 4 जवान शहीद

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवाद विरोधी अभियान में जारी है। मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। शुक्रवार को जंगल में दो और शव बरामद किए गए, जहां वे छिपे हुए थे। वहीं, चार पुलिसकर्मी शहीद हो गए, जबकि सात सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं।

बताया गया है कि सुदूर वन क्षेत्र में पहले हुई मुठभेड़ वाली जगह के पास शुक्रवार को ड्रोन के जरिये एक और पुलिसकर्मी का शव देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में यह चौथा पुलिसकर्मी शहीद हुआ है। सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को ढेर कर दिया है।

कठुआ जिले के सूफियान जखोले गांव के घाटी हाइट्स में आतंकवाद विरोधी अभियान में पांच आतंकवादी मारे गए। वहीं, जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के चार जवान शहीद हो गए। इस ऑपरेशन में डिप्टी एसपी बॉर्डर धीरज कटोच और सेना के एक पैरा कमांडो समेत सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। घायलों को जम्मू शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कैबिनेट बैठक | सीएम सुक्खू की अध्यक्षता में लिए गए कई अहम फैसले

# प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय होगा अपग्रेड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में प्री-नर्सरी से 12वीं कक्षा तक शिक्षा की व्यवस्था के लिए प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय को स्कूल शिक्षा निदेशालय में अपग्रेड करने को मंजूरी दी गई। उच्च शिक्षा निदेशालय अब महाविद्यालयों के साथ-साथ उच्च शिक्षा के सभी पहलुओं का प्रबंधन करेगा। यह पुनर्गठन सरकार द्वारा किए जा रहे सुधारों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली के प्रशासन और दक्षता में सुधार करना है।

मंत्रिमंडल ने बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, हिमाचल नियम, 2011 में संशोधन करने का भी निर्णय लिया, ताकि पांचवीं और आठवीं कक्षा के आखिर में परीक्षा आयोजित करने के प्रावधान शामिल किए जा सकें। यदि विद्यार्थी प्रमोशन के मापदंडों को पूरा करने में विफल रहते हैं, उस स्थिति में उन्हें परिणाम घोषित होने की तिथि से दो महीने की अवधि के भीतर पुनः परीक्षा के लिए अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल ने एचआरटीसी के बेड़े में 297 टाइप-1 इलेक्ट्रिक बसों तथा 24 वातानुकूलित सुपर लग्जरी बसों की खरीद को मंजूरी दी है। इससे परिवहन सेवा को अधिक सुलभ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सकेगा। मंत्रिमंडल ने तकनीकी शिक्षा विभाग में शिक्षकों के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य पुरस्कार योजना शुरू करने का भी निर्णय लिया। इस योजना के तहत, छह श्रेणियों में 10 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिनमें सर्वश्रेष्ठ शिक्षक (आईटीआई स्तर) के लिए तीन पुरस्कार, अनुसंधान उत्कृष्टता और नवाचार पुरस्कार (डिग्री स्तर) और उद्योग समन्वय पुरस्कार (बहुतकनीकी और आईटीआई) के लिए दो-दो पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ शिक्षक (बहुतकनीकी स्तर), सर्वश्रेष्ठ शिक्षक (फार्मेसी कॉलेज स्तर) और सर्वश्रेष्ठ शिक्षक (इंजीनियरिंग कॉलेज स्तर) के लिए एक-एक पुरस्कार शामिल हैं। ये पुरस्कार अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान एवं विकास, सामुदायिक जुड़ाव और आउटरीच, प्रायोजित अनुसंधान तथा उद्योग-अकादमिक सहयोग में नामांकितों के प्रदर्शन के आधार पर दिए जाएंगे।

वहीं, मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश में बाल देखभाल संस्थानों में 15 वर्ष या उससे अधिक समय से रह रहे परित्यक्त बच्चों को हिमाचली प्रमाण-पत्र जारी करने की अनुमति देने का निर्णय लिया है।

### अवैध खनन रोकने के लिए खरीदे जाएंगे नए वाहन

**बैठक** में राज्य में अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निगरानी और प्रवर्तन व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए नए वाहन खरीदने को भी मंजूरी प्रदान की गई। मंत्रिमंडल ने शोंगटोंग-कड़छम जल विद्युत परियोजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए 1000 करोड़ रुपए के सावधि ऋण के दृष्टिगत एचपीपीसीएल को सरकारी गारंटी प्रदान करने की भी मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की सेवाओं की सराहना की जो इस माह सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

CRACKACADEMY
प्रदेश के युवाओं के लिए लाये है
मेरे शहर के 100 रत्न
6800 युवाओं को सरकारी और अन्य परीक्षाओं की फ्री तैयारी
आप भी इस मिशन का हिस्सा बन सकते है
कार्यक्रम संचालित करने के लिए CENTRES खोले जा रहे हैं जिसका संचलान एक CENTRE OWNER करेगा
LEARNING CENTRE खोलने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं
यह एक PROFITABLE BUSINESS करने का सुनहरी मौका है
ONLY 1 CENTRE PER CITY
90 UPCOMING CENTRES
60% CENTRES RESERVED FOR RETIRED GOVERNMENT EMPLOYEES, TEACHERS, DEFENCE PERSONNEL, AND WOMEN
ONLY 5 DAYS LEFT
LAST DATE 03 APRIL, 2025
सेंटर पार्टनर बनने के लिए आवेदन करें www.crack.academy/hp
CRACKACADEMY
Crack Academy (पहले Crack IAS) भारत का पहला Online Edtech Platform है जो UPSC, Civil Services Exams की तैयारी के लिए 2007 में शुरु हुआ था। हम छोटे शहरों में कंपनी द्वारा संचालित, Franchise Ownership वाले Classrooms स्थापित कर रहे हैं,
17+ YEARS OF COACHING INDIA
UPSC, CDS, CLAT, SSC, JEE, NEET, BANK PO
25000 ADMISSIONS/YEAR
50+ DELHI TEACHERS
1000+ IAS SELECTIONS
100+ CENTRES
100+ COURSES
30 LAC BOOKS SOLD
HELPLINE : 9217 05-05-05, 9217 07-07-07

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर शहर के कई क्षेत्रों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 30 मार्च को एचटी-एलटी लाइनों की मरम्मत एवं पेड़ों की कांट-छांट के कार्य के चलते हमीर होटल, वार्ड नंबर 5, 7, 8, 9 और 10 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हिमुडा कॉलोनी, एचआरटीसी वर्कशॉप, ठाकुर नर्सिंग होम, बाइपास, नाल्टी रोड, गौड़ा, खुड्डी, डुलेहड़ा, गरथेड़ी, उसयाना, लोहारड़ा, भोटा चौक, फायर स्टेशन, पुलिस लाइन, अस्पताल के आसपास, हथली, घंगाल तथा आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### सर्विस इंजीनियरों और मार्केटिंग के साक्षात्कार 3 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्थानीय प्राइवेट कंपनी मैसर्स धिमांशु एलीवेटर एंड एस्केलेटर हमीरपुर में सर्विस इंजीनियर के 10 पदों, एक महिला रिसेप्शनिस्ट और मार्केटिंग के लिए 5 पुरुष उम्मीदवारों के पदों को भरने के लिए 3 अप्रैल को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि सर्विस इंजीनियर के पदों के लिए मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और फिटर ट्रेड के आईटीआई डिप्लोमा धारक युवा पात्र होंगे। महिला रिसेप्शनिस्ट और मार्केटिंग के पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक रखी गई है। इन सभी पदों के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष रखी गई है। चयनित आवेदकों को कंपनी द्वारा 12 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत पात्र उम्मीदवार हिमाचली स्थायी निवासी प्रमाण पत्र और अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### वैष्णो देवी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा 31 से

**अनंत ज्ञान, रंगस।** जोलसप्पड़ के सोहरी गांव में स्थित वैष्णो देवी मंदिर में 31 मार्च से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पूर्ण चंद ने बताया कि 6 अप्रैल तक चलने वाली इस श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक सोनू शर्मा दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक प्रवचन करेंगे। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को पूर्णाहुति के बाद इसी दिन-रात्रि को भगवती जागरण का भी आयोजन किया जाएगा, जबकि 7 अप्रैल को विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। उन्होंने लोगों

### गाहलियां सहकारी सभा का अधिवेशन कल

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गाहलियां कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का वार्षिक साधारण अधिवेशन 30 मार्च को सुबह 11.30 बजे सभा भवन में आयोजित किया जाएगा। सभा के सचिव अजय कुमार ने बताया कि सभा अधिवेशन की अध्यक्षता सभा के प्रधान यशपाल सिंह करेंगे। सभी सदस्यों को समय पर पहुंचने का आग्रह किया गया है। बैठक के दौरान वर्ष 2024 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा और वर्ष 2024-25 की गतिविधियों के साथ वर्ष 2025-26 की योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### झनियारी सभा के शेयर धारकों को मिलेगा लाभांश का 15%



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** झनियारी सहकारी सभा की आम सभा की बैठक यशवंत सिंह राणा प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में आय व व्यय का विवरण दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी शेयरधारकों को लाभांश का 15 प्रतिशत देने का निर्णय लिया गया। इस सभा के कुल 954 सदस्य हैं।

### डॉ. मुनीष कुमार ने धर्मनिरपेक्षता पर दिया व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में विस्तार व्याख्यान की शृंखला को जारी रखते हुए डॉ. मुनीष कुमार ने संत साहित्य और धर्मनिरपेक्षता के ऊपर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता पर कहा कि कोई व्यक्ति, संस्था या सरकार सभी धर्मों को समान अधिकार और सम्मान देती है। भारतीय धर्म-निरपेक्षता अथवा सर्वधर्म समभाव का बीजारोपण संभवतः मध्यकालीन संत साहित्य की देन है, जिसमें ज्ञान मार्गी, प्रेम मार्गी, राम मार्गी, कृष्ण मार्गी अर्थात सगुण और निर्गुण दोनों संतों को श्रेय दिया जा सकता है अगर हम संत कबीर की बात करें तो उनके 224 शब्द गुरु ग्रंथ साहिब जी में वाणी के माध्यम से भक्ति रूपी रस में व्यक्त किए गए हैं। भक्ति के माध्यम से संतों ने यह व्यक्त किया कि समाज में फैली हुई बुराइयों को दूर किया जाए और धर्मनिरपेक्षता के माध्यम से देश की एकता और अखंडता को कायम किया जाए। अंत में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने डॉ. मुनीष का धन्यवाद किया और कहा कि इस संसार को चलाने में सिर्फ और सिर्फ ईश्वर की शक्ति है, जो दृश्य न होकर अदृश्य है और वह ही सर्वोपरि है। इस उपलक्ष्य पर बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक व स्टाफ उपस्थित रहा।

### कल होगा जय बजरंगबली छिंज मेला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मैड छिंज कमेटी मेंबर मदन शर्मा ने कहा कि पांडवी पंचायत के गांव मैड़ में हर वर्ष की तरह इस बार भी जय बजरंगबली छिंज मेला का भव्य आयोजन 30 मार्च को किया जाएगा। छिंज कमेटी के प्रधान राकेश चड्ढा उर्फ बबलू, ग्राम सुधार सभा के प्रधान मदन लाल शर्मा, सचिव लाल बिहारी शर्मा व दंगल कमेटी के सचिव अशोक चड्ढा ने बताया कि इस वर्ष मेले में विशाल दंगल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी और छोटी माली करवाई जाएगी जो कि पहले से अधिक भव्य और रोचक बनाया गया है। इसमें हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, जम्मू, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के नामी पहलवान अपने दांव-पेंच दिखाएंगे। मैड़ के दंगल में बड़ी माली के विजेता को 51000 रुपए का नकद पुरस्कार व सुनहरा गुर्ज, उपविजेता को 41000 रुपए नकद पुरस्कार और वहीं, छोटा माली के विजेता को 31000 रुपए नकद पुरस्कार व सुनहरा गुर्ज, उपविजेता को 21000 रुपए पुरस्कार में दी जाएगी। कमेटी के प्रधान ने क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें और कुश्ती के रोमांच का आनंद लें।

### कधरियाणा में श्रीराम कथा आज से होगी शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** टिक्कर डिडवीं पंचायत के अंतर्गत गांव कधरियाणा के साईं बाबा मंदिर में 29 मार्च से श्रीराम कथा शुरू हो रही है। यह कथा 4 अप्रैल तक चलेगी और उसी दिन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। शिरडी साईं बाबा मंदिर कमेटी के आयोजकों ने बताया कि कथा प्रवचन प्रति दिन एक बजे से शाम तक हुआ करेगी। उन्होंने कहा कि कथा शुरू होने से पूर्व 29 मार्च को प्रातः 8 बजे कलश स्थापना की जाएगी और प्रातः 8 बजे से साढ़े दस बजे तक प्रति दिन पूजन हुआ करेगा और 4 अप्रैल को 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूर्ण आहुति डाली जाएगी। कथा वाचक डॉ मुरलीधर जी महाराज (काशी वाले) करेंगे।

# तकनीकी विवि में डिग्री पूरा करने को मिला स्पेशल चांस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**11 अप्रैल तक बिना लेट फीस ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं अभ्यर्थी**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने तय अवधि में डिग्री पूरा न करने वाले अभ्यर्थियों को विशेष मौका (स्पेशल चांस) देने का निर्णय लिया है। मई-जून माह में प्रस्तावित परीक्षाओं में ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा दे सकते हैं। विशेष मौका बीटेक के शैक्षणिक सत्र 2014-15 से पहले वाले न्यू सिलेबस और ओल्ड सिलेबस के अभ्यर्थियों सहित बी फार्मेसी (एलोपैथी) के शैक्षणिक सत्र 2016-17 से पहले वाले न्यू सिलेबस, ओल्ड सिलेबस और सीबीसीएस के अभ्यर्थियों को दिया जाएगा। इसके अलावा बी फार्मेसी (आयुर्वेद), एमबीए, एमसीए और एम फार्मेसी के शैक्षणिक सत्र 2014-15 के ओल्ड और न्यू सिलेबस के अभ्यर्थियों को भी विशेष मौका दिया गया है।

वहीं, एमटेक के शैक्षणिक सत्र 2020-21 के पहले के न्यू और ओल्ड सिलेबस वाले अभ्यर्थी भी उपरोक्त विशेष मौके के लिए पात्र हैं। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि विभिन्न कारणों के चलते जो अभ्यर्थी तक अवधि में डिग्री पूरा नहीं कर पाए हैं, ऐसे अभ्यर्थियों को तय शुल्क के साथ रि-अपीयर परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के निर्देश दिए हैं।

ऐसे अभ्यर्थी 11 अप्रैल तक बिना लेट फीस ऑनलाइन परीक्षा फार्म भर सकते हैं। विशेष मौका देने से संबंधित अधिसूचना तकनीकी विवि की वेबसाइट पर अभ्यर्थी देख सकते हैं। यह विशेष मौका उपरोक्त विषयों के सभी सेमेस्टर के अभ्यर्थी को दिया जाएगा।

# सात साल बाद मिला सर्जन

## जिला आयुर्वेद अस्पताल में ओटी की व्यवस्था नहीं

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

**न एनेस्थीसिया का डॉक्टर न लैब टेक्नीशियन की भी हो पाई नियुक्ति**

प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में बजट का प्रावधान किया जा रहा है, लेकिन जिला आयुर्वेद अस्पताल की अनदेखी की जा रही है। ऐसा नहीं है कि अस्पताल में मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा, लेकिन डॉक्टर और अन्य सुविधाओं के चलते मरीज परेशान हो रहे हैं। पहले डॉक्टर नहीं थे तो मरीजों को ऑपरेशन करवाने के लिए दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ रहा था, अब डॉक्टर की नियुक्ति हो गई है तो ऑपरेशन थियेटर में जरूरी सामान नहीं है, जिसकी वजह से ऑपरेशन नहीं किए जा रहे।



डॉ. संजीव शर्मा

बता दें कि लगभग 7 वर्ष पहले जिला आयुर्वेद अस्पताल से सर्जन डॉ. नागेंद्र पाल का स्थानांतरण किया गया, जिसके बाद कोई भी सर्जन यहां पर नहीं आया। बीच में कुछ समय के लिए सर्जन की नियुक्ति की गई, लेकिन वह भी यहां से कहीं ओर चला गया। डॉ. नागेंद्र पाल के समय में यहां पर कई सफल ऑपरेशन किए गए व लोगों को इसका लाभ मिला। जिला आयुर्वेद अस्पताल में मार्च माह में एएमओ डॉ. संजीव शर्मा की नियुक्ति हुई। डॉ. संजीव जरनल सर्जरी में मेडिकल स्पेशलिस्ट हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में ओटी काफी लंबे समय से बंद पड़ी हुई है और यहां पर माइनर ओटी भी नहीं है।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन करने के लिए एनेथिसिया का डॉक्टर भी नहीं है। इसलिए जरनल ऑपरेशन करना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि एनेथिसिया का डॉक्टर होने पर पाईल, पिस्टूला, सिस्ट, डायबिटिक फुट व अन्य जनरल सर्जरी की जाएंगी। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे ओटी में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। एनेस्थीसिया के डॉक्टर के अलावा अस्पताल में लैब टेक्नीशियन का पद भी तीन माह से खाली पड़ा हुआ है। दिसंबर माह में लैब टेक्नीशियन की सेवानिवृत्ति के बाद किसी लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति नहीं हो पाई। अस्पताल में आने वाले मरीज बिना टेस्ट करवा ही जा रहे हैं या फिर उन्हें प्राइवेट लैब में अपने टेस्ट करवाने पड़ रहे हैं।

इस बारे में जिला आयुर्वेद अस्पताल के स्वास्थ्य अधीक्षक दलीप ठाकुर ने बताया कि अस्पताल में धीरे-धीरे सभी सुविधाएं जुटाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में एनेस्थीसिया का डॉक्टर नहीं है, जिसकी वजह से ऑपरेशन नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि लैब टेक्नीशियन के लिए भी कहा था लेकिन अभी तक कोई लैब टेक्नीशियन नहीं आया है। इस बारे में प्रदेश सरकार को लिखा जा रहा है, लेकिन अभी तक कोई रिस्पांस नहीं आया है। (अनंत ज्ञान)

### ग्रेडिंग के लिए 52 लोक कलाकारों ने दिया ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा जिला हमीरपुर में भी आरंभ की गई लोक कलाकारों की ग्रेडिंग की प्रक्रिया के पहले दिन लगभग 52 लोक कलाकार ऑडिशन एवं स्वर परीक्षा के लिए सलासी स्थित जिला भाषा अधिकारी कार्यालय एवं संस्कृति सदन पहुंचे।

**ऑडिशन ले रहा भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग**

जिला भाषा अधिकारी संतोष कुमार पटियाल ने बताया कि ग्रेडिंग एवं स्वर परीक्षा की प्रक्रिया शनिवार को भी जारी रहेगी।

इसमें गायन, वादन और नृत्य आदि कलाओं में पारंगत लोक कलाकारों को श्रेणीबद्ध किया जाएगा। इस चयन प्रक्रिया और श्रेणीकरण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली लोक कलाकारों का चयन करके उन्हें उचित मंच प्रदान करना तथा लोक कलाकारों के चयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।

# स्टेनो टाइपिस्ट पोस्ट कोड-928 का फाइनल रिजल्ट घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**चयनित उम्मीदवारों की नियुक्तियां अदालत के फैसले एवं जांच के परिणाम पर निर्भर करेगी : डॉ. महाजन**

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग द्वारा स्टेनो टाइपिस्ट के 66 पदों के लिए पोस्ट कोड-928 के तहत ली गई परीक्षा का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है।

एचपीआरसीए के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि स्टेनो टाइपिस्ट पोस्ट कोड-928 के लिए चयनित कुल 51 उम्मीदवारों की सूची अंकों सहित आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर अपलोड कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पात्र उम्मीदवार न मिलने के कारण भूतपूर्व सैनिकों के विभिन्न वर्गों और ओबीसी वर्ग के 15 पद खाली रह गए हैं।

डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों की नियुक्तियां अदालत के फैसले एवं जांच के परिणाम पर निर्भर करेगी।

### पोस्ट कोड-939 के चयनित उम्मीदवार 5 अप्रैल को चयन आयोग में दें ऑप्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने एचपीएसईबीएल में जेओए (आईटी) के पदों के लिए पोस्ट कोड-939 के तहत चयनित 148 उम्मीदवारों से अपील की है कि वे 5 अप्रैल को सुबह 10 बजे आयोग के कार्यालय में पहुंचकर अपनी-अपनी ऑप्शन दे दें, ताकि उनके नाम संबंधित संस्थान के लिए अनुमोदित किए जा सकें। डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि सभी चयनित उम्मीदवारों की सूची आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इसके अलावा सभी उम्मीदवारों को ईमेल और एसएमएस के माध्यम से भी सूचित किया जा रहा है। इसके बावजूद अगर कोई उम्मीदवार ऑप्शन देने के लिए आयोग में उपस्थित नहीं होता है तो यह माना जाएगा कि वह जेओए (आईटी) पोस्ट कोड-939 के पद पर ज्वाइन करने का इच्छुक नहीं है।

### जिला यातायात प्रभारी राजकुमार को मिली प्रमोशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला यातायात प्रभारी हमीरपुर राजकुमार को विभागीय पदोन्नति समिति ने इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत किया है। आईजीपी रेंज शिमला द्वारा प्रदेश के 7 सब इंस्पेक्टरों को पदोन्नत कर उन्हें इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त किया। वहीं, हमीरपुर जिले के राजकुमार को भी इंस्पेक्टर बनाया गया है। यातायात प्रभारी बनने से पहले वह महिला थाना हमीरपुर में तैनात थे, उससे पहले वे मंडी जिला में सदर थाना मंडी और पुलिस स्टेशन बल्ह में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

राजकुमार अप्रैल माह में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पहले पुलिस विभाग ने राजकुमार को पदोन्नति का तोहफा दिया है। वह पिछले 3 साल से यातायात प्रभारी हमीरपुर बतौर सेवाएं दे रहे हैं। यातायात विभाग के कर्मचारियों में उनकी पदोन्नति पर खुशी व्यक्त की है।

# संस्कृत शिक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धि : टौणी देवी के सात छात्रों को मिली छात्रवृत्ति



**संजीव चौहान, टौणी देवी**

स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (उत्कृष्ट) टौणी देवी के विद्यार्थियों ने संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की प्राचीनतम एवं समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संचालित विशेष छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा समर्थित इस योजना के तहत संस्कृत को मुख्य या वैकल्पिक विषय के रूप में चुनने वाले विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विद्यालय के सात छात्र-छात्राओं को यह प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए 15 विद्यार्थियों का चयन इस योजना के तहत हुआ है। प्रत्येक चयनित विद्यार्थी को 6,000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह उपलब्धि विद्यालय और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और संस्कृत भाषा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस सफलता के पीछे विद्यालय के संस्कृत प्रवक्ता विजय शर्मा का विशेष योगदान रहा है। उनके कुशल मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से विद्यालय में संस्कृत शिक्षा को नई ऊंचाइयां मिली हैं। प्रधानाचार्य ने छात्रों को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है। (अनंत ज्ञान)

# गणित पर किया अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हमीरपुर कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ।

**अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 10 तकनीकी सत्रों में 80 शोधपत्र किए प्रस्तुत**

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हमीरपुर कॉलेज में आयोजन करवाना और उसमें देश-विदेश से अकादमिक शोधार्थियों को एक मंच पर जुटाना एक बड़ी उपलब्धि है। हमीरपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में शुक्रवार को एडवांसेज इन मैथमेटिक्स एंड एप्लाइड साइंसेज पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. सुभाष चंद्र मारथा ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश दुनिया से आए हुए विद्वानों ने गणित के विभिन्न पहलुओं पर एक अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। इससे पूर्व कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रमोद सिंह पटियाल ने सम्मेलन में आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह गर्व का विषय है कि कॉलेज में गणित विभाग ने चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया। इससे पूर्व आयोजन सचिव प्रो. पवन कुमार ने इस दो दिवसीय सम्मेलन का कार्यवृत्त पेश किया।

महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि प्रो. मारथा, आमंत्रित वक्ता मझीण कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चंदन भारद्वाज, एनआईटी से प्रो. आरके वत्स, हिप्र केंद्रीय विवि से प्रो. राकेश कुमार व विशिष्ट अतिथियों डॉ. केएल वर्मा और डॉ. एचएस जंबाल को सम्मानित किया गया। समापन पर सम्मेलन के समन्वयक डॉ. संजय कुमार कानूनगो ने गणित विभाग द्वारा अकादमिक क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी रखी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को 10 तकनीकी सत्रों में 80 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर गणित विभाग से डॉ. निर्मल सिंह, प्रो. अशोक कुमार, प्रो. पवन कुमार, डॉ. सुनील कुमार, उपप्राचार्य प्रो. नीलम गुलेरिया, सुजानपुर के प्राचार्य डॉ. संजय पठानिया, डॉ. पवन कुमार, डॉ. तिलक राज, डॉ. मनोज डोगरा, प्रो. भगवती प्रसाद, डॉ. विजय ठाकुर, डॉ. कृष्ण लाल, पवन वर्मा, डॉ. एनडी खन्ना सहित छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

# अनुराग ने सीएम को भेजी चिट्ठी : अंकुश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**भोरंज क्षेत्र की पेयजलापूर्ति शीघ्र बहाल करने को लिखा**

भाजपा नेता और पूर्व मीडिया प्रभारी अंकुश दत्त शर्मा ने कहा है कि हमीरपुर जिले के भोरंज विधानसभा क्षेत्र के दो दर्जन गांवों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है।



यह मामला पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर के संज्ञान में है और उन्होंने मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को चिट्ठी लिखकर इस समस्या को दूर करने के लिए अविलंब उचित एवं ठोस कदम उठाने व इन गांवों को जलापूर्ति शीघ्र बहाल करने के लिए चिट्ठी भेजी है। इससे पूर्व भी अनुराग ने जिले के संबंधित अधिकारियों को इस समस्या को दूर करने एवं इस क्षेत्र की जनता को पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से मुहैया करवाने के लिए कहा था। अनुराग ने चिट्ठी में इस समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इन गांवों में अभी पेयजल आपूर्ति के यह हाल है तो अभी तो गर्मियां आना बाकी है। गांववासियों को पीने के पानी से लेकर दैनिक कार्य निपटाने तक के लिए पानी की समस्या बनी हुई है। शर्मा ने कहा कि चिट्ठी में मुख्यमंत्री को भोरंज विधानसभा के इन गांवों की इस समस्या से आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है।

अंकुश दत्त शर्मा ने उम्मीद जताई कि अब संबंधित अधिकारी अनुराग ठाकुर के हस्तक्षेप के पश्चात गांववासियों की समस्या को दूर करने में तत्परता दिखाएंगे और जनता को राहत मिलेगी।

### दियोटसिद्ध में श्रद्धालुओं ने चढ़ाए 18. 36 लाख

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में शुक्रवार को 20 हजार श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके 18 लाख 36 हजार 126 रुपए बाबा जी की गुफा में अर्पित किए।

अध्यक्ष टेंपल एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने बताया की दान के रूप में 44 लाख 32 हजार 72 रुपए तथा गुफा में 13 लाख 92 हजार 854 रुपए चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्ण 3 ग्राम 450 एमजी, सिल्वर 198 ग्राम 550 एमजी, इंग्लैंड पाउंड 135, यूएसए में डॉलर 86, यूरो 5, कनाडा डॉलर 260, यूएई दीराम 400, न्यूजीलैंड डॉलर 100 विदेशी मुद्रा के रूप में प्राप्त हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### युवक की संदिग्ध मौत होने पर जाहू पंचायत में शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, जाहू।** जाहू क्षेत्र के अरुण कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने पर जाहू पंचायत में शोक की लहर फैल गई। जाहू निवासी अरुण कुमार पुत्र विपन उम्र 32 वर्ष पंचायत सचिव के पद पर कड़ोहता पंचायत में कार्यरत था। लोगों के अनुसार अरुण वीरवार को दो तीन बजे के बाद ड्यूटी से घर आ गया। उसने घर वालों को बताया कि कोई फाइल रह गई थी, उसको लेने आया हूं और यह कहकर घर से वापस चला गया। शाम के समय चंदैश गांव के आसपास वहां के लोगों ने देखा कि सड़क के किनारे एक कार खड़ी हुई है और कार के साथ सड़क के किनारे एक व्यक्ति पड़ा हुआ है। इसकी सूचना लोगों के द्वारा सरकाघाट पुलिस को दी गई। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों को सात और आठ बजे के बीच में पुलिस का फोन आया कि आपके लड़के की मौत हो गई है। पुलिस ने फोन पर बताया कि अरूण कुमार का डेड वॉडी फतेहपुर से चंदैश सड़क मार्ग तहसील सरकाघाट के पास पड़ी हुई है। पुलिस ने शव को सरकाघाट में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शुक्रवार को परिवारजनों को सौंप दिया है। अरुण कुमार की मौत पर विधायक सुरेश कुमार, जाहू पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा, पूर्व प्रधान चमन लाल, उप्रपधान जाहू चमन व अन्य लोगों ने गहरा दुख प्रकट किया है।

### नप नादौन में 30-31 को भी जमा होगा हाउस टैक्स

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नगर परिषद क्षेत्र नादौन के जिन लोगों ने अपना हाउस टैक्स अभी तक जमा नहीं करवाया है। उनकी सुविधा के लिए नगर परिषद नादौन ने नगर परिषद ने 30 और 31 मार्च को छुट्टी वाले दिन भी कार्यालय खुला रखने का निर्णय लिया है, जिसके लिए दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

नगर परिषद के ईओ रमन शर्मा ने बताया कि नगर परिषद नगर परिषद ने लोगों को 10 प्रतिशत छूट के साथ हाउस टैक्स जमा करवाने के लिए 31 मार्च तक का समय दिया है। उन्होंने बताया कि यह छूट केवल 31 मार्च तक ही है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च के बाद 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स जमा करवाना होगा।

# युग हत्याकांड मामले पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**विधि संवाददाता, शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने बहुचर्चित युग हत्याकांड में दोषियों को सुनाई सजा-ए-मौत की पुष्टिकरण और दोषियों द्वारा दायर अपील पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

यह मामला सत्र न्यायाधीश की ओर से रेफरेंस के तौर पर हाईकोर्ट के समक्ष रखा गया है और दोषियों की ओर से भी सत्र न्यायाधीश के फैसले को अपील करते हुए चुनौती दी गई है। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर व न्यायाधीश राकेश कैंथला की खंडपीठ ने लगातार दो सप्ताह तक चली लंबी सुनवाई के पश्चात अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

इस मामले में तीन दोषियों को फिरौती के लिए चार साल के मासूम युग की अपहरण के बाद निर्मम हत्या करने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिमला की अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। 6 सितंबर को दोषी चंद्र शर्मा, तेजिंद्र पाल और विक्रांत बख्शी को सजा सुनाते हुए न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह की अदालत ने इस अपराध को दुर्लभ में दुर्लभतम श्रेणी के दायरे में पाया था।

तीनों दोषियों ने 14 जून, 2014 को शिमला के रामबाजार से फिरौती के लिए युग का अपहरण किया था। अपहरण के दो साल बाद अगस्त 2016 में भराड़ी पेयजल टैंक से युग का कंकाल बरामद किया गया था। तीनों ने मासूम के शरीर में पत्थर बांध कर उसे जिंदा पानी से भरे टैंक में फेंक दिया था।

### दूधिया रोशनी से चमकेगा एनएच तीन लगाई जा रहीं 400 सोलर लाइटें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 03 हमीरपुर से मंडी के एनआईटी हमीरपुर से पाड़छू तक के हिस्से में आखिरकार सोलर लाइटें लगाने का काम शुरू हो गया है। लगभग 40 किलोमीटर के इस भाग में 400 सोलर लाइट लगाई जानी हैं। एनएचएआई और मिनिस्ट्री ऑफ रोड एंड हाईवे के प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट की देखरेख में उच्च क्वालिटी की यह सोलर लाइट बहु प्रतिक्षित निर्माणाधीन नेशनल हाईवे को दूधिया रोशनी से चमका देंगी। फिलहाल आबादी वाले क्षेत्र में हर 40 मीटर पर सोलर लाइट के खंभे लगाने का कार्य चला हुआ है। बताया जा रहा है कि रामनवमी तक सोलर लाइटों से हाईवे जगमगा उठेगा। हाईवे पर करीब 400 से अधिक लाइटें लगेंगी। गौरतलब है कि एनआईटी हमीरपुर, कोट, बारीं मंदिर, समीरपुर, अवाहदेवी, चोलथरा, रखोह, सरकाघाट, पाड़छू से गुजर रहे हाईवे पर सोलर लाइटें लगाने की योजना है। कंपनी के हाईवे इंजीनियर अंकित सिंह ने कहा रामनवमी तक यह कार्य पूरा किया जाएगा।

**मंथन** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षकों और आजीवन सदस्यों की बैठक 2 को

# सोसायटी की गतिविधियों पर होगी चर्चा : डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जिला रेडक्रॉस सोसायटी की विभिन्न गतिविधियों के विस्तार तथा अन्य मुद्दों पर व्यापक चर्चा के लिए 2 अप्रैल को दोपहर बाद 3 बजे हमीरपुर के बचत भवन में सोसायटी के संरक्षकों और आजीवन सदस्यों तथा अन्य पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। इसकी तैयारियों के संबंध में शुक्रवार को जिले के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि 2 अप्रैल को होने वाली बैठक के दौरान संरक्षकों और आजीवन सदस्यों को सोसायटी की विभिन्न गतिविधियों और आगामी कार्य योजना से अवगत करवाया जाएगा तथा इस संबंध में उनके महत्वपूर्ण सुझाव लिए जाएंगे। उपायुक्त ने सोसायटी के सचिव और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला विकलांगता पुनर्वास केंद्र, महिला एवं बाल विकास और समग्र शिक्षा विभाग के अधिकारियों को 2 अप्रैल को प्रस्तावित बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

अमरजीत सिंह ने बताया कि सोसायटी शीघ्र ही जिले में विकलांगता पहचान शिविर आयोजित करेगी। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर अस्पताल में रेडक्रॉस सोसायटी की लैब को दोबारा शुरू किया जाएगा। इस लैब में आधुनिक मशीन और उपकरण स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए फंड जुटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने सभी संरक्षकों और आजीवन सदस्यों से बैठक में भाग लेने की अपील की है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में बड़ी संख्या में लोग रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़ रहे हैं। 25 हजार रुपए के शुल्क के साथ सोसायटी के संरक्षक बने लोगों की संख्या 16 हो चुकी है। इसी प्रकार, एक हजार रुपए के शुल्क के साथ सोसायटी की आजीवन सदस्यता लेने वाले लोगों की संख्या करीब 700 हो चुकी है।

बीते दिनों निर्वाचन विभाग के तहसीलदार गुरभज सिंह राणा भी सोसायटी के संरक्षक बने हैं। इनके अलावा जिला सांख्यिकीय अधिकारी अशोक कुमार, जगरनाथ शर्मा, कमल दीप सिंह, अशोक कुमार, डीसी कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों अवनीत कुमार, अभिमन्यु ठाकुर, विनोद कुमार, ज्योति प्रकाश, तहसीलदार शशि जसरोटिया, अंजुला धीमान और निक्का राम धीमान ने आजीवन सदस्यता ग्रहण की।

### नशे के खिलाफ सीएम ने उठाया कड़ा कदम : रोहित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** नशे की जब में आ रहे हिमाचल के युवाओं को बचाने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू ने संगठित अपराध और नशा तस्करी के खिलाफ जो सख्त कानून प्रस्ताव पेश किया है, वह ऐतिहासिक है। ऐसे कानून की मौजूदा समय में बहुत अधिक आवश्यकता थी और मैं इसका स्वागत करता हैं। यह कहना है स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन एडवोकेट रोहित शर्मा का। रोहित ने कहा कि बेशक कानून तो सख्त हो गया है, लेकिन अब इसे सख्ती से लागू करना चुनौती रहेगा। इसके लिए सरकार के अधिकारियों और तमाम स्टेक होल्डर को मिलजुलकर आगे बढ़ना होगा क्योंकि यह सबका दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा नशे के खिलाफ उठाए गए कड़े कदम को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए युवाओं और महिलाओं को खासतौर पर जोड़ा जाएगा।

### बनाल पंचायत में दंगल कल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** बनाल पंचायत के पूर्व प्रधान प्रकाश चंद ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी बनाल पंचायत में बनाल दंगल के नाम से कुश्तियों का आयोजन 30 मार्च को किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसमें विजेता पहलवान को 15 हजार, उपविजेता को 10 हजार बतौर पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा छोटी माली में विजेता को 6 हजार और उपविजेता पहलवान को 5 हजार की राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्पैशल कुश्तियां भी करवाई जाएंगी।





# विधानसभा
## बजट सत्र 2025-26





# टूरिज्म पॉलिसी में होगा बड़ा बदलाव : सीएम

## अगले कुछ माह के अंदर दिखेगा असर, आकर्षक पर्यटन स्थलों का होगा कायाकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश की टूरिज्म नीति में जल्द बड़ा बदलाव होने वाला है। अगले कुछ माह के अंदर नई नीति लागू हो सकती है। जीएसटी के मामले में यह इंडस्ट्री कमाऊं पूत है।

एक सवाल के जवाब में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन को बताया कि यहां के आकर्षक पर्यटन स्थलों की अलग ही पहचान है। हर साल लाखों की तादाद में सैलानी देवभूमि का रुख करते हैं, जिसमें देश-विदेश के पर्यटक शामिल है, इसलिए आकर्षक पर्यटन स्थलों का कायाकल्प होगा और उसमें कई आधुनिक सुविधाएं जोड़ी जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हर मुमकिन प्रयास कर रही है और इस दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है, ताकि पर्यटन व्यवसाय को बुलंदियों पर ले जाया जा सके। कुल्लू के विधायक भुवनेश्वर गौड ने अग्निशमन की ओर से होटल रजिस्ट्रेशन के लिए दी जाने वाली एनओसी में छूट देने पर प्रश्न किया था, जिसके जवाब में मुख्यमंत्री ने पर्यटन संबंधित यह आवश्यक जानकारी साझा की।



### एनएच के टोल बैरियरों पर लगेंगे फास्टटैग

**मुख्यमंत्री** ने एक अन्य सवाल के जवाब में सदन में बताया कि हिमाचल प्रदेश में नेशनल हाईवे में टोल बैरियर पर फास्टटैग लगाए जाएंगे, इसके लिए टोल टैक्स के दायरे में टेंडर लग चुके हैं। उनको फास्ट टैग लगाने के निर्देश दिए गए हैं। फास्ट्रेक लगने स बाहर से आने वाले टूरिस्ट को रोड टैक्स चुकाने में दिक्कत नहीं होगी और उन्हें लंबी लाइनों में भी नहीं लगना पड़ेगा, इससे यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा और बाहर से आने वाले टूरिस्टों का समय भी बचेगा। धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुधीर शर्मा के सवाल के जवाब में सुक्खू ने कहा कि प्रदेश का कोई फास्ट टैग नहीं है, ये टोल टैक्स का अपना दायित्व है। जिसे वह पूरा करेगा।

### टीसीपी में होंगे बदलाव

**बजट** सत्र के आखिरी दिन मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सदन में ऐलान किया कि प्रदेश में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीसीपी) में भी सरकार बड़े बदलाव करने जा रही है। इसमें आवश्यक बदलाव के लिए आम आदमी से सुझाव मांगे गए हैं। जिस पर संबंधित विवभाग के आला अधिकारी एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगे और सरकार के समक्ष पेश करेंगे।

### 66 सरकारी भवन असुरक्षित घोषित

एक अन्य महत्वपूर्ण सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री सुक्खू ने सदन में बताया कि मौजूदा समय में हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में 66 सरकारी भवन असुरक्षित आंके गए हैं। नियमों के मुताबिक इन सभी भवनों को असुरक्षित घोषित किया गया है। सीएम ने बताया कि स्थिति ठीक होने तक सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) सरकारी कर्मचारियों के लिए अलग से कोई व्यवस्था करेगी।

### राजधानी में सर्कुलर सड़क का होगा विस्तार

**सीएम** सुक्खू ने बताया कि शिमला में सर्कुलर सड़क का विस्तार किया जाएगा, जिसके लिए सरकार भूमि अधिग्रहण का कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। जिसकी अधिसूचना भी शीघ्र ही जारी हो होगी, ताकि, यहां लगने वाले जाम से आम लोगों को निजात मिल सके और उन्हें इस सड़क पर अपने वाहन चलाने में दिक्कत पेश ना आए।

# जनहित से जुड़े मुद्दों के लिए जारी रहेगी लड़ाई : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**विधानसभा** सत्र के समापन के बाद मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा जनहित के मुद्दों पर सदन से सड़क तक लड़ाई जारी रहेगी। जनहित के हर मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी सरकार से सवाल करती रहेगी और प्रदेशवासियों के बेहतरी के लिए काम करने के लिए बाध्य करती रहेगी। प्रदेश के हित हमारी प्राथमिकता है उसके लिए हम सरकार से दो-दो हाथ हमेशा करते रहेंगे। इस बार का विधान सभा सत्र हिमाचल के सबसे छोटा बजट सत्र था, जिसमें मात्र 15 बैठकें हुई। सभी विधायकों ने प्रदेश और अपने विधानसभा क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे उठाए। उनकी समस्याओं का समाधान करवाने, उनके सवालों एक जवाब लेने का प्रयास किया।

सदन के बाद हम प्रदेशवासियों के हक के लिए आम जनता के बीच से आवाज उठाएंगे। सरकार की गारंटियों पर प्रदेश बढ़ रहे भ्रष्टाचार और माफियाराज के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। हम प्रदेश से माफियाराज के नेस्तनाबूत होने तक रुकेंगे नहीं। देवभूमि में माफिया राज के लिए जगह नहीं है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा सभा ने सदैव उच्च आदर्श प्रस्तुत किए हैं। यहां देश भर के सदनों से माननीय आते हैं और हिमाचल की विधान सभा की कार्यवाही देखते हैं और हिमाचल विधान सभा और उसके माननीय सदस्यों की प्रशंसा करते हैं। इस प्रकार के उच्च मानदंड स्थापित करने और उसे बनाए रखने के लिए इस सदन के सभी माननीय सदस्य बधाई के पात्र हैं।

### सीबीआई को सौंपें विमल नेगी की मौत की जांच



**जयराम** ठाकुर ने कहा कि लगातार भारतीय जनता पार्टी विमल नेगी के मृत्यु मामले में सीबीआई की जांच मांग रही है, जो सरकार को जल्द से जल्द प्रारंभ कर देनी चाहिए, क्योंकि भाजपा इस मुद्दे से पीछे हटने वाली नहीं है और वह सदन से बाहर बेस पर सत्तापक्ष से सवाल उठाती रहेगी। जयराम ठाकुर पूरे प्रदर्शन में सरकार के नकारात्मक रवैया को लेकर आक्रामक रहे और विमल नेगी की मृत्यु को लेकर गंभीर रहे। जयराम ने नेगी के मृत्यु के पीछे एक आला अधिकारी की तरफ इशारा करते हुए भी काफी कुछ कहा और बताया कि एफआईआर में अधिकारी का नाम भी आना चाहिए।

### सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करता मामला : श्रीकांत



**भाजपा** के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने भी विमल नेगी के परिवारजनों द्वारा एक जारी वीडियो के बारे में भी अपने भाषण में जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जबरदस्ती विमल नेगी द्वारा करोड़ों रुपए का भुगतान किसी विशेष व्यक्ति को करवाया गया और यह सीधा-सीधा सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करता है।

# प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत दो साल में 8155 लाभार्थियों को मिला लाभ

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम ने विधायक सुधीर शर्मा के सवाल का दिया जवाब**

**हिमाचल** प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत पिछले दो वर्षों में कुल 8155 लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई है। इस योजना के तहत वितीय वर्ष 2023-24 में 3730 और 2024-25 में 4425 लाभार्थियों को लाभ मिला है। यह जानकारी प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने विधायक सुधीर शर्मा द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में दी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत विभिन्न निजी संस्थाओं और व्यक्तियों से कुल 7 करोड़ 85 लाख 19 हजार 174 रुपए की धनराशि प्राप्त हुई है। इसमें से 5 करोड़ 70 लाख 7 हजार 674 रुपए राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष में और 2 करोड़ 15 लाख 11 हजार 500 रुपए जिला स्तरीय मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष में जमा हुए हैं। बता दें मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना को वर्तमान प्रदेश सरकार ने शुरू किया है। हिमाचल देश का पहला राज्य बना है, जिसने अनाथ बच्चों की देखभाल के लिए कानून के तहत यह योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत 101 करोड़ रुपए का मुख्यमंत्री सुख-आश्रय कोष भी गठित किया गया है। हिमाचल सरकार ने इस योजना का विस्तार करते हुए परित्यक्त बच्चों को भी इस योजना के दायरे में शमिल किया है। राज्य सरकार ने इस योजना के अंतर्गत इन बच्चों को देश के विभिन्न दर्शनीय और ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण पर भेजने का प्रावधान किया है।



*अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। बजट सत्र के आखिरी दिन नवोदय विद्यालय ठियोग के 76 बच्चों ने विधान सभा सचिवालय पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की। इस अवसर पर नवोदय विद्यालय ठियोग के अध्यक्ष एवं जिलाधीश शिमला अनुपम कश्यप स्कूल की प्रधानाचार्य संगीता शौनिक तथा पुलिस अधीक्षक जिला शिमला संजीव गांधी भी मौजूद थे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों को विधासभा की कार्यवाही से अवगत करवाया। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को सदन की कार्यवाही देखने के लिए आमंत्रित किया तथा सभी को अपनी ओर से अनंत शुभकामनाएं दीं।*

# सरकार के सानिध्य में रहकर एनएचएआई को करना होगा काम : विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** में एनएचएआई के तहत सड़क मार्गों में बरती जाने वाली लापरवाही को लेकर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने तीखी टिप्पणी करते हुए चेतावनी दी कि हिमाचल के हितों की रक्षा करना उनकी जिम्मेदारी है। एनएचएआई को मिलकर हिमाचल सरकार को सहयोग देकर काम करना होगा। राज्य के हितों की अनदेखी वे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ये जवाब सदन में भरमौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज के मटौर शालाघाट शिमला एनएच को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में दिया।

### कचरे का सही तरीके से होगा निस्तारण

**प्रदेश** में कचरे का सही तरीके से निस्तारण किया जाएगा। इसके निस्तारण के लिए आधुनिक तकनीक अपनाई जाएगी। ताकि, इसकी वजह से प्रदेश की साफ-सुथरी आवोहवा पर असर ना पड़े। यह तकनीक पूरे राज्य में अपनाई जाएगी, जिसके लिए जल्द ही ठोस योजना तैयार की जाएगी

उन्होंने कहा प्रदेश के कई स्थानों पर बनाए जाने वाले फोरलेन मार्गो पर लापरवाही साफ तौर पर देखी जा रही है, जहां पर इनकी वजह से आम लोग परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# स्वदेश दर्शन योजना के तहत सात परियोजनाएं स्वीकृत: इंदु गोस्वामी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने कहा है कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014-15 के दौरान लॉच की गई स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत हिमालय सर्किट के लिए सात परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने यह जानकारी उन्हे संसद में पूछे गए एक प्रश्न पर दी। उन्होंने बताया की इसके अंतर्गत वर्ष 2016-17 के दौरान हिमाचल प्रदेश में 68.34 करोड़ रुपए की कियारीघाट, शिमला, हाटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीड़, पालमपुर, चंबा विकास योजना स्वीकृत की गई। उन्होंने बताया की स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत हिमालय सर्किट विकसित करने के लिए वर्ष 2016-17 में जम्मू कश्मीर में 6 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं जिनमे से 77.33 करोड़ रुपए लागत की जम्मू-श्रीनगर-पहलगाम-भगवती नगर-अनंतनाग-उरी-लेह कारगिल विकास परियोजना, 81.60 करोड़ रुपए लागत की जम्मू राजौरी-शोपिआं-पुलवामा में पर्यटन सुविधाएं विकसित करने की परियोजना भी शामिल है।



# भवानी सिंह पठानिया का घेराव किया स्थगित

## उपमुख्यमंत्री के बयान के बाद राज्य बार काउंसिल ने फिलहाल रोका

**पुष्पेंद्र, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश राज्य बार काउंसिल ने आयोजित विशेष आम सभा की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 48 घंटे पूरे होने पर विशेष आम सभा की बैठक बुलाई गई। सदन की बैठक विधायक भवानी सिंह पठानिया द्वारा सदन में दिए गए अपमानजनक बयान के संबंध में मुद्दे पर आगे चर्चा करने के लिए हुई, जिसमें उन्होंने विशेष प्रकृति के मामलों में आरोपी व्यक्तियों का बचाव करने वाले अधिवक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने का सुझाव देते हुए अत्यधिक आपत्तिजनक और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया था।

काउंसिल की आम सभा ने विधायक भवानी सिंह पठानिया द्वारा दिए गए बयान के संबंध में सदन में दिए गए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के बयान की सराहना की। काउंसिल की आम सभा ने निर्णय लिया कि उपमुख्यमंत्री द्वारा दिए गए वक्तव्य के कारण विधायक के घेराव की प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित किया जाता है।

### सीएम और डिप्टी सीएम को दिया जाएगा ज्ञापन

**बार** काउंसिल ने ये भी निर्णय लिया है कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को एक ज्ञापन देकर उनसे अनुरोध किया जाएगा कि वे विधायक भवानी सिंह पठानिया को उपमुख्यमंत्री द्वारा दिए गए वक्तव्य जैसा ही वक्तव्य देने के लिए कहें। काउंसिल की आम सभा ने यह भी निर्णय लिया कि हिमाचल प्रदेश की सभी बार एसोसिएशनों से अनुरोध किया जाएगा कि वे विधायक भवानी सिंह पठानिया के खिलाफ प्रस्ताव पारित करें और ऐसे प्रस्तावों को हिमाचल प्रदेश बार काउंसिल के समक्ष प्रस्तुत करें।

# भाजपा के स्वच्छता अभियान से लोगों को मिली प्रेरणा : डॉ. राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने चौड़ा मैदान में विशाल प्रदर्शन के बाद स्वच्छता अभियान चलाया और सभी के लिए प्रेरणादायक संदेश दिया। सभी व्यवस्था टोली के सदस्यों एवं कार्यकताओं ने डॉ बिंदल के साथ स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लिया। बिंदल ने कहा कि भाजपा का प्रदर्शन पूर्ण रूप से सफल रहा और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस प्रदर्शन में 10 हजार से अधिक कार्यकताओं ने भाग लिया, यह प्रदर्शन नहीं जनसैलाब रहा।



शिमला में कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा के महा-प्रदर्शन ने सोशल मीडिया पर जबरदस्त असर डाला। चौड़ा मैदान में हजारों लोग जुटे, वहीं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाखों लोगों ने इसे लाइव देखा।

# भारत दूरसंचार में 7वें वेतन आयोग के लिए सुरेश कश्यप ने लोकसभा में उठाई आवाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**पूर्व सरकार की गलतियों से निगम अभी भी घाटे से नहीं उभर पाया**

**भाजपा** के सांसद सुरेश कश्यप ने लोकसभा में भारत दूरसंचार निगम का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस निगम एवं उपक्रम का दूरसंचार के क्षेत्र में अहम भूमिका है और पूर्व सरकारों की गलती एवं गलत नीतियों के कारण यह उपक्रम घाटे में चल रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपक्रम पर कार्य किया और इसको फिर से जीवित किया, अब यह उपक्रम प्रगतिशील हैं।

इसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद भी करना चाहते हैं। इस उपक्रम में 30000 ग्रुप सी एवं डी के कर्मचारी है और 5000 पेंशन भोगी है, इन सभी को अभी तक तीसरी वेतन संशोधन का लाभ भी प्राप्त नहीं हुआ। जोकि, 1 जनवरी 2017 से लागू हो चुका है। अब तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में आठवां वेतन आयोग की घोषणा कर दी है, परंतु इस निगम को अभी तक तीसरे वेतन आयोग का लाभ भी प्राप्त नहीं हुआ है।

### भारत दूरसंचार निगम अभी भी है वंचित

**सांसद** सुरेश कश्यप ने कहा कि 7वें वेतन आयोग को लेकर बाकी सब उपक्रमों में सामर्थ्य खंड प्रावधान कर दिया गया है, पर भारत दूरसंचार अभी इससे वंचित है। उन्होंने कहा कि वैसे तो एक उपक्रम अगर 3 साल लगातार लाभ में आता है तब उसे वेतन संशोधन की अनुमति प्राप्त होती है।

# एम्स में पहली बार 'अवेक थायरॉयडेक्टॉमी' सर्जरी सफल

## कैंसर सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. चितेश शर्मा व उनकी टीम ने नया कीर्तिमान किया स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**एम्स** बिलासपुर ने चिकित्सा जगत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के कैंसर सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. चितेश शर्मा और उनकी टीम ने हिमाचल प्रदेश में पहली बार 'अवेक थायरॉयडेक्टॉमी' (जाग्रत अवस्था में थायरॉयड सर्जरी) को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। यह सर्जरी 26 मार्च को की गई और इसे चिकित्सा नवाचार का एक नया मील का पत्थर माना जा रहा है। मरीज, जो रेट्रोस्टर्नल क्षेत्र में फैले थायरॉयड मास से पीड़ित थे, सामान्य एनेस्थीसिया के लिए फिट नहीं थे। उनके कुछ स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण पारंपरिक शल्य चिकित्सा विधियों से ऑपरेशन करना जोखिम भरा था। ऐसे मामलों में कार्डियोपल्मोनरी बाईपास की आवश्यकता पड़ सकती थी, क्योंकि मास का स्थान सर्जरी को और भी कठिन बना रहा था।

डॉ. चितेश शर्मा और उनकी टीम, जिसमें डॉ. अजय भी शामिल थे, ने एक नया दृष्टिकोण अपनाते हुए लोकल एनेस्थीसिया के तहत ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। इस तकनीक का उद्देश्य सर्जरी से जुड़े जोखिमों को कम करना और मरीज के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना था। सर्जरी के दौरान मरीज पूरी तरह से जाग्रत अवस्था में थे, और डॉ. शर्मा ने सटीकता एवं कौशल के साथ इस प्रक्रिया को पूरा किया। चूंकि थायरॉयड मास का विस्तार रेट्रोस्टर्नल क्षेत्र तक था, यह तकनीकी रूप से जटिल प्रक्रिया थी। लेकिन डॉ. शर्मा की एम्स दिल्ली में 100 से अधिक अवेक थायरॉयडेक्टॉमी करने की विशेषज्ञता ने इस चुनौती को एक उपलब्धि में बदल दिया।



### ऑपरेशन के तुरंत बाद मरीज पूरी तरह से ठीक

**ऑपरेशन** के तुरंत बाद मरीज पूरी तरह से होश में आ गए और कोई महत्वपूर्ण जटिलता दर्ज नहीं की गई। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि पारंपरिक थायरॉयड सर्जरी की तुलना में यह कम आक्रामक प्रक्रिया है, जिससे मरीजों को जल्दी स्वस्थ होने में मदद मिलती है। इस सफलता के साथ एम्स बिलासपुर ने चिकित्सा नवाचार में अपनी विशेषज्ञता को सिद्ध किया है। इस प्रकार की सर्जरी उन मरीजों के लिए एक नई आशा लेकर आई है।

**रणनीति** सरकार से लाभ लेने वाले नेताओं को जगह नहीं, ऊर्जावान कार्यकर्ता भी किए जाएंगे शामिल

# कांग्रेस कार्यकारिणी की नई टीम में वरिष्ठता को मिलेगा अधिमान!

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद पर सहमति बनने के बाद संगठन की संपूर्ण टीम का खाका भी तैयार है। कार्यकारिणी की नई टीम में वरिष्ठता को अधिमान दिया जा सकता है। एक पद नियम के तहत सरकार में लाभ के पदों पर बैठे नेताओं को संगठन में जगह नहीं मिलेगी।

नई पौध के तौर पर सक्रिय और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को भी अहम पद दिए जाने की रणनीति बनाई गई है। युवा कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने को प्रोत्साहित किया जा सकता है। नवीन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए युवा कार्यकर्ताओं को आगे किया जाएगा, जो सोशल व डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बेहतर काम कर सके और आम मतदाताओं तक पार्टी का संदेश पहुंचने में कामयाब रहे। जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ बनाएं रखने में वरिष्ठ पदाधिकारी सहायक हो सकते हैं, उनके अनुभव से आम जनता की नब्ज टटोलने का सरल मौका मिलेगा। आंतरिक गुटबाजी पर भी नवनियुक्त होने वाले अध्यक्ष के साथ मिलकर काम करेंगे।

पार्टी सूत्रों ने दावा किया है की नई कार्यकारिणी अनुभवी और ऊर्जा से लवरेज रहेगी। सभी को साथ लेकर चलने की योजना बनाई गई है। आलाकमान ने अपने संदेश में साफ तौर पर कह दिय दिया है कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश के अंदर पूरे दमखम के साथ खड़ी रहेगी और कांग्रेस संगठन व सरकार को मजबूत बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाते रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### संगठन व सरकार में तालमेल के निर्देश

**सीधे** तौर पर प्रदेश कांग्रेस संगठन व सरकार को परस्पर कोऑर्डिनेशन के साथ काम करना होगा। संगठन को अधिक सशक्त बनाने के लिए भाजपा की संगठनात्मक सोच को फॉलो किया जा सकता है। सीमित संगठनात्मक जिलों व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संख्या बढ़ाई जा सकती है। नई व्यवस्था के तहत 17 संगठनात्मक जिला सहित 140 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां बनाई जानी संभावित है। संगठनात्मक जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संख्या बनने से जमीनी स्तर पर काम करने में मजबूती मिलेगी।



### जिला कार्यकारिणी होगी गठित

**पार्टी** सूत्रों का दावा है की नई कार्यकारिणी के नाम पर पूर्ण सहमति बन चुकी है। सीएम सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री सहित संभावित नई अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बीच कार्यकारणी के नामों को लेकर सहमति बन चुकी है। विधानसभा सत्र के बाद पहले जिला कार्यकारिणी और फिर खंड स्तर की कार्यकारिणी गठित की जाएगी, इसके लिए कांग्रेस पार्टी की प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल से सलाह-मशविरा किया जा चुका है, जिनकी तरफ से मंजूरी मिल चुकी है।

# पोस्ट कोड 928 के 66 पदों की भर्ती का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने पोस्ट कोड 928 के तहत स्टेनो टाइपिस्ट के 66 पदों की भर्ती के लिए अन्तिम परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिया है। प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों ने इन पदों को भरने के लिए सिफारिश की थी जिसके लिए 1 दिसंबर, 2021 को विज्ञापन जारी किया गया था।

इनमें सामान्य श्रेणी (अनारक्षित) के 16 पद, सामान्य श्रेणी (आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग) के सात पद, सामान्य श्रेणी (स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित) का एक पद, सामान्य श्रेणी (पूर्व सैनिकों के आश्रित) के आठ पद, अन्य पिछड़ा वर्ग (अनारक्षित) के 11 पद, अन्य पिछड़ा वर्ग (बीपीएल) के पद, अन्य पिछड़ा वर्ग (पूर्व सैनिकों के आश्रित) के दो पद, अनुसूचित जाति (अनारक्षित) के 11 पद, अनुसूचित जाति (पूर्व सैनिकों के आश्रित) के 3 पद, अनुसूचित जनजाति (बीपीएल) का एक पद और अनुसूचित जनजाति (पूर्व सैनिकों के आश्रित) का एक पद शामिल हैं। परीक्षा परिणाम आयोग की अधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### 31 तक जमा नहीं किए बिल तो कटेंगे कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** विद्युत उपमंडल पंचरुखी के अंतर्गत आते उपभोक्ता जिनके बिजली के बिल पेंडिंग है उन्हें 31 मार्च तक बिलों का भुगतान करना पड़ेगा। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल पंचरुखी ई प्रीतम चंद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली के बिल पेंडिंग है वो 31 मार्च तक बिलों का भुगतान कर दें नहीं तो बिना सूचना दिए उनका बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 29 व 30 मार्च को सरकारी अवकाश होने के बावजूद भी पंचरुखी कार्यालय में सुबह 10 बजे से सायं 3 बजे तक कैश काउंटर खुला रहेगा। आज व कल भी बिल जमा करवा सकते हैं।

### उपभोक्ता समय पर करें बिलों का भुगतान

**राजन ढींगरा, नगरोटा बगवां।** विद्युत उपमंडल नगरोटा बगवां के सहायक अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि विद्युत उपमंडल का कैश काउंटर 30 एवं 31 मार्च को को दोपहर 3 तक खुला रहेगा। ऐसे उपभोक्ता, जिन्होंने अपना बिजली के बिल अभी तक जमा नहीं करवाया है, वे उपरोक्त तिथियों यानी रविवार एवं सोमवार को अपना बिजली का बिल कैश काउंटर पर दोपहर 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं। विद्युत उपमंडल का कार्यालय निर्माणाधीन होने के कारण विद्युत उपमंडल आने जाने वाला रास्ता बंद कर दिया गया है एवं विद्युत उपमंडल का कार्यालय सहायक अभियंता के क्वार्टर में शिफ्ट कर दिया गया है। उपभोक्ता विद्युत कार्यालय में आने के लिए नारदा शारदा मंदिर से होते हुए हनुमान गली के मार्ग से विद्युत उपमंडल के कैश काउंटर पर 3 बजे तक आकर बिल जमा करवाएं। (अनंत ज्ञान)

### 4 से 7 अप्रैल तक होगा मां आशापुरी मेला

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** मां आशापुरी मेले के सफल आयोजन के लिए मेला कमेटी प्रधान कुलवंत शर्मा की अध्यक्षता में मेला मैदान में बैठक का आयोजन किया गया। मेले का अयोजन 4 से 7 अप्रैल तक किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि दंगल कुश्ती विजेता को 11 हजार व उपविजेता को 8100 रुपए पुरस्कार में दिए जाएंगे। साथ ही मेले में वॉलीबाल प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। मेले में दुकानदारों को मुफ्त में जगह, बिजली, पानी मुहैया करवाया जाएगा। बैठक में कमेटी में संजय कुमार संजू को सर्वसम्मति से उपप्रधान चुना गया। बैठक में सचिव ओम प्रकाश, अशोक कटोच, स्वरूप, प्रवीण शास्त्री, कमल कुमार. विजय कुमार, गुलशन कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

### जवाली के लोग गंदला पानी पीने को मजबूर

**अनंत ज्ञान, जवाली।** नगर पंचायत जवाली के वार्ड नं तीन और चार के लोग पिछले करीब एक माह से गंदला पानी पीने को मजबूर है। गंदले पानी से परेशान लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी समस्या हल न हुई तो जल शक्ति विभाग के कार्यालय में जाकर धरना दिया जाएगा और मिट्टी के बर्तन फोड़े जाएंगे। मदन गोपाल, राकेश भारद्वाज, देव राज,राकेश कुमार, शशि मेहरा, सौरभ अत्री, समीर चौधरी, राकेश धीमान,रविन्द्र कुमार,मनमोहन कृष्ण, साजन चौधरी, बोध राज आदि ने बताया कि पिछले एक माह से लब ट्यूबल खराब होने से विभाग हमें किसी अन्य पेयजल स्कीम से पानी दे रहा है। जिसके चलते हमारे नलकों में गंदला पानी आ रहा विभाग को अवगत करवाने के बावजूद समस्या कोई हल नहीं हुआ। लोगों ने बताया कि गंदा पानी पीने स्वास्थ से खिलवाड़ हो रहा। अगर विभाग ने शीघ्र इसका समाधान नहीं किया तो कोई भी महामारी फैलने संकेत हो सकते हैं। लोगों ने मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री से मांग की है कि से इस समस्या हल करवाने की मांग उठाई है। इस संदर्भ में जल शक्ति विभाग जवाली के जेई अजय शर्मा से जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि शीघ्र ही खराब मोटर को निकाला जा रहा है जैसे ही मोटर बनकर आ जाएगी तो उसे डाल दिया जाएगा।

### खैरा स्कूल के 10 बच्चे लेंगे नीट-जेईई की कोचिंग

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा के ग्यारहवीं कक्षा के दस विद्यार्थियों का चयन हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा नीट व जेईई कोचिंग के लिए लगाए जा रहे बूट कैंप के लिए हुआ है। ये कोचिंग कैंप धर्मशाला में 28 मार्च से लेकर 5 अप्रैल तक चलेगा। जेईई कोचिंग के लिए आकाश, अक्षत, हर्षित, ईशांत, रितिका व सानिया का चयन हुआ है। वहीं, नीट कोचिंग के लिए दिव्या, शानवी, शीतल और सुहानी का चयन हुआ है।

# डीसी ने किया हिम ईरा शॉप का शुभारंभ

## कहा, धर्मशाला के स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पाद बेचने की मिलेगी बेहतर सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की ब्रांडिंग तथा विपणन के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे ताकि महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। शुक्रवार को धर्मशाला में डीसी कार्यालय परिसर में हिम ईरा शॉप का शुभारंभ करने के उपरांत उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि हिम ईरा शॉप में धर्मशाला उपमंडल के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों अपने उत्पाद बेचने की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में हिम ईरा शाप्स की अहम भूमिका रहेगी चूंकि ग्रामीण स्तर पर महिला स्वयं सहायता समूह आर्गेनिक तरीके से अलग अलग उत्पाद तैयार करते हैं तथा हिम ईरा शाप्स के माध्यम से इन उत्पादों के विपणन की बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को उत्तम क्वालिटी से तैयार करने का प्रशिक्षण भी दिया गया है इसके साथ ही उत्पादों की पैकेजिंग के लिए उचित कदम उठाए गए हैं ताकि मार्केट में इन उत्पादों की डिमांड बढ़ सके।

> **उत्पादों के विक्रय के लिए ऑनलाइन सुविधा से भी जुड़ेंगे स्वयं सहायता समूह**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि जिला भर में चरणबद्ध तरीके से हिम ईरा शॉप्स निर्मित की जा रही है कांगड़ा तथा नगरोटा में हिम ईरा शॉप्स तैयार को गई हैं, जबकि अन्य उपमंडलों में भी हिम ईरा शाप्स के निर्माण के लिए उचित कदम उठाने के दिशा निर्देश दिए हैं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को ऑनलाइन बेचने के लिए भी हिम ईरा की वेबसाइट तैयार की गई तथा सभी स्वयं सहायता समूहों को वेबसाइट के साथ जोड़ा जा रहा है ताकि भविष्य में स्वयं सहायता समूह ऑनलाइन भी अपने उत्पादों को बेच सकें।



### बागवानी-कृषि उत्पाद बेचने को बनाएं प्लान

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग तथा पंचायतीराज विभाग को हिम ईरा शाप्स के माध्यम से हो रही बिक्री के बारे में विशेष फोकस करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही कमियों को भी दूर करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उत्पादों के विपणन के इस मॉडल को सफल बनाया जा सके। उन्होंने बागवानी तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर हिम ईरा शॉप्स के माध्यम से जैविक बागवानी तथा कृषि उत्पाद बेचने के लिए भी प्लान तैयार किया जाए। इससे पहले परियोजना अधिकारी डीआरडीए चंद्र वीर ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए हिम ईरा शॉप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अतिरिक्मत उपायुक्त विनय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पूर्व सैनिकों के लिए अगले महीने होंगे आउटरीच कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके आश्रितों और पूर्व सैनिकों की विधवाओं को कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाने तथा उनके समस्याओं के निपटारे के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा अप्रैल माह में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उपनिदेशक सैनिक कल्याण बोर्ड सेवानिवृत्त कर्नल जी.एस गुलेरिया ने बताया कि इन कार्यक्रमों के लिए बोर्ड द्वारा कल्याण आयोजकों ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि 4 अप्रैल को सैनिक विश्राम गृह देहरा, 5 अप्रैल को रक्कड़, 10 अप्रैल को इंदौरा, 11 अप्रैल को सैनिक विश्राम गृह नूरपुर, 17 अप्रैल को जयसिंहपुर, 19 अप्रैल को सैनिक विश्राम गृह पालमपुर, 26 अप्रैल को नगरोटा सूरियां तथा 28 अप्रैल को फतेहपुर में यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं व आश्रितों से अपील की है कि वे कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर सकते हैं।

# पीएमजीएसवाई के तहत कांगड़ा के 570 क्षेत्रों के लिए रोड नेटवर्क मंजूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को संसद में बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2014 से अब तक हिमाचल प्रदेश की 2562 हैबिटेशन्स के लिए सड़क नेटवर्क स्वीकृत किया गया है, जिसमें से 2544 हैबिटेसन को रोड नेटवर्क से जोड़ दिया गया है, जबकि 18 हैबिटेशन का कार्य बकाया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2014 से अब तक बिलासपुर के 133 हैबिटेशन, चंबा के 299 हैबिटेशन, हमीरपुर के 103 हैबिटेसन, कांगड़ा के 570 हैबिटेशन, किन्नौर के 37 हैबिटेसन, कुल्लू के 217 हैबिटेशन, लाहौल-स्पीति की 12 हैबिटेशन, मंडी के 442 हैबिटेशन, शिमला के 315 हैबिटेशन, सिरमौर के 186 हैबिटेशन, सोलन के 107 हैबिटेशन और ऊना के 141 हैबिटेशन के लिए सड़क सुविधा प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें से चंबा जिले के 7 हैबिटेशन, कांगड़ा जिले के एक हैबिटेशन और कुल्लू के 4 हैबिटेशन, शिमला के 8 हैबिटेशन का कार्य बकाया है जबकि, मंडी के लिए स्वीकृत 442 हैबिटेशन की जगह 444 हैबिटेशन को सड़क मार्ग से जोड़ा गया है।






> **राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने संसद में सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को दी जानकारी**

### आदित्य को मिले राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि ठियोग में 40 बच्चों से भरी हुई बिना चालक के बस के चल पड़ने पर उसे तुरंत ब्रेक लगाकर एक बड़ी दुर्घटना को बचाने का काम करके 10वीं कक्षा के छात्र आदित्य ने एक अत्यन्त सराहनीय और वीरता का काम किया है। यह घटना पूरे हिमाचल के लिए एक सम्मान की बात है। यदि आदित्य तुरंत निर्णय करके साहस के साथ बस को न रोकता तो 40 बच्चों के जीवन का क्या होता यह सोच कर डर लगता है। मैंने इस घटना को पढ़कर स्कूल की प्रिंसिपल से बात की और आदित्य को बहुत अधिक बधाई दी। उन्होंने 11 हजार रुपए की राशि भेज कर प्रिंसिपल से अनुरोण किया कि स्कूल में एक कार्यक्रम में आदित्य को सम्मानित करें और मेरी ओर से 11 हजार रुपए का पुरस्कार दें। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भी आग्रह किया है कि हिमाचल सरकार आदित्य को राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार दिलवाने की कोशिश करें।



# तृप्ता स्कूल चलवाड़ा के चार छात्र जवाहर नवोदय स्कूल में चयनित



**अनंत ज्ञान, जवाली**

तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा के छात्रों ने जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा को उत्तीर्ण कर उसमें चयनित होकर अपने माता पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है इस परीक्षा में विद्यालय के कक्षा पांचवीं के चार छात्र चयनित हुए हैं। तृप्ता पब्लिक स्कूल की सान्वी कौंडल, नक्श, अक्षित गोरिया, रियांश चौधरी परीक्षा को उत्तीर्ण कर जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुए हैं। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने बच्चों मिठाई खिला कर बधाई दी है और बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे प्रधानाचार्य राकेश राणा ने अपने संदेश में कहा कि यह बच्चों की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को भी विद्यालय की ओर से बधाई दी है।




# मार्च-अप्रैल में इन चार सब्जियों की करें खेती, होगी बंपर पैदावार



**सब्जी की खेती कर रहे किसानों के लिए मार्च और अप्रैल महीने में इन 4 प्रकार के सब्जियों की खेती कर 55 से 65 दिनों के अंदर लाखों रुपए का मुनाफा कमा सकते। मार्च और अप्रैल महीने में बोई जाने वाली विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती कर सकते हैं और बहुत अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। मार्च और अप्रैल माह के अंदर सब्जियों की मार्केट थोड़ी ऊंची होती है इसी प्रकार अगर किसान मार्च और अप्रैल माह के अंदर विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती कर 55 से 65 दिनों के अंदर अच्छा खासा मुनाफा कमा सकते हैं। मार्च और अप्रैल माह के अंदर इन सब्जियों के खेती कर बहुत कम दिनों में अच्छा प्रॉफिट कमा सकते हैं।**

> **किसानों को मिलेगा बहुत कम दिनों में अच्छा प्रॉफिट**

### मार्च के अंतिम सप्ताह में लगाएं भिंडी

**मार्च** महीने के लास्ट सप्ताह और अप्रैल के पहले सप्ताह के अंदर अगर भिंडी की खेती करना चाहते हैं तो बहुत कम दिनों के अंदर मोटा प्रॉफिट कमा सकते हैं। भिंडी को गर्मी की मुख्य सब्जी कहा जाता है और मार्च और अप्रैल माह के अंदर बाजार बहुत अच्छी डिमांड होती है। अगर किसान अच्छे और हाईब्रीड बीज से भिंडी की अगेती किस्मों की खेती करता है, तो इसकी अच्छी पैदावार होती है और लाभ भी अधिक होता है। इसकी अगेती खेती करने के लिए सिंचाई की उचित व्यवस्था होना बहुत जरूरी है। भिंडी की फसल के लिए कम से कम 20 डिग्री तापमान की जरूरत होती है और पौधे के अच्छे विकास के लिए 30 से 35 डिग्री तापमान होना बहुत जरूरी है।



### बैंगन की खेती को चाहिए गर्म मौसम

मार्च और अप्रैल महीने के अंदर बैंगन की खेती करते हैं तो अच्छा खासा मुनाफा कमा सकते हैं बैंगन की खेती को गर्म जलवायु की जरूरत होती है। बैंगन की वर्षा कालीन फसल के लिए अप्रैल महीने में बुवाई की जाती है प्रति हेक्टेयर में बैंगन की बिजाई के लिए सामान्य किस्मों की लगभग 250-300 ग्रा. और संकर किस्मों का 200 से 250 ग्रा बीज की आवयश्कता होती हैं। बैंगन को अधिक सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है गर्मी के मौसम में बैंगन की सिंचाई 3 से 4 दिन बाद करनी होती है आने वाले दिनों में बाजारों अच्छे खासे दाम मिलेंगे और बैंगन की खेती गहरी दोमट मिट्टी में ही करें खेत में पानी की निकासी का भी ध्यान रखें।



### अप्रैल में लगाएं लौकी

**यह एक ऐसी सब्जी है जो हर सीजन में उपलब्ध होती है और लोग इसे बहुत शौक के साथ खरीदते हैं और खाते हैं। लौकी को सदाबहार सब्जी के रूप में जाना जाता है। यह एक कद्दू वर्गीय सब्जी है किसान लौकी की खेती साल में तीन बार कर सकता है। आपको बता दें कि क्योंकि इसका उपयोग सब्जी के अलावा रायता और हलवा बनाने में भी किया जाता है। बाजार में इसकी हर समय मांग को देखते हुए किसान भाई इसकी बुवाई अप्रैल में कर सकते हैं। इसकी खेती से कम लागत खर्च पर अधिक लाभ कमा सकते हैं।**

### तोरई से करें कमाई

**गर्मियों के दिनों में अगर आप भी तोरई की खेती करना चाहते हैं तो तोरई की खेती के लिए कार्बनिक पदार्थों से युक्त उपजाऊ मिट्टी की जरूरी होती है। गर्मियों के मौसम में इसके पौधे अच्छे से वृद्धि करते हैं। इसका पौधा सामान्य तापमान में अच्छे से अंकुरित होता हैं और अधिकतम 40 डिग्री तापमान सहन कर सकता है ओर गर्मियों में ज्यादातर लोग तोरई खाना पसंद करते हैं। ऐसे में इसकी खेती से होने वाली पैदावार किसान भाइयों को मार्केट में काफी अच्छे दाम दिला सकती है और कुछ ही दिनों में लाखों रुपए कमा सकता है।**

प्रस्तुतिः संजय अग्रवाल, धर्मशाला

# सोलन में टमाटर व शिमला मिर्च की पनीरी लगाने में जुटे किसान

**सोलन** और सिरमौर किसानों ने ऑफ सीजनल सब्जियों को उगाने की तैयारी शुरू कर दी है। यदि आने वाले दिनों में बारिश हुई तो ये किसानों के लिए संजीवनी का कार्य करेगी। फिलहाल जिला सोलन और सिरमौर के किसानों ने टमाटर की पनीरी लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। शिमला मिर्च के बाद अब टमाटर की पनीरी किसान तैयार करेंगे। वहीं कृषि विभाग ने भी इसके लिए एडवाइजरी जारी कर दी है। किसानों को हिदायत दी है कि विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त टमाटर और शिमला मिर्च के बीज ही खरीदें। इसके अलावा निजी दुकानों से बीज खरीद पर इसका बिल भी आवश्यक लें। वहीं मौसम साफ होते ही किसान-बागवान अपनी फसलों की देखरेख में जुट गए हैं। किसानों ने लहसुन की निराई और मटर की गुड़ाई का कार्य शुरू कर दिया है।



किसानों का कहना है कि हाल ही में हुई बारिश फसलों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इसके अलावा बागवान भी प्लम, खुमानी, सेब, आडू सहित अन्य पौधों की रोपाई और किसानों ने फसलों की गुड़ाई का कार्य शुरू कर दिया है। फसलों में गोबर की खाद डाली जा रही है। वहीं बागवानों ने पुराने लगाए गए फलदार पौधों के तौलिए बनाने शुरू कर दिए हैं। इसके अलावा मार्च-अप्रैल में लगने वाली टमाटर और शिमला मिर्च की फसल के लिए खेतों को साफ करने का कार्य शुरू कर दिया है।

प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन

### विभाग के केंद्र से ही बीज खरीदें किसान : उपनिदेशक

**जिला** कृषि उपनिदेशक देवराज कश्यप ने किसानों को सलाह दी है कि यदि बीज खरीदना हो तो विभाग के केंद्र से खरीदें। विभाग के केंद्रों में लोगों को बीज सस्ता मिलेगा। यदि किसान बाजार से बीज की खरीद कर रहे हैं तो मान्यता प्राप्त बीज की खरीद के साथ उसका बिल भी साथ लें। इन दिनों किसान खेत खाली करने सहित लहसुन की गुडाई का कार्य कर सकते हैं। यह बारिश रबी फसलों के लिए अच्छी है।

# कृषि, बागवानी, मुर्गी व मत्स्य पालन कर आशीष गौतम हर साल कमा रहे 5 करोड़

> **“सिरमौर जिले की पच्छाद तहसील के गांव चमोडा निवासी आशीष गौतम बताते हैं कि उन्हें वर्ष 2023 में उद्यान विभाग द्वारा 500 वर्ग मीटर ग्रीन हाउस के निर्माण के लिए 8 लाख 42 हजार रुपए का उपदान मिला। उन्होंने ग्रीन हाउस में मार्च माह में 2500 पौधे पीली तथा लाल शिमला मिर्च के रोपित किए, जिससे 5 टन शिमला मिर्च का उत्पादन हुआ तथा लगभग 7 लाख रुपए की आय अर्जित हुई। इसके अतिरिक्त उन्होंने इसी ग्रीन हाउस में खीरे भी लगाए, जो उन्होंने 20 रुपए प्रति किलो बेचे, जिससे उन्हें 2 लाख की आय हुई। आशीष ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा उद्यान विभाग के माध्यम से चलाई जा रही पुष्प क्रांति योजना के तहत भी उन्होंने आवेदन किया है, जिस पर उन्हें 30 हजार रुपए का उपदान मिलना है। उन्होंने अपने खेत में 500 पौधे लवेंडर प्रजाति के रोपित किए, जिसकी स्टीक तथा तेल की बाजार में बहुत मांग है।**



### एक साल में 30 टन मशरूम उत्पादित कर कमाए 30 लाख

**आशीष** को वर्ष उद्यान विभाग द्वारा उन्हें वर्ष 2024 में खुम्ब विकास योजना के तहत शेड निर्माण, वातानुकूलित कक्ष तथा कम्पोस्ट खाद खरीद के लिए 8 लाख रुपए का अनुदान मिला, जिससे उन्होंने लगभग एक साल के भीतर 30 टन मशरूम उत्पादित कर 30 लाख रुपए आय अर्जित की। इसी प्रकार उन्हें 1200 वर्ग फीट के कोल्ड स्टोर के निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार तथा एक बोरवेल स्थापित करने के लिए 1 लाख 3 हजार का उपदान भी स्वीकृत किया है। इसके अतिरिक्त उन्हें कृषि विभाग द्वारा 3 लाख लीटर की क्षमता वाला जल भंडारण टैंक निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की राशि अनुदान के रूप में मिली है, जिससे वह कृषि तथा बागवानी व्यवसाय का कार्य कर रहे हैं।

### सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर बेरोजगारों के लिए बने प्रेरणास्रोत

**आशीष गौतम ने बताया कि कृषि, बागवानी, मशरूम उत्पादन, मत्स्य, मुर्गी तथा मधुमक्खी पालन उनका शौक है। इन व्यवसायों से उनकी लगभग 5 करोड़ रुपए की वार्षिक आय अर्जित हो रही है। इन व्यवसायों में कार्य करने के लिए उन्होंने 10 से 12 मजदूर रखे हैं, जिन्हें वह 16 से 18 हजार रुपए प्रतिमाह मजदूरी देते है। आशीष ने बताया कि उन्हें पशुपालन विभाग से मुर्गी पालन के व्यवसाय हेतु 10 रुपए प्रति चूजे के हिसाब से 50 चूजे वर्ष 2024 में मिले, जिसके तहत उन्होंने लगभग 30 हजार रुपए के अंडे तथा 20 हजार रुपए के मुर्गे बेचे। मुर्गे का वेस्ट वह मत्स्य पालन में उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कोरोना काल के दौरान मत्स्य पालन हेतु एक टैंक 1.50 लाख लीटर तथा एक 60 हजार लीटर का जल स्टोरेज टैंक का निर्माण किया, जिसके लिए उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा 5 हजार मत्स्य बीज 1 रुपए प्रति बीज उपलब्ध कराया गया, जिससे गत जून-जुलाई माह में एक टन मछली का उत्पादन हुआ जिससे लगभग एक लाख रुपए की आय हुई। 2023 में प्रदेश सरकार द्वारा 48 मधुमक्खी बॉक्स पर 1 लाख 36 हजार रुपए का अनुदान मिला, जिसके तहत वर्ष 2024 में उन्होंने 1.50 टन शहद का उत्पादन कर 5 लाख रुपए की आय अर्जित की, जिसे उन्होंने क्वागधार स्थित शी-हाट तथा ऑनलाइन विक्रय किया।**

### सेब और कीवी से भी हो रही लाखों की आमदनी

आशीष गौतम ने बताया कि उनके बगीचे में सेब के गाला प्रजाति के जेरोमाइन तथा स्कारलेट-2 के 2500 पौधे फलदायक हैं। गत वर्ष उनके बगीचे से 200 पेटी सेब से 4 लाख की आय हुई, जिसे परवाणू मंडी में बेचा। इस बगीचे के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें एंटी हेलनेट लगाने के लिए 36 हजार रुपए का अनुदान भी दिया गया। उनकी 5 हजार सेब के पौधों की नर्सरी है, जिसे वह प्रतिवर्ष तैयार करते हैं। वह सेब के एक पौधे को 300 रुपए में बेचते हैं, जिससे उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 15 लाख की आय होती है। वह बताते है कि उनका 400 पौधे का कीवी का बगीचा भी है, जिसमें औसतन एक पौधे से 60 किलो फल मिलता है तथा इस वर्ष उनके कीवी के बगीचे से 20 टन कीवी का उत्पादन हुआ जिससे उन्हें लगभग 19 लाख रुपये की आय हुई। उन्हें कीवी प्रोत्साहन योजना के तहत कीवी का बगीचा लगाने के लिए 5 लाख 50 हजार का उपदान भी मिला है।

## न्यूज ब्रीफ

### उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने सीएम को भेंट किए प्राकृतिक खेती के उत्पाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज यहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को प्राकृतिक खेती से पैदा गए उत्पाद भेंट किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य में अनेक योजनाएं आरंभ की हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से पैदा किए गए उत्पादों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही है, ताकि किसान इस खेती को अपनाने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित मक्की का न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 रूपए प्रति किलोग्राम तथा गेहूं को 60 रुपए प्रति किलोग्राम किया है।



### 30 और 31 को भी खुला रहेगा डरोह बिजली घर

**अनंत ज्ञान, डरोह।** बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु 30 व 31 मार्च को विद्युत उपमंडल डरोह में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 3 बजे तक कैश काउंटर खुला रहेगा, ताकि छुट्टी वाले दिनों में बिल भुगतान संबंधी कार्य में उपभोक्ताओं को किसी तरह की असुविधा न हो। यह जानकारी विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता सुभाष कुमार ने दी है।

### नगर निगम पहली से लगाएगा सहायता शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम क्षेत्र में पालतू कुत्तों के सीटिजन सेवा पोर्टल में ऑनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम द्वारा एक अप्रैल से 3 अप्रैल तक सहायता शिविर आयोजित किए जाएंगे इसमें एक अप्रैल को कचहरी अड्डी, दो अप्रैल को दलाईलामा टेंपल रोड मैक्लोडगंज तथा तीन अप्रैल को सामुदायिक भवन धर्मशाला में सहायता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त अधिक जानकारी के लिए व्हाट्सऐप नंबर 918333669 पर संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी संयुक्त आयुक्त जितेंद्र कुमार ने दी।

### श्री हनुमान मंदिर में कल होगी प्राण प्रतिष्ठा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** मोक्ष धाम सुधार सभा पुराना कांगड़ा द्वारा बाणगंगा क्षेत्र मोक्ष धाम परिसर में श्री हनुमान मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान विशाल भंडारा भी लगाया जाएगा ।जानकारी देते हुए मोक्ष धाम सुधार सभा के अध्यक्ष अशोक तिवारी ने बताया कि मोक्ष धाम पुराना कांगड़ा परिसर में हनुमान मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम रविवार 30 मार्च को किया जाएगा। वहीं मूर्ति स्थापना के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। इसमें आप सभी आमंत्रित हैं। उन्होंने बताया कि इस मूर्ति की स्थापना तुलसीराम मालकड़ परिवार द्वारा किया जा रहा है।

### संगम राणा बने मजदूर संघ के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जिला कांगडा के संसारपुर टैरस में भारतीय मजदूर संघ की बैठक स्थानीय विश्राम गृह में प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें औद्योगिक क्षेत्र संसारपुर टैरस मजदूर संघ इकाई का गठन किया गया है। भामस के प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि संगम राणा को औद्योगिक क्षेत्र संसारपुर टैरस मजदूर संघ इकाई का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि इकाई प्रभारी बलवान ठाकुर को बनाया गया है। इकाई का विस्तार करते हुए सतीश कुमार व अंजना कुमारी को इकाई उपाध्यक्ष, सागर सिंह को महासचिव, सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष मोनिका, प्रेस सचिव अक्षय, मुख्यसलाहकार नरेश कुमार व कार्याकारणी सदस्य सोमराज, जगदेव राणा, राजेंद्र सिंह आदि को बनाया गया है।

# जिम ट्रेनर हत्या मामले में 4 गिरफ्तार

## मैक्लोडगंज से किए काबू; दो देसी पिस्तौल, 10 जिंदा राउंड और मैगजीन बरामद

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा पुलिस ने पंजाब के मोहाली के साथ लगते खरड़ में बहुचर्चित जिम ट्रेनर हत्याकांड में शामिल हरप्रीत हप्पो गैंग के चार आरोपितों को मैक्लोडगंज से गिरफ्तार किया गया है। मैक्लोडगंज की टीम ने पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में इस कार्रवाई को अंजाम दिया जिसमें उन्होंने इन आरोपियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में इन चारों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने उक्त आरोपितों से दो देसी पिस्तौल, 10 जिंदा राउंड और मैगजीन भी बरामद किए हैं। मैक्लोडगंज पुलिस ने उन्हें पंजाब पुलिस को सौंप दिया है। एसएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि इन चारों को एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स, पंजाब पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

**पंजाब के खरड़ में हुई थी जिम ट्रेनर की हत्या**



पत्रकार वार्ता में मामले बारे जानकारी देतीं एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री।

एसएसपी अग्निहोत्री ने शुक्रवार को धर्मशाला में पत्रकारों को बताया कि पंजाब पुलिस की गुप्त सूचना पर, उन्हें मैक्लोडगंज से पुलिस ने गिरफ्तार किया। उनके पास से दो देसी पिस्तौल, 10 जिंदा राउंड और दो मैगजीन जब्त की गई हैं। उन्हें एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स, पंजाब पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है और आगे की जांच जारी है।



आरोपियों से बरामद किए दो देसी पिस्तौल, 10 जिंदा राउंड और मैगजीन।

प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उन्हें उनके विदेशी गिरोह के आकाओं द्वारा पंजाब में लक्षित हत्या करने का काम सौंपा गया था। एसएसपी ने बताया कि उक्त अपराधियों का जिला कांगड़ा में स्थानीय लिंक और कनेक्शन तो नही था इसका भी पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देसी अवैध हथियारों की जब्ती और जघन्य अपराधों की रोकथाम सुनिश्चित करने के कांगड़ा पुलिस के प्रयास परिणाम दिखा रहे हैं और हम हर तरह से जिले को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### यह है पूरा मामला

**इस** साल 31 जनवरी को पंजाब के खरड़ में एक जिम ट्रेनर गुरप्रीत सिंह की हत्या कर आरोपी फरार हो गए थे। ये चारों एक फरवरी, 2025 को पुलिस स्टेशन सिटी खरड़, एसएएस नगर, पंजाब में दर्ज एक हत्या के मामले में वांछित थे। हत्या के दौरान इस्तेमाल की गई गाड़ी और अपराध स्थल से भागने के लिए इस्तेमाल की गई गाड़ी भी धर्मशाला में पुलिस ने बरामद किया है।

# बाइक की टक्कर से हुई मौत पर दोषी को एक वर्ष कारावास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाने पर हुई एक महिला की मौत पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-1 जयसिंहपुर निकिता ताहिम ने शुक्रवार को दोषी को विभिन्न धाराओं में एक साल की साधारण कैद की सजा व 500 रुपए जुर्मादा अदा करने को कहा है। सहायक लोक अभियोजक रविंद्र ने बताया कि 28 नबंवर 2015 को शिकायतकर्ता सुमित ठाकुर मोटरसाइकिल से निजी कार्य से पालमपुर गया था। वापस आते समय त्रेहला पर उसने अपनी मोटरसाइकिल जो तेजी व लापरवाही से चला रहा था गलत दिशा में स्कूटी एचपी553-1969 को टक्कर मार दी, जिसे हितेश वालिया चला रहा था। दुर्घटना में हितेश वालिया तथा पीछे बैठी सिखा वलीला की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने इस मामले पर 28 अक्तूबर 2015 को आरोपी अजय कुमार निवासी वीपीओ धुपक्यारा, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा के खिलाफ पुलिस थाना लंबागांव में मामला दर्ज किया गया। आरोपी को धारा 338 के तहत अपराध करने के लिए एक वर्ष की साधारण कैद, 500 व 1000 रुपए का जुर्माना, जुर्माना अदा न करने पर धारा 304-ए आईपीसी के तहत अपराध करने पर 30 दिन की कैद, धारा 279, 337,338, 304ए आईपीसी के 3 महीने की कैद साथ ही दोषी को 5000 रुपए का जुर्माना भी अदा करने के लिए उत्तरदायी ठहराया गया है। इसके अतिरिक्त 1000 रुपए का जुर्माना और जुर्माना न चुकाने पर 30 दिन की अवधि के लिए साधारण कारावास की सजा सुनाई है। धारा 279 के 3 महीने की अवधि के लिए साधारण कारावास और साथ ही दोषी को 500 रुपए का जुर्माना और जुर्माना न चुकाने पर 30 दिन की अवधि के लिए साधारण कारावास, धारा 337 के तहत अपराध करने के लिए 6 महीने के लिए साधारण कारावास और 1000 रुपए का जुर्माना और जुर्माना न चुकाने पर 30 दिन के लिए साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

### उपमुख्यमंत्री के बयान से निजी बस ऑपरेटर यूनियन नाराज

**अनंत ज्ञान, देहरा।** जिला कांगड़ा निजी बस ऑपरेटर यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष हैप्पी अवस्थी की अध्यक्षता में कांगड़ा में संपन्न हुई। इस बैठक में जिला कांगड़ा के लगभग सभी निजी बस ऑपरेटरों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में नगरोटा बगवां के विधायक एवं कैबिनेट रैंक द्वारा पूछे गए प्रश्न के प्रति उत्तर में उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा विधानसभा में दिए गए वक्तव्य पर गहरी चिंता प्रकट की, जिसमें उपमुख्यमंत्री द्वारा सदन में कहा गया है कि जो निजी बस ऑपरेटर रविवार को अपनी बसों का संचालन नहीं करते हैं, उन पर विभागीय कार्रवाई व रूट परमिट रद्द किए जाएंगे। इस पर निजी बस ऑपरेटर का मत है कि वे अपनी बच्चों को मरम्मत हेतु छुट्टी वाले दिन बसें खड़ी करते हैं, क्योंकि पहाड़ी राज्य के कारण बसों की निरंतर मरम्मत करवानी पड़ती है और इसके लिए सरकार ने पहले ही 32 दिन बसों की मरम्मत के लिए अधिकृत रखे हैं, जो कि कम हैं। जिला कांगड़ा में मात्र ऐसी दो या तीन वर्कशॉप ही हैं, जिसकी वजह से कई बार स्पेयर पार्ट न होने की वजह से मरम्मत के लिए 4 से 5 दिन भी लग जाते हैं। बैठक में प्रस्ताव पारित कर प्रदेश सरकार से मांग की गई है कि छुट्टी के दिन मरम्मत हेतु बसें खड़ी करने पर ऑपरेटर्स पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई न की जाए।

# आयुष मंत्री ने किया सलियाना मेले का आगाज

## तहसील कार्यालय पंचरुखी से मेला ग्राउंड तक निकाली जलेब में सैकड़ों लोग हुए शामिल

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

राज्य स्तरीय ऐतिहासिक छींज मेला सलियाना शुक्रवार से शुरू हो गया। मेले का शुभारंभ आयुष खेल युवा सेवाएं एवं कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने किया। तहसील कार्यालय पंचरुखी के प्रांगण से मेला ग्राउंड तक भव्य जलेब निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। पहली बार मेला ग्राउंड का टेंडर किया है जो मेला ग्राउंड 30 मार्च तक भरता था इस बार मेला शुरू होने से पहले ही नवे प्रतिशत दुकानदारों ने दुकानें लगा दी है। मेले की देखरेख मेला अध्यक्ष एसडीएम पालमपुर की अध्यक्षता में स्थानीय प्रशासन कर रहा है। 2 अप्रैल तक लगने वाले इस



मेले में तीन सांस्कृतिक संध्याएं करवाई जाएगी। 30 मार्च को प्रथम सांस्कृतिक संध्या में ममता भारद्वाज, सुनील मस्ति व राखी गौतम मुख्य कलाकार होंगी। दूसरी सांस्कृतिक संध्या हिमाचली कलाकारों के नाम रहेगी, जिसमें गौरव कौंडल, इशांत भारद्वाज व काकू राम ठाकुर दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। तीसरी संध्या पंजाबी गायक कुलविंदर बिल्ला व ए सी भारद्वाज मुख्य कलाकार होंगे। मेले में निकाली गई भव्य जलेब में एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती, डीएसपी पालमपुर लोकेंद्र नेगी, नायब तहसीलदार पंचरुखी पवन दीप, बीडीओ लंबागांव सिकंदर, पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत ढडवाल, प्रधान ग्राम पंचायत लदोह अनीता कुमारी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। गोमा ने इलाका वासियों को ऐतिहासिक छिंज मेले के आयोजन के बधाई दी और कहा कि सलियाना छिंज मेला प्राचीन समय से आयोजित होने वाला उत्सव है। उन्होंने कहा कि सलियाना छिंज का अपना विशेष महत्व है और इसकी गरिमा एवं प्रतिष्ठा को और अधिक बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेले में सभी की सहभागिता को सुनिश्चित हो इसके लिए दिशा-निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि उत्सव और त्योहार सारे समाज के होते हैं और सभी के सहयोग एवं सहभागिता जरूरी रहती है। मंत्री ने 30 लाख की लागत से बने भव्य कला मंच का लोकार्पण भी किया।

### हैप्पी बर्थडे



ठारू के बंटू कुमार को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### आपदा प्रबंधन पर चार अप्रैल को निकाला जाएगा मार्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में 4 अप्रैल 1905 को आए भयावह भूकंप की स्मृति में जिला प्रशासन द्वारा मार्च, श्रद्धांजलि सभा सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मार्च की तैयारियों के लिए एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। एसडीएम ने बताया कि 4 अप्रैल को कांगड़ा भूकंप के 120 वर्ष पूरे हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि उस दुर्भाग्यपूर्ण घड़ी में विपत्ति-ग्रस्त लोगों की याद में सुबह 10:30 बजे डीसी ऑफिस से पुलिस ग्राउंड तक मार्च निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान आपदा का शिकार हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। बकौल एसडीएम, कांगड़ा भूकंप की स्मृति में स्कूली बच्चों के लिए भाषण और नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन इस दौरान किया जाएगा। लोगों को जागरूक करने के लिए लोक कलाकारों द्वारा आपदा प्रबंधन को लेकर एक नाटक का मंचन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 1905 में भूकंप के दौरान 20 हजार के करीब लोगों ने जान गंवाई थी, जबकि एक लाख से भी ज्यादा भवन क्षतिग्रस्त हुए थे।

# इंदौरा में महिलाओं ने नशे के विरुद्ध भरी हुंकार

## हमसफर सोसायटी के बैनर तले इकट्ठा हुईं 300 से अधिक महिलाएं

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

इंदौरा व नूरपुर में नशे के विरुद्ध अब महिला शक्ति भी आगे आई है। इंदौरा में हमसफर सोसायटी के बैनर तले 'नशे को मिटाना है तो महिला को आगे आना है' शीर्षक से रखे गए एक कार्यक्रम में नशे के विरुद्ध 300 से अधिक महिलाओं ने संकल्प लिया। हमसफर सोसायटी की अध्यक्ष कमलेश शर्मा की अध्यक्षता में रखे गए उक्त कार्यक्रम के पहले सत्र में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. वरुण शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। वहीं, डॉ. वरुण शर्मा ने नशे के विभिन्न प्रकारों व उसके स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावों पर उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया। हमसफर सोसायटी द्वारा उन्हें पारंपरिक हिमाचली टोपी, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं दूसरे सत्र के समापन कार्यक्रम में एसपी नूरपुर अशोक रत्न मुख्यातिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उनके साथ डीएसपी. विशाल वर्मा विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। लोधवां के निजि पैलेस में रखे गए कार्यक्रम में पहुंचने पर हमसफर सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष सलामुदीन, पूर्व अध्यक्ष सुमन कौशल, उपाध्यक्ष अजीज अहमद सहित अन्य ने पुष्प वर्षा कर पुष्पमालाओं सके साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान एसपी. अशोक रत्न ने कहा कि हमसफर सोसायटी हर वर्ष थीम आधारित कार्यक्रम करती है और इस बार महिलाओं को नशे के विरुद्ध आगे आने के संकल्प का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने बताया कि किस तरह एक महिला इस बात का पता आसानी से लगा सकती है कि उसका बेटा नशा कर रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है, लेकिन जब समाज का और खासकर महिलाओं का साथ पुलिस को नशे को मिटाने के लिए मिलेगा तो पुलिस नयी ऊर्जा और प्रेरणा से काम करेगी। हमसफर सोसायटी द्वारा मुख्यातिथि को पारंपरिक हिमाचली टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### इन्हें किया सम्मानित

**हमसफर** सोसायटी द्वारा इस बार भी विभिन्न सामाजिक व सरकारी क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले समाजसेवियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसमें पुलिस विभाग से पुलिस थाना प्रभारी इंदौरा आशीष पठानिया, पुलिस चौकी प्रभारी रे विकासदीप, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. वरुण शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घेटा सुनीता कुमारी, वन खंड अधिकारी रविंद्र सिंह, मूक बधिर बच्चों के लिए निशुल्क स्कूल संचालक अनिल कुमार शर्मा, सफाई कर्मचारी विक्की मसीह, नशे से ग्रस्त युवाओं को बचाने व निरीह जानवरों की सेवा के लिए धर्मशाला से मनजीत गुलेरिया, साहित्य लेखन में शंकर सान्याल व शिवराज सान्याल, विद्यार्थियों की वर्दी, नोट बुक सहित अन्य आर्थिक सहायता के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला भदरोया की अध्यापिका सुदेश कुमारी, पटवार सर्कल चरौड़ से पटवारी नवनीत सिंह को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया, जबकि पटवारी रामपाल चनौर अपने निजि कारणों से कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाए।

# विशाखा चौधरी के इलाज के लिए जवान ने दिए 10 हजार



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

डाढ पंचायत की विशाखा चौधरी की दोनों किडनियां फेल समाचार को पढ़कर भारतीय सेना के वीर जवान ने इंसाफ संस्था के माध्यम से 10 हजार रुपए भेज कर प्रभावित परिवार की मदद की है। यह जानकारी देते हुए समाज सेवा में समर्पित इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने बताया कि इस वीर जवान ने अपना नाम प्रकाशित न करने की बात करते हुए पूर्व विधायक के खाते में 10 हजार रुपए गूगल पे करके विशाखा चौधरी के पिता तक पहुंचाने का आग्रह किया। इसी के साथ इस बीर सैनिक ने पूर्व विधायक से कहा कि जिस तरह समाज सेवा में समर्पित इंसाफ संस्था वन विभाग के सहयोग से विंद्रावन में कैप्टन विक्रम बत्रा, डाढ में मेजर सोम नाथ, लाहला में इसी क्षेत्र से तीन शहीदों के नाम की त्रिमूर्ति शहीद वन वाटिकाएं अर्थात स्मारक बनाने जा रही हैं, जहां मातभूमि की रक्षा करते करते इन बीर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान, शहादत व कुर्बानी की गाथाएं प्रदर्शित करने का संस्था का निर्णय काबिले तारीफ है। लाहला में प्रस्तावित त्रिमूर्ति वन वाटिका में साथ लगते इलाके के कारगिल युद्ध में शहीद हुए राकेश कपूर की वीरगाथा को भी प्रदर्शित करने का आग्रह किया।

**इंसाफ संस्था के अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने दी जानकारी**

### धर्मशाला में स्थापित नहीं होगी हाईकोर्ट की बेंच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश सरकार का धर्मशाला में प्रदेश हाईकोर्ट की बेंच स्थापित करने का फिलहाल कोई विचार नहीं है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक अधिकरण स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है। इसकी औपचारिकताएं पूरी होने और भारत सरकार द्वारा मंजूरी मिलने के बाद ही अधिकरण को शुरू किया जाएगा। धर्मशाला बार एसोसिएशन द्वारा बार-बार सरकार से धर्मशाला में उच्च न्यायालय की सर्किट बैंच खोले जाने की मांग की जाती रही है। धर्मशाला में इसकी मांग बहुत लंबे समय से उठ रही है।

### घर-घर से उठाया जाएगा सूखा कचरा

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में अब घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था लागू की जा रही है। यह कदम विकास खंड धर्मशाला में सफलतापूर्वक अपनाए गए मॉडल के आधार पर उठाया गया है। जिला प्रशासन ने सभी पंचायतों को 31 मार्च तक डोर-टू-डोर कलेक्शन योजना को शुरू करने के निर्देश दिए हैं। जो सप्ताह में एक दिन घर-घर जाकर सूखा कचरा एकत्रित कर उसका निष्पादन सुनिश्चित करेगी। अगर पंचायतें व्यवस्था को शुरू नहीं करती हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसी कड़ी मे अब धर्मशाला के बाद अब नूरपुर में भी सभी ग्राम पंचायतों में अब घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था लागू की जा रही है। विकास खंड अधिकारी नूरपुर ने बताया की सभी पंचायतों को 31 मार्च तक डोर-टू-डोर कलेक्शन योजना को शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### शिक्षकों की क्षमता निर्माण कार्यशाला संपन्न

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** शिक्षा खंड खुंडियां व रक्कड़ खंड के अध्यापकों की पांच दिवसीय प्री प्राइमरी क्षमता निर्माण कार्यशाला संपन्न हो गई। इस कार्यशाला में खुंडियां शिक्षा खंड के 65 अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी सुरजन सिंह ने किया। इसमें राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से, शिव कुमार शर्मा, दीपक शर्मा, बिशन दास, पूर्व महासचिव मनोहर लाल गांधी,भीम सिंह राणा, अंकज डोगरा, संजीव कुमार, राजेंद्र कुमार, विजय कुमार, सुरजीत कुमार, देशराज, आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षा खंड खुंडियां के अध्यक्ष भीम सिंह राणा तथा समस्त अध्यापकों ने सरकार से मांग की है कि प्री प्राइमरी कक्षाओं की संख्या को प्राइमरी कक्षाओं में गिना जाए।

### बहुतकनीकी संस्थान के 67 प्रशिक्षुओं का कृष्णा मारुति लिमिटेड में चयन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बहुतकनीकी संस्थान कांगड़ा प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलवाने में आए दिन सुर्खियां बटोर रहा है। देश प्रदेश की नामी कंपनियां संस्थान का रुख कर रही हैं। शुक्रवार को कृष्णा मारुति लिमिटेड हरियाणा ने यहां इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 67 प्रशिक्षुओं का चयन किया। हाल ही में संस्थान के 50 प्रशिक्षुओं का विंड वर्ल्ड लिमिटेड, आईडीएमसी गुजरात, पीसॉफ्ट, मारुति सुजुकी में चयन हुआ है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर जगदीप सिंह,सुधीर धीमान,निशांत कौशल और मनीष कुमार ने बताया कि अप्रैल और मई महीने में देश प्रदेश की नामी कंपनियां प्रशिक्षुओं का चयन करने संस्थान आएंगी। इसके साथ ही प्रदेश के अन्य बहुतकनीकी संस्थानों में आने वाली नामी कंपनियों में भी प्रशिक्षुओं को इंटरव्यू के लिए भेजा जा रहा है। प्रबंधन का कहना है कि प्रशिक्षुओं के लिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यकारी प्राचार्य नरेश कुमार स्पहिया ने चयनित प्रशिक्षुओं, परिजनों, अधिकारियों को बधाई दी तथा कंपनी की ओर से आए अधिकारियों का धन्यवाद किया।

**मुद्दा** पवन काजल ने सदन में उठाया कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं का मुद्दा

# 60 करोड़ की परियोजनाएं, फिर भी पीने को पानी नहीं

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा विधान सभा के विधायक पवन काजल ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि सदन में नियम 62 के तहत कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की दयनीय स्थिति पर चर्चा की गई। काजल ने कहा, 'कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 60 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य शुरू है, लेकिन हैरानी इस बात की कि योजनाओं पर पैसा खर्च होने के बावजूद जनता को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पाया है, जबकि शाहपुर मंडल के अधिशाषी अभियंता ने चहेतों को कथित तौर पर लाभ पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपए के टेंडर और वर्क आर्डर आवंटित कर दिए हैं। इनमें लगभग 50 लाख के वर्क, सप्लाई ऑर्डर एक आशा वर्कर और एक करोड़ के सप्लाई ऑर्डर उसके पति के नाम भी जारी किए गए हैं, जो की जांच का विषय है।' काजल ने कहा कि घुरकड़ी पेयजल योजना के विस्तार पर 10 करोड़ 66 लाख, चंगर क्षेत्र की वोहड़ क्वालू ओर साथ लगते गांव के लिए 19 करोड़, गगल सहोड़ा, तियारा, बेदी पेयजल योजना पर 21 करोड रुपए खर्च किए जा रहे है। लेकिन धरातल पर काम कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। शुरू होने से पहले इनकी मरम्मत पर लाखों खर्च कर दिए गए।



**शाहपुर के अधिशाषी अभियंता पर लगाए गंभीर आरोप**

उन्होंने कहा कि वह किसी के सगे नहीं है सिस्टम के साथ ही चलेंगे जो सिस्टम को दरकिनार करेगा उसको खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जनता की सेवा उनकी प्राथमिकता है। इस पर सदन में जल शक्ति मंत्री उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा प्रदेश में कुछ एक्सईएन ने अराजकता फैलाई है, जिसमें शाहपुर के एक्सईएन भी शामिल हैं। प्राथमिक जांच में पाया गया कि ये जहां नौकरी करते है ठेकेदार भी अपने साथ लेकर चलते हैं। शाहपुर मंडल में भी अधिकतर कार्य नूरपुर के ठेकेदारों को बांटकर अराजकता फैलाई है। ये सही नहीं है।

जल शक्ति विभाग की शाहपुर मंडल के अधिशासी अभियंता के विरुद्ध जांच के आदेश प्रदेश के जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विधानसभा में जारी किए हैं। अधिशासी अभियंता पर आरोप है कि 1332 टेंडर में महज दस टेंडर ही ऑनलाइन और 1322 टेंडर ऑफलाइन लगाकर जहां चाहेतों को लाभ पहुंचाया गया, वहीं सरकारी राजस्व को चूना लगाया गया है। इसकी जांच होगी जांच का जिमा उतरी क्षेत्र के चीफ इंजीनियर स्थित धर्मशाला को सोपा गया है। अग्निहोत्री ने सदन में आशवस्त किया कि कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में नाबार्ड द्वारा निर्माणाधीन नौ पेयजल योजनाओं का 48 करोड़ रुपए में 30 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। पैसा नाबार्ड कि किटी में बैलेंस है सभी योजनाओं को पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा शाहपुर मंडल दो विधानसभा कांगड़ा और शाहपुर को चलाता है। शीघ्र ही कांगड़ा में जल शक्ति मंडल कार्यालय विधायक काजल की मांग पर शुरू कर दिया जाएगा, ताकि विकास को गति मिले।

### गोलीकांड के आरोपियों का पुलिस रिमांड बढ़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हमले के मामले में गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों का पुलिस रिमांड बढ़ा दिया गया है। गत 25 मार्च को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए सौरभ पटियाल उर्फ फांदी निवासी नसवाल-घुमारवीं और कुलदीप उर्फ शिशु निवासी चल्याणा, जिला रोहतक को शुक्रवार को दोबारा अदालत में पेश किया गया। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले, 26 मार्च को अदालत ने उन्हें तीन दिन के रिमांड पर भेजा था। पुलिस अब इस मामले में और तथ्य जुटाने के लिए जांच को आगे बढ़ाएगी। वहीं, एसपी बिलासपुर संदीप धवल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और इस हमले में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता के बारे में भी जानकारी एकत्र की जा रही है। रिमांड के दौरान पुलिस को इस साजिश से जुड़े नए सुराग मिलने की उम्मीद है।

## न्यूज ब्रीफ

### गायत्री स्कूल में कार्तिक हेड ब्वॉय और तमन्ना बनी हेड गर्ल



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** गायत्री पब्लिक स्कूल जांगला में एक महत्वपूर्ण का आयोजन हुआ, जिसमें नए हेड बॉय व हेड गर्ल को उनके पद की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर हाउस हेड, कल्चरल हेड व स्पोर्ट्स हेड को भी सम्मानित किया और उन्होंनें भी शपथ ली, जिसमें कार्तिक को हेड बाय व तमन्ना को हेड गर्ल चुना गया। इसके अलावा टाइम टेबल कम्पटीशन के परिणामों की घोषणा भी की। स्कूल के टॉप टेन छात्रों ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और उन्हें ईनाम व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। पहला स्थान आठवीं कक्षा की ताविशी, दूसरा स्थान छठी कक्षा की मानस व तीसरा स्थान नवीं कक्षा की वंशित ने प्राप्त किया। वहीं नौवीं कक्षा का परिणाम भी घोषित किया जिसमें पहले स्थान पर कार्तिक, दूसरे स्थान पर नैतिक व तीसरे स्थान पर तमन्ना रही। स्कूल के अध्यक्ष राकेश भोक्टू ने छात्रों को बधाई दी।

### सीटू ने हड़ताल की तैयारी को लेकर की बैठक



**अनंत ज्ञान, शिमला।** सीटू इंटक एटक एनजेडआईईए एजी कर्मचारी यूनियन की संयुक्त बैठक इंटक अध्यक्ष बाबा हरदीप सिंह की अध्यक्षता में सीटू कार्यालय शिमला में संपन्न हुई। बैठक में ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच हिमाचल प्रदेश के संयोजक डॉ. कश्मीर ठाकुर, इंटक अध्यक्ष बाबा हरदीप सिंह, एटक सचिव सतीश शर्मा, सीटू अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, उपाध्यक्ष जगत राम, एनजेडआईईए के मंडल अध्यक्ष सुभाष भट्ट, सचिव प्रदीप मिन्हास, ऑल इंडिया ऑडिट एंड अकाउंट्स यूनियन उपाध्यक्ष विरेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि केंद्र की मोदी सरकार की मजदूर, किसान, कर्मचारी व जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश में 20 मई को हड़ताल होगी। हड़ताल की तैयारियों के लिए 16 अप्रैल को कालीबाड़ी हॉल शिमला व 27 अप्रैल को औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में अधिवेशन होंगे।

### जलोग में विद्युत विभाग ने लोगों को किया जागरूक

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** विद्युत मंडल जलोग के तहत उपभोक्ताओं को जागरूक करने हेतु शुक्रवार को जलोग में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अधीक्षण अभियंता जे सी वर्मा ने उपस्थित प्रतिभागियों को बिजली की बजत, सुरक्षित उपयोग और संभावित दुर्घटनाओं से बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद सहायक अभियंता आजगदीश भारद्वाज ने आमजन को जागरूक करते हुए बताया कि बिजली की अनावश्यक खपत से न केवल उपभोक्ताओं का विल बढ़ता है, बल्कि यह पर्यावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है तथा बिजली का सदपयोग करना आवश्यक है। लोगो को एलईडी बल्बों का प्रयोग, विवालों के उपकरणों को आवश्यकता न होने पर बंद करने और सौर ऊर्जा द्वारा संचालित वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाने के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव की जानकारियां भी दी गई। इस कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों सहित स्कूलों के छात्रों और व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को आश्वासन दिया कि बिजली की गुणवता सुधारने और निर्वाध आपूर्ति प्रदान करने के लिए निरंतर कार्यरत रहेगें इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सके। (अनंत ज्ञान)

शिमला नागरिक सभा ने ढारों को तोड़ने के खिलाफ अतिरिक्त आयुक्त को सौंपा पत्र

# 3,300 ढारों को तोड़ा तो सड़क पर उतरेंगे

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

शिमला नागरिक सभा ने शहर के अंदर मौजूद ढारों को उजाड़ने (अस्थायी निर्माण) के संदर्भ में दिए जा रहे अनगिनत नोटिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और इस संदर्भ में नगर निगम शिमला के अतिरिक्त आयुक्त से मिलकर इस पर फौरन रोक लगाने की मांग की है हालांकि, अतिरिक्त आयुक्त ने गरीबों की सामाजिक सुरक्षा का पूर्ण भरोसा तो जरूर दिया है, मगर नागरिक सभा ने फिर भी चेताया है कि अगर गरीबों के करीब 3300 ढारों को गिराने की कोशिश की गई, तो नागरिक सभा नगर निगम शिमला की ऐसी किसी भी कार्रवाई के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी।

नागरिक सभा के सह संयोजक विजेंद्र मेहरा, फ़ालमा चौहान, बालक राम, विवेक कश्यप ने कहा है कि प्रदेश में वन विभाग द्वारा की जा रही बेदखली व तालाबंदी की तर्ज पर शिमला शहर में नगर निगम शिमला प्रशासन द्वारा गरीबों के ढारों को उजाड़ने की कोशिश की जा रही है। इस कड़ी में कुफ्टाधार में एक घर को तीन दिन पहले गिरा दिया गया है। इसी कड़ी में कुछ महीने पूर्व बालूगंज में ढारों को गिराने की कोशिश की गई।(अनंत ज्ञान)



### ढारों को गिराने के लिए जारी किए थे नोटिस

**कुछ** दिन पूर्व ही डाउनडेल में ढारों को गिराने के नोटिस व वारंट जारी किए गए थे, जो स्थानीय जनता के विरोध के कारण विफल हो गया। इन बयालीस ढारों को गिराने का अग्रिम नोटिस 8 अप्रैल का दिया गया है। इस तरह शिमला शहर के लगभग तीन हजार तीन सौ ढारों पर तोड़े जाने का खतरा मंडरा रहा है।

### शहर में गरीबों के ढारों को नियमित किया जाए

**लोगों** ने मांग की है कि शिमला शहर के हजारों गरीबों के ढारों को नियमित किया जाए। उनको तोड़ने के नोटिस वापिस लिए जाएं। शहर में भूमिहीनों को दो बिस्वा भूमि दी जाए। ढारों के नियमितीकरण के लिए प्रदेश सरकार ठोस नीति बनाए। प्रदेश सरकार ढारों में रह रहे गरीबों को राहत प्रदान करे।

## सरकार नशे के खिलाफ पूरी तरह सजग : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि युवाओं में बढ़ता नशा चिंता की बात है और इस नशे के खिलाफ सभी को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार इसके खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है। नशे की तस्करी व मादक पदार्थों के कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए प्रदेश सरकार ने अब एक सख्त कानून बनाया है और कांग्रेस सरकार इस अवैध नशे के खात्मे के प्रति पूरी तरह कृत संकल्प है।

प्रतिभा ने कहा है कि किसी को भी इस पर कोई भी राजनीति नही करनी चाहिए। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की बहुत ही आवश्यकता है और इसके लिये सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश पुलिस की तत्परता से इस पर काफी हद तक शिकंजा कसा गया है और इसके कारोवारियों की धड़पकड़ भी जारी है। प्रतिभा सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह इस जटिल समस्या पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा है कि युवाओं में बढ़ता नशा आज की समस्या नही है। मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त किसी भी दोषी को किसी भी कीमत पर बख्शा नही जाएगा।

# चार करोड़ से चकाचक होंगी रामपुर की सड़कें

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**

रामपुर उप मंडल के दूरदराज के ग्रामीण इलाकों के हजारों लोग बरसों से खस्ता हाल सड़कों पर सफर करने को मजबूर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी किसानों, बागवानों को सीजन के दौरान होती है। इन्हें हर साल अपनी नगदी फैसले मंडी तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अब सड़कों की दशा सुधारे से ग्रामीण इलाकों के हजारों लोगों को राहत मिलेगी। आगामी सेब सीजन में लोक निर्माण विभाग रामपुर उप मंडल की ग्रामीण सड़कों की हालत सुधरेगा रामपुर उप मंडल की ग्रामीण सड़कों की हालत में वर्षों से सुधार नहीं हो पाया है। रामपुर, ननखड़ी, दूरदराज के 15/20 क्षेत्र सहित अन्य सड़कों की हालत खस्ता हाल बनी हुई है।

गौर हो कि क्षेत्र के अधिकांश लोग कृषि और बागवानी पर निर्भर हैं। सेब उत्पादन लोगों की आर्थिक का यहां मुख्य जरिया है। ऐसे में खस्ता हाल सड़के हर वर्ष बागवानों की चिंता का मुख्य कारण बनी रहती हैं। बागवान ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें सुधारने की मांग लंबे समय से उठाते आए हैं। लेकिन सड़कों की स्थिति नहीं सुधर पाई है। इस वर्ष सेब सीजन से पहले लोक निर्माण विभाग रामपुर करीब चार करोड रुपए की लागत से ग्रामीण क्षेत्र की साथ सड़कों को दुरुस्त करेगा। विभाग उपमंडल की मद्रास-ब्रांडली, रामपुर-तकलेज, सुंगरी, गौरा-मस्नु ज्योरी-सराहन-बहाली, खयाओ-गानवी सड़कों को सेब सीजन से पहले चकाचक करने की घोषणा कर चुका है।(अनंत ज्ञान)

### सात सड़कें होंगी दुरुस्त

**इस** बजट से विभाग रामपुर मंडल की सात सड़कों को दुरुस्त करने का काम करेगा। इस सेब सीजन में बागवानों को अपनी फसल मंडी तक पहुंचने में परेशान नहीं झेलनी पड़ेगी। इस बारे एक टेंडर प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही सड़कों को सुधारने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### 4 करोड़ की मिली है स्वीकृति : नेगी

**इस** बारे जब लोक निर्माण विभाग रामपुर मंडल के अधिशासी अभियंता एसके नेगी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि स्टेट एमपी के तहत रामपुर को करीब 4 करोड रुपए की स्वीकृति मिली है।

## मेला समिति को आत्मनिर्भर बनाने में लोगों का ऐतिहासिक कदम : विजय

**दशमी रावत, रोहड़ू**

शिकडू देवता महाराज के आशीर्वाद से राज्य स्तरीय रोहड़ू मेला समिति एवं शिकडू देवता मंदिर समिति द्वारा आयोजित अंशदान संग्रह अभियान को जिस तरह से अभूतपूर्व समर्थन और सहयोग से सभी ने सफल बनाया है। उसके लिए सभी का राज्य स्तरीय मेला समिति के अध्यक्ष एसडीएम रोहडू विजय वर्धन सारस्वत ने हृदय से आभार व्यक्त किया हैं।

रोहड़ू व्यापार मंडल एवं स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों व समाजसेवियों ने जिस उदारता, सम्मान व समर्पण के साथ योगदान दिया है उसने मेला समिति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है।

उन्होंने बताया कि जो भी स्थानीय व्यापारी, दुकानदार या व्यवसायी अभी तक अपना योगदान नहीं दे पाए हैं और इस पुनीत कार्य में भागीदारी करना चाहते हैं। वे मेला समिति कार्यालय या संग्रहण समिति सदस्यों से संपर्क करें या ऑनलाइन क्यू आर कोड के माध्यम से अपनी स्वेच्छा से अंशदान कर सकते हैं। आपका दिया गया प्रत्येक रुपये पूर्ण पारदर्शिता के साथ केवल रोहड़ू की जनता के हित और मेले की सुव्यवस्था पर व्यय किया जाएगा! यही मेला समिति का नीतिगत संकल्प और प्रयास है।(अनंत ज्ञान)

## पुलिस भर्ती और कॉलेज परीक्षा ने बढ़ाई छात्रों की चिंता

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** एक अप्रैल से हो रही जिला शिमला की पुलिस भर्तियों ने चौपाल, नेरवा और कुपवी के कॉलेजों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं की चिंता बढ़ा दी है।

छात्रों का कहना है जिस दिन पुलिस भर्ती है उसी दिन कॉलेज की परीक्षा भी है जिससे एक ओर नौकरी पाने की चिंता और दूसरी और पूरे साल भर की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। एक वर्ष से अधिक के समय से छात्र पुलिस ग्राउंड टेस्ट की तैयारी भी कर रहे है, लेकिन एक साथ हो रही भर्ती और परीक्षाओं ने उनका मनोबल गिरा दिया है। छात्र इशिता, मुस्कान, कृतिका, अदिति आदि ने पुलिस विभाग से भर्तियों तिथि को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।

## भाजपा की रैली से सरकार का सिंहासन हिला : संदीपनी

**अनंत ज्ञान, शिमला**



भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा की सरकार के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान की आंखों में खोट आ गया है और उनको आंखों का इलाज कर लेना चाहिए। भाजपा को रैली सुपरहिट रही जिसने सरकार का सिंहासन हिला दिया।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश के समस्त नेतृत्व जयराम ठाकुर, राजीव बिंदल, श्रीकांत शर्मा एवं संजय टंडन के आह्वान पर शिमला में 10000 से अधिक की संख्या में कार्यकर्ता जुटे और चौड़ा मैदान में एक विशाल प्रदर्शन सरकार के खिलाफ किया गया। इस प्रदर्शन में माफियाराज के बारे में सरकार को खरिकोटि सुनाई गई और विमल नेगी की मृत्यु को लेकर सीबीआई जांच की भी मांग की गई, पर दोनों मुद्दों में लगता है कि सरकार बैक फुट पर है। इसीलिए उनके मीडिया सलाहकार बेतुकी एवं बिंदल सर पैर की बयानबाजी कर रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश के कोने-कोने से कल कार्यकर्ता चौड़ा मैदान में उपस्थित रहा और वहां पर पैर रखने की भी जगह नहीं थी, प्रशासन से लेकर सरकार कांप उठी थी।

## स्कूल एसो. ने सरकार के निर्णय का किया समर्थन

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल एसोसिएशन की जिला इकाई ने अध्यापकों के लिए डीसेंट या फॉर्मल ड्रेस चयन के निर्णय का समर्थन किया है।

एसो. के जिला अध्यक्ष अजय नेगी कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक, प्रेरणा स्रोत और विद्यार्थियों के लिए आदर्श होता है। एक शिक्षक का आचरण व्यवहार और पहनावा विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में डीसेंट या फॉर्मल ड्रेस का चयन एक सराहनीय कदम है जिसे सभी अध्यापक व्यक्तिगत स्तर पर अपनाने के लिए सहमत है। विभागीय आदेश की आड़ में शिक्षकों पर यूनिफॉर्म कोड थोपना अनुचित है ।

## कटवाल ने बजट में कटौती पर आड़े हाथ ली सरकार

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** बिलासपुर जिले के झंडूता विधानसभा हलके के विधायक जीतराम कटवाल ने पिछले साल की तुलना में वर्ष 2025-26 के बजट में कटौती की निंदा करते हुए प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में आधारभूत ढांचे के विकास पर कम ध्यान दिया है। इसमें ग्रामीण



इलाकों के लोगों को नजरअंदाज किया गया है। कुल मिलाकर यह बजट शिक्षण संस्थानों में कई कोर्सों की सेल्फ फाइनांसिंग स्कीम की तरह लग रहा है, जिसके तहत विकास कार्यों के लिए पैसे की व्यवस्था खुद करनी होगी। वित्त प्रबंधन सरकार का दायित्व है। इस दायित्व को सही ढंग से निभाने में सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है। विधानसभा में कटौती प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के 58514 करोड़ रुपये के बजट में से वेतन-भत्तों पर 45 फीसदी राशि खर्च होगी। इस लिहाज से 27-28 हजार करोड़ रुपये इसी पर खर्च हो जाएंगे। प्रदेश की 57 फीसदी आबादी गांवों में रहती है। बिजली-पानी की सुविधा सभी के लिए एक जैसी होती है, लेकिन सड़कों का महत्व अलग है। खेतीबाड़ी और अन्य छोटे-छोटे व्यवसायों से रोजी-रोटी कमाने वाले लोगों का जीवन स्तर सुधारने के लिए गांवों में बेहतर सड़क सुविधा बेहद जरूरी है, लेकिन लोक निर्माण विभाग के पिछले साल के लगभग 2700 करोड़ रुपये के बजट की तुलना में इस बार केवल 1522 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। लगभग 1200 करोड़ रुपये की इस कटौती से अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिए कितनी गंभीर है।

# घुमारवीं में शोभायात्रा के साथ होगी ग्रीष्मोत्सव की शुरुआत : एसडीएम

### शोभायात्रा में महिला मंडल, सांस्कृतिक दल और लोग लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले को लेकर उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि यह भव्य मेला 5 अप्रैल से शुरू होगा, जिसकी शुरुआत शिव मंदिर घुमारवीं से शोभायात्रा के साथ की जाएगी। इस शोभायात्रा में महिला मंडल, सांस्कृतिक दल और स्थानीय लोग भाग लेंगे और यह यात्रा मेला ग्राउंड तक पहुंचेगी। शोभायात्रा के बाद मेला ग्राउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें पारंपरिक लोक नृत्य, गायन प्रस्तुत किए जाएंगे।



मेले के आयोजन से एक दिन पूर्व 4 अप्रैल को पशु मेले का आयोजन किया जाएगा। इस पशु मेले में प्रदेशभर से पशुपालक भाग लेंगे और अपनी उत्तम नस्ल के पशुओं का प्रदर्शन करेंगे। पशु मेले के दौरान दुग्ध उत्पादन, नस्ल सुधार और पशुपालन से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर बेहतरीन नस्ल के पशुओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा, जिससे पशुपालकों को प्रोत्साहन मिलेगा और पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा। मेले के दौरान विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी विभागों द्वारा प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा, जिनके माध्यम से जनता को विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी मिलेगी। इसके अलावा, मेले में बेबी शो, बुजुर्ग शो और डॉग शो जैसी विशेष प्रतियोगिताएं भी होंगी, जिनमें बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भी कई रोमांचक खेल आयोजनों की योजना बनाई गई है। मेले के आकर्षणों में से एक संस्कृतिक संध्या होगी, जो 6 अप्रैल से 9 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। खासतौर पर 6 अप्रैल की संध्या को 'नशा मुक्ति' पर केंद्रित किया गया है, जिसमें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी। यह आयोजन युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेगा और समाज में सकारात्मक संदेश देगा। मेले में पारंपरिक खेलों को भी बढ़ावा दिया जाएगा और कुश्ती प्रतियोगिता इसका मुख्य आकर्षण होगी। खास बात यह है कि इस कुश्ती प्रतियोगिता में महिला पहलवान भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा और खेलों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहन मिलेगा।

उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी ने बताया कि यह मेला केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह संस्कृति, परंपरा और जागरूकता का संगम होगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से इस मेले में अधिक से अधिक भाग लेने और इसे सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की।

## बलघाड़ के ठप्पर गांव में पानी की भारी किल्लत

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत बलघाड़ के ठप्पर गांव में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। पहाड़ी पर बसे इस गांव के लोगों को पीने के पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार यहां जल संकट कोई नई समस्या नहीं है, लेकिन अब हालात और भी गंभीर हो गए हैं। स्थानीय निवासियों का



कहना है कि सरकारी पाइपलाइनों में पानी नहीं आता, जिससे उन्हें दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है। कई बार ग्रामीणों को निजी टैंकरों से महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ता है। सिर्फ पानी ही नहीं, बल्कि सड़क सुविधा की कमी भ गांववासियों की मुश्किलें बढ़ा रही है। गांव के कुछ घर अब भी सड़क संपर्क से वंचित हैं, जिससे बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को आवाजाही में परेशानी होती है। बारिश के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति को सुनिश्चित किया जाए और गांव को सड़क सुविधा से जोड़ा जाए। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि उन्होंने इस मुद्दे को संबंधित विभागों के सामने रखा है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। इस पर जल शक्ति विभाग झंडूता के सहायक अभियंता अमन ठाकुर ने बताया कि हम जल्दी ही स्पाट विजिट करेंगे और समस्या का हल निकालेंगे। अब देखना होगा कि प्रशासन कब इस समस्या पर ध्यान देता है और गांववासियों को कब राहत मिलती है।

## हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला के दो पूर्व विद्यार्थी बने असिस्टेंट इंजीनियर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गवर्नमेंट हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, बंदला, बिलासपुर के लिए यह गर्व का क्षण है कि 2017 बैच के दो पूर्व छात्र, अनमोल वर्मा और विशाली





ने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोगकी परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर जल शक्ति विभाग, हिमाचल प्रदेश में असिस्टेंट इंजीनियर (सिविल) के पद पर नियुक्ति प्राप्त की है। 25 से 27 मार्च 2025 के बीच आयोजित व्यक्तित्व परीक्षण (इंटरव्यू) के आधार पर कुल 14 उम्मीदवारों का चयन किया गया, जिसमें अनमोल वर्मा और विशाली का नाम शामिल है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु मोंगा और शिक्षकों ने दोनों छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि कॉलेज के अन्य छात्रों को भी मेहनत करने और प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि गवर्नमेंट हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, बांदला, बिलासपुर न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि अपने छात्रों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी करता है। अनमोल वर्मा और विशाली की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो यह दर्शाती है कि मेहनत और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### करंगोड़ा क्लस्टर में चलाया पौधरोपण अभियान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** एचपीशिवा परियोजना के तहत उद्यान विभाग जिला बिलासपुर द्वारा घुमारवीं के करंगोड़ा क्लस्टर में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास प्रबंधन, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राजेश धर्माणी ने कहा कि एचपीशिवा परियोजना हिमाचल प्रदेश के किसानों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो उन्हें पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर व्यावसायिक बागवानी की ओर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत मुसम्मी और अन्य फलों की खेती से किसानों की आमदनी में कई गुना वृद्धि होगी। इन फलों की बाजार में अधिक मांग होने के कारण किसानों को अच्छा मुनाफा मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि परियोजना के तहत किसानों को आधुनिक बागवानी तकनीकों, सिंचाई प्रणाली, कीट नियंत्रण और जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# कांग्रेस ने प्रदर्शन कर बंबर ठाकुर पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हमले के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के खिलाफ किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी और बंबर ठाकुर को कड़ी सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप ने कहा कि बंबर ठाकुर पर हमला करने वाले अपराधी अब भी खुले घूम रहे हैं, जिससे उनकी जान को खतरा बना हुआ है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि बंबर ठाकुर को तुरंत प्रभाव से कड़ी सुरक्षा दी जाए ताकि उनके राजनीतिक विरोधी भाजपा नेताओं के उकसावे में आकर दोबारा हमला न कर सकें। कमलेंद्र कश्यप ने आरोप लगाया कि भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल बार-बार बंबर ठाकुर की सुरक्षा हटाने की मांग कर रहे हैं और हमले को गैंगवार का नाम देकर उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को इस मामले की जांच में शामिल किया जाना चाहिए और त्रिलोक जम्वाल के फोन कॉल डिटेल की भी जांच होनी चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर हमलावरों को गिरफ्तार नहीं किया गया और बंबर ठाकुर या उनके परिवार के किसी भी सदस्य पर कोई हमला हुआ, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस विरोध प्रदर्शन में कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष थुमन ठाकुर, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश सह संयोजक हीरा पाल सिंह ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंदेल, नंद लाल वर्मा, दौलत राम शर्मा, देश राज ठाकुर और रामलाल भाटिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। बंबर ठाकुर पर हमले को लेकर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने आ गए हैं।

कांग्रेस ने जहां हमलावरों की गिरफ्तारी और सुरक्षा की मांग की है, वहीं भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल इस हमले को गैंगवार से जोड़ रहे हैं। इस घटनाक्रम से जिले की राजनीति गरमा गई है, और आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर और बड़ा विवाद खड़ा हो सकता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कांग्रेस की मांगों पर क्या कार्रवाई करता है और क्या बंबर ठाकुर को सुरक्षा प्रदान की जाती है या नहीं।

## सूबेदार मेजर सरबजीत चुने कार्यवाहक अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति बिलासपुर की बैठक रेस्ट हाउस बरठीं में आयोजित की गई। इस बैठक में समिति की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने पर नई कैप्टन धनीराम धीमान सचिव पूर्व कल्याण समिति की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति का नया कार्यवाहक अध्यक्ष सूबेदार मेजर सरबजीत को बनाया गया। इसमें सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताते हुए और सर्व सहमति से सूबेदार मेजर सरबजीत सिंह को भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति का अध्यक्ष चुना गया । इस मौके पर समिति के सदस्य कैप्टन योगेंद्र पाल सेना मेडल, नायब सूबेदार शिव सिंह भदोरिया, सूबेदार मेजर अनिल राणा, सूबेदार मेजर सुमित सिंह, सूबेदार मेंजर कुलवंत सिंह पटियाल, सूबेदार नानक चंद, कैप्टन रामानंद सागर कैप्टन सोहन सिंह मन्हास, कैप्टन अमरनाथ धीमान, नायब सूबेदार कुलवंत सिंह ढटवालिया, नायब सूबेदार राजकुमार, हवलदार जगन्नाथ, कैप्टन ओम प्रकाश, कैप्टन सुभाष चंद्र चंदेल, सूबेदार जोगिंदर सिंह चंदेल और भी बहुत सारे समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

**महोत्सव** कोटधार नलवाड़ मेला शुरू, मुख्यातिथि सर्वजीत सिंह ने की शोभायात्रा की अगुवाई, बोले-

# कोटधार नलवाड़ मेला हमारी सांस्कृतिक पहचान

**गोपाल कपिल, झंडूता**



झंडूता उपमंडल के कलोल क्षेत्र में लगदयो मंदिर में कोटधार नलवाड़ मेले का शुभारंभ वरिष्ठ अधिवक्ता और समाजसेवी सर्वजीत सिंह ने किया। उन्होंने बैल पूजन की रस्म निभाई और पारंपरिक शोभायात्रा की अगुवाई की। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। मेले के मुख्य अतिथि सर्वजीत सिंह, जो झंडूता क्षेत्र में न्यायप्रियता और समाजसेवा के लिए प्रसिद्ध हैं ने अपने संबोधन में कहा कि कोटधार नलवाड़ मेला हमारी संस्कृति की पहचान है।

यह आयोजन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ लोक संस्कृति को भी संरक्षित करता है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों, व्यापारियों और पशुपालकों को बढ़ावा देने की बात कही और मेले के आयोजकों की सराहना की। मेले की शुरुआत लग दयो मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद बैल पूजन किया गया, जिसमें पशुपालकों ने अपने सजे-संवरे बैलों की पूजा कर समृद्धि की कामना की।

पारंपरिक ढोल-नगाड़ों, रणसिंघा और शहनाई की गूंज के बीच शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस मौके पर जसवंत सिंह चंदेल, अमरनाथ धीमान, अनील सहित कई वरिष्ठ नागरिक और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने सर्वजीत सिंह के सामाजिक योगदान की सराहना की और उन्हें झंडूता क्षेत्र की प्रेरणास्रोत हस्ती बताया। लोग उनके साथ फोटो खिंचवाने और बातचीत करने के लिए उत्सुक नजर आए। आयोजकों ने कहा कि उनकी उपस्थिति ने मेले की गरिमा को और बढ़ाया है। मेले के आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी से इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बारिश से टूटे घर के लिए मिलेगा मुआवजा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला उपभोक्ता एवं विवाद निवारण आयोग ने अपने एक महत्वपूर्ण निर्णय में मंडी जिले के लिए उपमंडल सरकाघाट निवासी विनोद कुमार गांव हवाणी की शिकायत पर रिलायंस जनरल बीमा कंपनी को आदेश दिए कि वह शिकायतकर्ता को उसके बारिश में टूटे मकान की एवज में 34 लाख 59 हजार, 151 रुपए का मुआवजा उस दिन से अदा करे, जिस दिन उसने आयोग में अपनी शिकायत दर्ज की है। आयोग के अध्यक्ष पुरेंद्र वैद्य व सदस्य मांचली की पीठ ने इस फैसले में यह भी कहा कि बीमा कंपनी विनोद कुमार को 50 हजार रुपए विशेष मुआवजा भी अदा करे तथा 5 हजार रुपए मुकदमा खर्च अलग से दे।

### सेरी मंच पर 30 को होगा हवन-यज्ञ

**अनंत ज्ञान, मंडी।** धर्म संघ श्री भूतनाथ मंदिर मंडी की ओर से इस बार हिंदू नव वर्ष महोत्सव विक्रमी संवत 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का आयोजन 30 मार्च 2025 को ऐतिहासिक सेरी पंडाल में किया जा रहा है। धर्मसंघ श्री भूतनाथ मंदिर मंडी के प्रधान बीसी सरोच ने बताया कि 30 मार्च सुबह नौ बजे सेरी मंच पर श्री गणपति पूजन एवं स्थापना की जाएगी। साढ़े नौ बजे हवन यज्ञ प्रारंभ होगा। साढ़े दस बजे यज्ञ की पूर्णाहुति दी जाएगी। इसके अलावा 11 बजे दीप प्रज्ज्वलन, स्वास्ति वाचन, सरस्वती वंदना एवं वर्षफल पाठन, लोकगीत प्रस्तुति और शहनाई वादन के साथ-साथ मंडयाली गीता गायन गीता श्रेणी की महिलाओं द्वारा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय संस्था संगीत सदन की ओर से किया जाएगा। धर्मसंघ के वरिष्ठ उप प्रधान हरीश बहल ने बताया कि नव वर्ष संवत घर-घर में मनाने के बजाय समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के उददेश्य से सेरी मंच पर आयोजित किया जा रहा है।

### प्रथम चैत्र नवरात्र से खुलेंगे माता शिकारी देवी के कपाट

**नूतन प्रकाश ठाकुर, थुनाग।** एसडीएम थुनाग लक्ष्मण कनेट आज यहां बताया कि 30 मार्च रविवार को चैत्र प्रथम नवरात्रि से शिकारी माता मंदिर के कपाट पूर्ण रूप से श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए खोल दिए जाएंगे, ताकि सभी भक्तजन शिकारी माता का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें। एसडीएम ने कहा कि जो भी श्रद्धालु माता शिकारी परिसर में लंगर या भंडारा लगाना चाहते हैं, उन्हें माता शिकारी मंदिर कमेटी एवं एसडीएम कार्यालय से अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति या श्रद्धालु बिना अनुमति के लंगर या भंडारा लगाते हुए पकड़ा गया तो माता शिकारी कमेटी द्वारा उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### डॉ. पूजा बनीं पीयूएसएसजीआरसी होशियारपुर की अध्यक्ष

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर की बेटी डॉ. पूजा सूद को पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के कुलपति द्वारा पंजाब विश्वविद्यालय स्वर्ण जयंती स्नातकोत्तर क्षेत्रीय केंद्र, होशियारपुर (कानून अध्ययन विभाग) की अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति न केवल उनके व्यक्तिगत करियर की बड़ी उपलब्धि है, बल्कि जोगिंद्रनगर और हिमाचल प्रदेश के लिए भी गौरव का विषय है।

### एसपी साक्षी वर्मा ने नशे के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल तहसील की ग्राम पंचायत भड़ोल में नशा निवारण पर एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मंडी की पुलिस अधीक्षक (एसपी) साक्षी वर्मा ने की। बैठक में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता समूहों, गैर सरकारी संगठनों, महिला स्वयं सहायता समूहों और स्वास्थ्य विभाग के सदस्यों सहित करीब 250 लोगों ने भाग लिया। बैठक में डीएसपी पधर देवराज शर्मा, थाना प्रभारी जोगिंदरनगर सकीनी कपूर, तहसीलदार लडभड़ोल उर्मिला सुमन, ग्राम पंचायत भड़ोल की प्रधान मीनाक्षी देवी, उपप्रधान रणजीत चौहान, कांग्रेस नेता प्रेमनाथ, संतोष और एक्स मैन लीग के अध्यक्ष प्रवीण सहित कई उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने की उपमुख्यमंत्री से भेंट



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय विधि अध्ययन संस्थान अवा-लॉज परिसर, चौड़ा-मैदान, शिमला के विद्यार्थियों के एक समूह ने आज हिमाचल प्रदेश विधानसभा परिसर में उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से भेंट की।

### कर्मचारियों के वित्तीय लाभों को रोकना सही नहीं : विनोद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की इकाई हिमाचल प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रांत अध्यक्ष विनोद सूद एवं समस्त जिला एवं राज्य कार्यकारी के सदस्यों ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा महंगाई भत्ते की किस्त 15 मई से देने का स्वागत तो किया लेकिन जुलाई 2023 से देय 4 प्रतिशत किश्त की जगह 3 प्रतिशत किस्त की घोषणा करना हैरानी भरा है। यदि यह मात्र टाइपिंग की गलती है तो इसे सुधारा जाना चाहिए यदि सचमुच 3 प्रतिशत है तो यह कर्मचारियों में असमंजस पैदा कर रहा है क्योंकि जुलाई 2023 से 4 प्रतिशत की किश्त देने को है इसलिए सरकार को इस संबंध में स्पष्ट देनदारी देनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रांत अध्यक्ष विनोद सूद ने कहा कि 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते की देय राशि के साथ अभी सरकार को 2016 से देय वेतन आयोग की सिफारिश के अनुरूप कर्मचारियों का एरियर भी देने को है जिसको चरणबद्ध तरीके से देने की बात सरकार द्वारा कही गई है लेकिन देने का कोई भी चरण अभी दिखाई नहीं दे रहा है। हिमाचल प्रदेश के शिक्षकों और कर्मचारियों को इस तरह टुकड़ों- टुकड़ों में दिए जाने वाले एरियर और अब महंगाई भत्ते की किस्त के देने की विधि से भी चिंता होना शुरू हो गई है। हिमाचल प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रांत मीडिया प्रमुख शशि शर्मा ने बताया कि जुलाई 2023 से दिसंबर 2024, 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त कर्मचारियों को जारी की जानी शेष है।

#### जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित, उपायुक्त मुकेश बोले–

# अल्पसंख्यक वर्गों के आर्थिक उत्थान के लिए दें सुझाव

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याणार्थ जिला में कार्यान्वित किए जा रहे प्रधानमंत्री नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय समिति बैठक का आयोजन आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में किया गया। मुकेश रेपसवाल ने बैठक में अल्पसंख्यक वर्गों से संबंधित लोगों में शिक्षा तथा आर्थिक क्रियाकलापों एवं रोजगार के अवसरों को बढ़ाने, उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।



उपायुक्त ने जिला में सामाजिक सद्भाव को सुनिश्चित बनाने को लेकर सभी एसडीम (उप मंडल दंडाधिकारी नागरिक) को संबंधित पुलिस अधिकारियों के सहयोग से नियमित अंतराल के भीतर पीस कमेटी बैठक का आयोजन करने को कहा।

बैठक में विभिन्न विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने को लेकर चर्चा के पश्चात उन्होंने अपना विद्यालय योजना के अंतर्गत स्वयंसेवकों की सेवाएं लेने को भी निर्देशित किया। उपायुक्त ने बैठक में अल्पसंख्यक समुदाय के संबंधित लोगों को शहरी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण, कौशल विकास सहित विभिन्न विषयों पर भी विस्तृत समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने समिति के गैर सरकारी सदस्यों से भी अल्पसंख्यक वर्गों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए सुझाव देने को भी कहा। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास ने अवगत किया कि 530 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा 6 वर्ष तक के 2502 बच्चों सहित 14 से 18 वर्ष तक आयु वाली 911 किशोरियों को नियमित रूप से पोषाहार प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, नेशनल ट्रस्ट अधिनियम से संबंधित मामलों पर पर भी विस्तृत समीक्षा एवं राहत मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक की कार्यवाही का संचालन जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने किया।

## शिक्षकों को दिया शिक्षा पर प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, हरदासपुरा।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत खंड हरदासपुरा में पांच दिवसीय कार्यशाला का सफल समापन हुआ। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विभिन्न आयामों को लागू करना था, जिससे शिक्षक और अधिक प्रभावी रूप से विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार कर सकें। इस कार्यशाला में विभिन्न पाठशालाओं से विभिन्न वर्गों के शिक्षकों ने भाग लिया, जिन्हें सामान्य मुद्दों और शिक्षण विधियों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में स्रोत व्यक्तियों के रूप में गुरमीत सुरेखा, अभिनव शर्मा, विकेश कुमार और संजीव कुमार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्ता शिक्षा, नवीनतम शिक्षण तकनीकों और विद्यालयों में सुधारात्मक उपायों पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

इस कार्यशाला के सफल आयोजन ने यह सुनिश्चित किया कि शिक्षक नए विचारों और रणनीतियों को अपनाकर विद्यार्थियों के समग्र विकास में योगदान दे सकें। इस कार्यक्रम ने शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे शिक्षण को अधिक प्रभावी और समावेशी बनाएं, जिससे शिक्षा प्रणाली को और मजबूत किया जा सके।

# पशुपालन में उद्यमिता को बढ़ावा देने की सरकारी योजना : कपूर

**आरके सहगल, चंबा**

अनंत ज्ञान न्यूज चैनल ने पशुपालन विभाग के उप निदेशक, मुंशी कपूर का विशेष साक्षात्कार लिया, जिसमें उन्होंने सरकार द्वारा संचालित एक प्रभावी योजना–राष्ट्रीय पशुधन मिशन पर विस्तार से चर्चा की। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पशुपालन के क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देना है। कपूर ने बताया कि यह योजना 2021–2022 के आसपास शुरू की गई थी और यह मार्च 2026 तक जारी रहेगी।



इस योजना का लाभ उठाने के लिए, व्यक्ति के पास या तो अपनी खुद की भूमि होनी चाहिए या फिर लीज पर भूमि होनी चाहिए, जिसकी अवधि कम से कम 7 वर्ष हो। इस योजना के अंतर्गत भेड़-बकरी पालन, सुअर पालन और कुक्कुट पालन के लिए सबसिडी दी जाती है।

सुअर पालन में अलग–अलग यूनिट संरचना होती है और अधिकतम 30 लाख रुपए तक की सबसिडी दी जाती है। कुक्कुट पालन में अधिकतम 25 लाख रुपए तक की सबसिडी मिलती है।

### योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया

इस योजना का लाभ उठाने के लिए WWW.UDHAMIMITRA.COM वेबसाइट पर आवेदन किया जा सकता है। जो भी व्यक्ति इस योजना से जुड़ी अधिक जानकारी चाहता है, वह पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर सकता है। आवेदन की पूरी प्रक्रिया, दस्तावेजों का सत्यापन और अनुमोदन में लगभग 2 से 3 महीने का समय लगता है। एक बार आवेदन स्वीकृत हो जाने पर, सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी जाती है और लाभार्थी इस योजना का लाभ उठा सकता है।

### राष्ट्रीय पशुधन मिशन

यह योजना न केवल पशुपालन को आर्थिक रूप से लाभदायक बनाएगी बल्कि इससे गांवों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह किसानों, पशुपालकों और उद्यमियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे अपने पशुधन व्यवसाय को बढ़ाकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान कर सकते हैं। सफल उद्यमी बनना चाहते हैं, तो जल्द इस योजना का लाभ उठाएं। (अनंत ज्ञान)

# चंबा महाविद्यालय में किया भारत दुर्दशा पुस्तक का विमोचन



**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक विशेष पुस्तक विमोचन एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक, डॉ. विद्यासागर शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समन्वयक, डॉ. मनेश वर्मा ने बताया कि प्रसिद्ध साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नाटक भारत दुर्दशा को डॉ. प्रशांत रमन रवि ने पुनः संपादित किया है, जिसका विमोचन महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुआ। मुख्यातिथि डॉ. विद्यासागर शर्मा ने कहा इस प्रतिष्ठित संस्थान का हिस्सा होना मेरे लिए गर्व की बात है। पुस्तकें विचारों की संगोष्ठी होती हैं।

## अग्निवीर रजिस्ट्रेशन को हेल्पलाइन नंबर जारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के युवाओं को अग्निवीर योजना के अंतर्गत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर सेना भर्ती कार्यालय पालमपुर द्वारा हेल्पलाइन नंबर और ईमेल एड्रेस जारी किया गया है।

विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि अग्निवीर ऑनलाइन पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर 8894088311 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र में पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की उत्पन्न हो रही समस्या का पूर्ण उल्लेख किया जा सकता है।

# अधिकारियों के कार्यों में सुधार लाने की आवश्यकता : कुलबीर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय के सभागार में उप मंडलीय आयुर्वेदिक अस्पताल की रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान एडीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि रोगियों को अधिक से अधिक सुविधा और बेहतर इलाज प्रदान करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जाएं। एडीएम ने यह भी निर्देश दिए कि स्वास्थ्य अधिकारियों को अतिरिक्त आय के साधन जुटाने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए, ताकि अस्पताल की सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सके।

इस दौरान एडीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए अस्पताल के सभी अधिकारियों को अपने कार्यों में सुधार लाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में अस्पताल द्वारा प्रदान की जा रही आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटरों में ओपीडी सेवाओं और डे केयर सेवाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में एडीएम ने आयुष विभाग को यह भी निर्देशित किया कि चौरासी प्रांगण में योग सत्र का आयोजन किया जाए।

## संजौली मस्जिद पर अंतिम फैसला लेने का समय बढ़ाया

**विधि संवाददाता, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने संजौली मस्जिद के पूरे ढांचे की वैधता पर अंतिम फैसला लेने की समय सीमा बढ़ा दी है। पहले इस मामले का निपटारा करने के लिए 20 दिसंबर तक करने के आदेश जारी किए गए थे। इस बीच मामले का निपटारा न होने पर नगर निगम आयुक्त द्वारा 8 सप्ताह के अतिरिक्त समय की मांग करते हुए आवेदन दायर किया गया था।

इस आवेदन को स्वीकारते हुए न्यायाधीश संदीप शर्मा ने निगम आयुक्त को 6 सप्ताह का अतिरिक्त समय प्रदान किया। गौरतलब है कि इस मामले के जल्द निपटारे के लिए संजौली के स्थानीय निवासियों की ओर से याचिका दायर की गई थी।

## अब मुफ्त में मिलेगी कानूनी सहायता

**हाशु शेख, चुराह/चंबा।** अब कानूनी सहायता पाना और भी आसान हुआ है। कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से टेली–लॉ योजना जरूरतमंद और हाशिए पर रहने वाले लोगों को मुफ्त में विधिक सलाह उपलब्ध करवा रही है।

सीएससी जिला प्रबंधक, विकास कुमार ने बताया कि यह योजना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और टेलीफोनिक सुविधाओं के माध्यम से लोगों को पैनल वकीलों से जोड़ती है, जिससे वे बिना किसी शुल्क के अपनी कानूनी परेशानियों का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। टेली–लॉ एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो गांवों और कस्बों में रह रहे नागरिकों को कानूनी विशेषज्ञों से जोड़ने का कार्य करता है।

# नशे से युवा पीढ़ी को बचाने के लिए किसान कांग्रेस सक्रियता से करेगी कार्य

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

हिमाचल किसान कांग्रेस की जिला ईकाई चंबा की बैठक डॉक्टर दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें नव नियुक्त अध्यक्ष ब्लॉक किसान कांग्रेस भटियात सुभाष के अतिरिक्त ब्लॉक किसान कांग्रेस चंबा के अध्यक्ष चरणजीत सिंह बंटू भी उपस्थित रहे।

यह जानकारी जिला किसान कांग्रेस के सचिव सुरेश कुमार ने दी। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर नशे के खिलाफ प्रदेश सरकार द्वारा बनाए गए कानून जिसमें मृत्युदंड का प्रावधान को शामिल करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यावाद किया। युवा पीढ़ी को बचाने के लिए किसान कांग्रेस भी सक्रियता से कार्य करेगी। इसके अतिरिक्त जिला चंबा के चुराह, डलहौजी, चंबा विधानसभा क्षेत्र में दो–दो ब्लॉक अध्यक्ष व भरमौर विधानसभा क्षेत्र में तीन ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस की नीति व कार्यक्रम से जोड़ा जा सके। इसके अतिरिक्त जिला कार्यकारिणी की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकिरियों को मीटिंग में उपस्थित न होने का कारण स्पष्ट करना पड़ेगा। ब्लॉक किसान कांग्रेस के कोषाध्यक्ष यशपाल के बड़े भाई की आकस्मिक निधन पर शोक प्रस्ताव पारित कर प्रभावित परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

## श्रेया ने हॉलीवुड में चमकाया प्रदेश का नाम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल की फिल्म निर्माता श्रेया राणा की नई आने वाली फिल्म 'द सरीन प्लेस' को वर्ल्ड प्रीमियर के लिए चुना गया है, जोकि हिमाचल ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए गौरव की बात है।

श्रेया राणा मूलत: सरकाघाट, मंडी की निवासी हैं। उनके पिता कॉलेज में प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त हैं तथा वर्तमान में सेवा भारती मंडी के जिला अध्यक्ष हैं। श्रेया की प्रारंभिक शिक्षा उनके पैतृक गांव के स्कूल से हुई है। 2017 में उन्होंने हिमाचल की खूबसूरत वादियों से लॉस एंजलिस की उड़ान भरी तथा न्यूयार्क फिल्म अकादमी से निर्देशन और प्रोडक्शन की पड़ाई पूरी की।

# डिजिटल शिक्षा की जरूरत

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ते हुए गुरु इंटरनेशनल ला मोंटेसरी स्कूल एलएमएस, जोगिंद्रनगर का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर मंडी की एसपी साक्षी वर्मा मुख्यातिथि रहीं।



उनके साथ डीएसपी देवराज और एसएचओ सकिनी कपूर भी उपस्थित रहे। एलएमएस की स्थापना 1995 में कुल्लू में हुई थी और अब यह कुल्लू, केलहेली, डुंखरा, नेरचौक, सयोली सहित जोगिंद्रनगर में भी अपनी सेवाएं देगा। उद्घाटन समारोह में विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर (अकादमिक) ललिता कंवर, जो दो बार राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी हैं, उन्होंने मोंटेसरी शिक्षा प्रणाली के महत्व पर प्रकाश डाला। एमडी (ऑपरेशंस) उदय सिंह, जिन्होंने इंपीरियल कॉलेज लंदन से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में स्नातक किया है। डिजिटल शिक्षा और आधुनिक शिक्षण तकनीकों की आवश्यकता पर जोर दिया। (अनंत ज्ञान)


## कार्यालय ग्राम पंचायत नौरा

विकास खण्ड सुलह स्थित भेड़ू महादेव, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

पंचायत बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विकासात्मक कार्यों के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर, टूटा हुआ पत्थर, विभिन्न प्रकार की टाइल रास्तों, सड़क, शमशान घाट इत्यादि की निविदाओं की आवश्यकता है। निविदाएं दिनांक 22.04.25 तक कार्यालय ग्राम पंचायत नौरा में किसी भी कार्यदिवस समय अविध तक पहुंच जानी चाहिए ताकि इन्हें पंचायत बैठक में पास कर सप्लाई ऑर्डर संबंधित फर्म/निविदादाता को दिया जा सके। निविदादाता के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य है।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत नौरा**
**विकास खण्ड सुलह स्थित भेड़ू महादेव,**
**तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**


# प्रतिनिधियों ने सीखी ऑर्थोडोंटिक्स की तकनीक

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल डेंटल कॉलेज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकीकृत ऑर्थोडॉन्टिक कौशल कार्यशाला का पहला दिन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इसमें हैंड्स ऑन के माध्यम से प्रतिभागी प्रतिनिधियों को ऑर्थोडोंटिक्स की तकनीकों को सिखाया। प्रतिभागी प्रतिनिधियों को वायर बेन्डिंग एक्सरसाइज की बारीक पहलुओं को अतिथि वक्ता डॉ. तूलिका त्रिपाठी, डॉ. प्रियांक राय, डॉ. प्रदीप राघव व डॉ टी पी चतुर्वेदी द्वारा सिखाया गया। इसके उपरांत डॉ. संजय लाभ, होनोरारी सेक्रेटरी, इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी ने बेसिक व सेगमेंटेड बायोमैकेनिक्स पर व्याख्यान किया तथा टी लूप फेब्रिकेशन व केइस आईआरआर्च का हैंड्स ऑन डेमोंस्ट्रेशन देते हुए प्रतिभागी प्रतिनिधियों को इससे बनाने में सहायता की।



सायंकालीन सत्र में कार्यशाला का इनॉगरेशन किया गया। इसमें डॉ. पुनीत बत्रा, प्रेजिडेंट इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम के पहले दिन से सफल आयोजन के बाद हिमाचल डेंटल कॉलेज के निदेशक व ऑर्थोडोंटिक्स डिपार्टमेंट के हेड डॉ. अनिल सिंगला ने सभी को धन्यवाद किया।

### सूडोकु नवताल - 7384 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7383 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

**अनंत ज्ञान**

## आज का पंचांग

29 मार्च, 2025, शनिवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : चैत्र, **तिथि** अमावस्या (04:29): **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपद (07:27), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : ब्रह्म (10:02) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:01-12:51), **राहुकाल** (09:20-10:53)।

**विशेष दिन**

29 मार्च : विक्रम संवत 2081 आज होगा पूर्ण।

30 मार्च 2025 :चैत्र नवरात्र कल से शुरू।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** कार्यस्थल पर पदोन्नति संभव है। राजकार्य में अटकले आ सकती है। कोई है जो आप की उन्नति नहीं चाहता सतर्क रहें।

**वृषभ:** आप के अपनों से धोखा मिल सकता है। कर्ज संबंधी दस्तावेज अटक सकते है। कार्यस्थल पर कोई बड़ी घटना के आसार हैं, संभल कर रहें।

**मिथुन:** अपना ध्यान अपने करियर पर दें। व्यस्तता के चलते आज भी कार्य पूर्ण नहीं हो पायेंगे। लाभकारी अवसर आज मिल सकते है। वाहन सुख संभव है।

**कर्क:** यात्रा के योग बन रहे है। आप की मानसिकता को बदलने की जरूरत है। व्यवहार को नम्र बनायें। जीवनसाथी के सहयोग से कार्यस्थल पर लाभ होगा।

**सिंह:** लेन-देन में सतर्क रहें। आज कोई आप के साथ विश्वासघात कर सकता है। रुके कार्यों में गति आयेगी। दुकान भवन की मरम्मत में धन खर्च होगा।

**कन्या:** धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि आप को उन्नति प्रदान करेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शत्रु परास्त होंगे। विवाह चर्चा साकार रूप ले सकती है।

**तुला:** पैतृक संपत्ति का निपटारा आज संभव है। आप के अपने ही आप को परिवार से दूर करना चाहते है। मेहमानों का आगमान आज हो सकता है।

**वृश्चिक:** नये अनुबंध आज हो सकते है। जो भूमि आप ने क्रय की है आप को खूब फलने वाली है। आज मित्रों की सहायता करनी पड़ सकती है।

**धनु:** अभी नहीं तो कभी नहीं। आप कब आपने कार्य के प्रति गंभीर होंगे। समय रहते संभल जाए। माता के स्वास्थ में लाभ होगा।

**मकर :** सुचारू रूप से चल रहे कार्यों में रुकावट आ सकती है। भूमि भवन के सोदे आज हो सकते है। पड़ोसियों से संबंधों में सुधार होगा।

**कुंभ :** दिन की शुरुआत प्रसन्न चित्त होगी। कोई रोचक जानकारी आज प्राप्त हो सकती है। जिस पर आप इतना भरोसा करते हैं, वही आप को नुकसान दे सकता है।

**मीन :** मन अनुरूप कार्य के न मिलने से उदास रहेंगे। किसी विशिष्ट व्यक्ति के संपर्क से कार्य में गति आयेगी। पारिवारिक मनमुटाव हो सकता है।

**आयोजन** | नलवाड़ किसान मेले का हुआ भव्य समापन

# विजेता पहलवान किए सम्मानित

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

राज्यस्तरीय नलवाड़ किसान मेला शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा के साथ संपन्न हो गया। समापन अवसर पर सुंदरनगर के लोक निर्माण विश्राम गृह से दोपहर बाद निकली भव्य शोभायात्रा की अगवाई हिमाचल प्रदेश सरकार में नगर नियोजन, आवास और तकनीकी शिक्षा के कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी राजेश धर्माणी ने की।



इस मौके पर राजेश धर्माणी के साथ पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर,नाचन से पूर्व प्रत्याशी रहे नरेश चौहान, मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम अमर नेगी तथा नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, पार्षद भी विशेष रूप से मौजूद रहें। इस मौके पर मुख्यातिथि ने विजेता पहलवानों को गुर्ज व नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। समापन समारोह में डीएसपी भारत भूषण, तहसीलदार अंकित शर्मा, बीडीओ विवेक चौहान, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी हितेश कुमार, समाजसेवी एजी शेख, पार्षद नरेश वर्मा, कल्पना वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग पंजाब से आने वाले लोगों का आदर करते हैं। सिखों के गुरुओं ने भी अपने जीवन काल में हिमाचल पैदल आकर विभिन्न स्थानों के दर्शन किए हैं। धर्माणी ने कहा कि हिमाचल से पंजाब जाने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत गौण्टा विकास खण्ड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मण्डी हि.प्र.**

**निविदा सूचना**

दिनांक 25/03/2025 को पंचायत बैठक में पारित प्रस्ताव अनुसार ग्राम पंचायत गौण्टा में वर्ष 2025-26 हेतु निम्न सामग्री के लिए कुटेशन/निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें दिनांक 08/04/2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निर्धारित आवेदन फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन कार्यालय समय में प्राप्त किये जा सकते हैं। कुटेशन /निविदा ग्राम पंचायत में दिनांक 09/04/2025 को 12:30 PM पंचायत कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी।

**सामग्री विवरण:-** रेत क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट (FINE SAND) प्रति घन मीटर, पक्की ईंटे (A,B,C GRADE)-प्रति 1000 No., बजरी क्रशर 10,20,40 MM प्रति घन मीटर, पत्थर (cut stone) size प्रति घन मीटर, सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा, सैटरिंग (भवन निर्माण / अन्य प्रति Sqr मीटर / प्रति रनिंग मीटर, सामग्री दुलान सीमेंट प्रति बैग, Sign Board (Standard Size) पेंटिंग व राइटिंग सहित प्रति बोर्ड, water cooler, सीमेंट बैंच, Airport 3 Seater waiting chair, Mixture Machine With labour/ With out labour.per day etc **नियम व शर्तें** - 1 निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन न., GST No. होना आवश्यक है। 2 निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर सम्बंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी। 3 निविदादाता को बिल के साथ Valid Transit Pass forms "X" or "W" जमा करवाने होंगे। 4 सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा 5 सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए 7 निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी 8. पारित निविदादाता को मु0 20000/-अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु0 1000रु (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क सम्बंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे । 9. निविदादाता यदि सामग्री आपुर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गयी सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशि में से ही बाज़ार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी तथा उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। 10 किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा 11. सामग्री राशि की अदायगी TA/JE की पैमाइश के उपरान्त की जायेगी तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass forms "X" or "W" होना जरूरी है अन्यथा बिलों की अदायगी नही की जाएगी। 12 सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य/निर्णय बिभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार/उपरान्त किया जायेगा ।

**नोट - नियम व शर्तें पंचायत के अनुरूप रहेगी।**

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत गौण्टा, विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मंडी (हि0 प्र0)**

**सपने** वो नहीं हैं जो आप नींद में देखें, सपने वो हैं जो आपको नींद ही नहीं आने दे। -डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

## संपादकीय

# संगठित अपराध पर शिकंजा

संगठित अपराध का नाम सुनते ही मन दहशत से कांप उठता है। हर कोई अपने आपको असुरक्षित महसूस करता है। हिमाचल में विधेयक पारित होते ही संगठित अपराधों में मृत्युदंड या आजीवन कारावास का प्रावधान हो गया है। संगठित अपराध न केवल सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि यह समाज के लिए परेशानी और भय का वातावरण पैदा करता है। संगठित अपराधों से जूझ रही देवभूमि अब राहत की सांस महसूस करेगी। हिमाचल प्रदेश में संगठित अपराधों के खिलाफ कड़े प्रावधानों को लेकर सुक्खू सरकार की ओर से उठाए गए कदम निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इन प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई पहलुओं पर ध्यान देना होगा। जब तक कानून कड़ा नहीं होता, अपराधियों के मन में डर नहीं बैठता।

सरकार का यह कदम सही दिशा में है, क्योंकि संगठित अपराधों को रोकने के लिए कड़े कानूनी प्रावधानों की आवश्यकता होती है। यह कदम न केवल अपराधियों के लिए एक चेतावनी है, बल्कि यह सरकार की गंभीरता को भी दर्शाता है। विधानसभा में पास हुए इस नए विधेयक में न केवल सजा का प्रावधान है, बल्कि जुर्माना और संपत्ति जब्ती जैसे कदम भी हैं, जो संगठित अपराध को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, कानून की सख्ती के बावजूद, संगठित अपराधों को पूरी तरह से खत्म करना आसान नहीं होगा, क्योंकि यह एक संरचित और सुव्यवस्थित प्रणाली है, जिसमें भ्रष्टाचार, अधिकारियों की लापरवाही और अपराधियों की जटिल योजनाएं शामिल होती हैं।

यदि सरकारी कर्मचारी खुद ही भ्रष्ट हैं या उनका अपराधियों से संबंध है, तो सख्त कानून का प्रभाव नहीं पड़ेगा। दूसरी ओर इस प्रकार के अपराधों का पता लगाने और दंडित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारियों और पर्याप्त संसाधनों की आवश्यकता होगी, जो राज्य सरकारों के लिए एक चुनौती हो सकती है। संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई के लिए समाज का सहयोग भी जरूरी होता है, लेकिन अगर लोग खुद अपराधियों से जुड़े हैं या भय के कारण गवाही देने से कतराते हैं, तो सफलता में कठिनाई हो सकती है। कई बार जटिल अपराधों को साबित करने में समय और संसाधनों का बहुत खर्च होता है और न्यायिक प्रक्रिया में देरी भी होती है। संगठित अपराधों के पनपने की कई वजहें हो सकती हैं और इनका सीधा संबंध सिर्फ पुलिस की ढिलाई से नहीं है।

हालांकि, पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, फिर भी संगठित अपराधों के बढ़ने के पीछे कई सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक कारक होते हैं। जब एक बड़े हिस्से को आर्थिक अवसर नहीं मिलते, तो कुछ लोग अपराध की राह अपनाते हैं। बेरोजगारी और गरीब तबके के लिए कोई वैकल्पिक रास्ता न होने पर वे संगठित अपराधों का हिस्सा बन जाते हैं, जैसे नशे की तस्करी, अवैध खनन, या अन्य अपराधिक गतिविधियां। संगठित अपराधी समूहों को राजनीतिक संरक्षण मिलता है। जब अपराधी नेताओं या प्रभावशाली लोगों से समर्थन प्राप्त करते हैं, तो कानून-व्यवस्था कमजोर पड़ जाती है और अपराधियों के लिए काम करना आसान हो जाता है। यह राजनीतिक संरक्षण अपराध को बढ़ावा देता है और पुलिस के लिए कार्रवाई करना कठिन बना देता है। कभी-कभी समुदायों में अपराध को एक सामान्य व्यवहार के रूप में देखा जाता है, विशेष रूप से जब अपराधी समूहों में सदस्य एक-दूसरे के रिश्तेदार या पुराने दोस्त होते हैं।

इससे स्थानीय लोगों को अपराध के खिलाफ खड़ा होना मुश्किल हो जाता है। इंटरनेट और नई तकनीकें संगठित अपराधियों को अधिक सुविधा प्रदान करती हैं। साइबर अपराध, फर्जी दस्तावेज बनाने और ऑनलाइन तस्करी जैसे अपराध अब आम हो गए हैं। ये अपराध पारंपरिक पुलिस निगरानी से बाहर होते हैं, जिससे उन्हें पकड़ पाना मुश्किल हो जाता है। मामले का लंबा खिंचाव अपराधियों को मौका देता है। आमतौर पर न्यायिक प्रक्रिया इतनी धीमी होती है कि अपराधी बिना सजा के लंबे समय तक खुले आम अपराध करते रहते हैं।

इससे उनका मनोबल बढ़ता है और वे और अधिक अपराध करने की हिम्मत पाते हैं। पुलिस बल को बेहतर प्रशिक्षण, संसाधन और टेक्नोलॉजी प्रदान करनी चाहिए। साथ ही, पुलिस तंत्र में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। सरकार और समाज को संगठित अपराधों के खिलाफ जागरूक करना होगा। राजनीतिक दलों को भी इस दिशा में पहल करनी चाहिए, ताकि अपराधियों को संरक्षण न मिले। संगठित अपराधों का पूरी तरह से नाश करना एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है। हालांकि, इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों और प्रशासनिक मशीनरी को इस दिशा में सामाजिक जागरूकता, स्मार्ट पुलिसिंग, विविध अपराधों के खिलाफ गठबंधन। सरकारी कर्मचारियों पर कड़ी निगरानी जैसे ठोस कदम उठाने होंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय महिला गोल्फ खिलाड़ी

**अदिति** अशोक भारतीय महिला प्रोफेशनल गोल्फ खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2016 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में वे सबसे कम उम्र की खिलाड़ी थीं। अदिति अशोक ने ग्रीष्मकालीन ओलंपिक, 2020 (टोक्यो ओलंपिक) में अपने प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया। अदिति अशोक ने दूसरे स्थान को अपने नाम कर लिया। गोल्फ के इस मैच में अदिति ने अमेरिका की कोरडा नेली को काफी अच्छी



**अदिति अशोक**
**जन्म :** 29 मार्च, 1998

टक्कर दी। अदिति अशोक फाइनल राउंड में अपनी बेहतरीन कोशिश के साथ उतरी थीं, किंतु इस मैच में उन्होंने चौथी पोजिशन अपने नाम की जिस कारण वे कोई भी मेडल नहीं जीत सकीं। अदिति अशोक का जन्म बैंगलोर में हुआ था और उन्होंने 5 साल की उम्र से गोल्फ खेलना शुरू कर दिया था। उनके माता-पिता उनके साथ बेहद सहायक थे। अदिति का चौथा शौकिया खिताब एक साल बाद आया और 2013 में उन्होंने एशिया पैसिफिक जूनियर चैंपियनशिप जीती। उसी वर्ष ओलंपिक ध्वज के तहत नानजिंग में एशियाई युवा खेलों में भाग लिया। अदिति अशोक 10-ओवर-बराबर 3 के स्कोर के साथ 219वें स्थान पर रहीं। अगले वर्ष अदिति अशोक ने पूर्वी भारत महिला शौकिया टूर्नामेंट में अपना छठा शौकिया खिताब जीता और इंचियोन में एशियाई खेलों में भी भाग लिया। अदिति अशोक भारत की पहली गोल्फर हैं, जिन्होंने ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। ■



गजल

### इस तरह फरियाद न करते

*सतीश अवस्थी प्रभाकर, रैत*

*ऐ काश !*

*गर तुम इनकार न करते तो हम भी इस तरह फरियाद न करते।*

*दिल इस तरह तोड़ दिया है तूने एक और नया गम जोड़ दिया है तूने।*

*सोचता हूं क्या करूंगा जिंदगी में तुम बिन, तुम क्या*

*जानो क्या गुजरी है तुम बिन।*

*न कुछ अपनी कही न कुछ हमारी सुनी।*

*इतनी सी भूल की इतनी बड़ी सजा चुनी, किसी दिन हम भी किसी*

*बाग के माली होंगे, मगर तुम्हारे हाथ एक फूल से भी खाली होंगे।*

*बीती यादों को इस दिल से निकलना आसान नहीं, एक तुम्हें ही चाहा*

*है दूसरा कोई अरमान नहीं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मायने अराजकता नहीं

भारतीय राजनीति, साहित्य, संस्कृति और अकादमिक दायरों में जिस पदबंध का प्रयोग जोर-शोर से किया जाता है, वो है-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। जितने जोर-शोर से इसे दोहराया जाता है उससे भी दोगुने मौकों पर इसका दुरुपयोग भी उतने ही खुले तौर पर किया जाता है। हालिया एक कॉमेडियन कुणाल कामरा के प्रकरण से ऐसा ही कुछ हुआ जा रहा है। जो लोग यह 'तर्क' देते हैं कि अगर आप किसी से असहमत भी हों, तब भी आपको उनके बोलने के अधिकार का समर्थन करना ही चाहिए। 'फ्रीडम ऑफ स्पीच' पर तभी प्रश्न उठाए जा सकते हैं जब वह हिंसा फैलाने में सहयोग कर रही हो।



लेखक : हरीश शिवनानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कुणाल कामरा ने ऐसा कुछ नहीं किया है। जबकि किसी के 'बोलने' इसका व्यवहारिक और तर्कसंगत पहलू भी होना चाहिए कि उसके 'बोलने' का वास्तविक मंतव्य, उद्देश्य क्या है। कोई अगर कॉमेडी की आड़ या अन्य किसी भी नजरिए से किसी व्यक्ति, जाति, धर्म, संप्रदाय, समुदाय या किसी भी उद्देश्य से निर्मित समूह के प्रति सार्वजनिक रूप से अभद्र-अशालीन-अमर्यादित भाषा-बोली का प्रयोग कर उसकी मानहानि करते हैं, सामाजिक रूप से अपमानित करते हैं, फूहड़ तरीके से हंसी-मखौल उड़ाते हैं या उसके हितों नुकसान करते हैं तो यह भी उसके प्रति वाचिक हिंसा, सार्वजनिक अपमान करना ही हुआ, इसे स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति, बोलने का अधिकार या लोकतंत्र जा समर्थन तो कतई नहीं कहा-माना जा सकता। कुणाल कामरा ने पिछले दिनों अपने कॉमेडी शो में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के तरफ संकेत कर जो कुछ कहा है, उसे समझना, उसके निहितार्थ निकालना कोई मुश्किल काम नहीं है।

यह महज कॉमेडी नहीं, विशुद्ध रूप से फूहड़ तरीके का राजनीतिक वक्तव्य है, किसी का सार्वजनिक अपमान, उसकी मानहानि है। भारत में



दल-बदल कर सत्ता हासिल करने का लंबा राजनीतिक इतिहास रहा है। 1977 और 1979 में हरियाणा में मुख्यमंत्री भजनलाल के समूची कैबिनेट सहित दलबदल करने का इतिहास तो जाना-पहचाना है ही, राजनीतिक मुहावरा 'आयाराम-गयाराम' भी हरियाणा के एक विधायक की ही देन है। अभिव्यक्ति के स्वतंत्रता की आड़ में हमें उन मूल्यों को भी नहीं भूलना चाहिए, जो एक सभ्य, सुसंस्कृत, मर्यादित और शिष्ट समाज की बुनियाद होते हैं।

इस समाज में अनियंत्रित, निरंकुश कुछ भी नहीं होता। अनुशासन, मर्यादाओं की एक सीमा-रेखा होती है। भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत नागरिकों को दी गई है। हालांकि यह भी असीम नहीं है। इसे अनुच्छेद 19(2) के तहत कुछ उचित प्रतिबंधों के अधीन रखा गया है। हर अभिव्यक्ति के मायने अराजकता नहीं हो सकता। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए वाचिक और शाब्दिक हिंसा पर भी अंकुश उतना ही जरूरी है जितना दैहिक हिंसा पर।

अनंत ज्ञान

भारतीय बौद्धिक जगत की दिक्कतें यह भी कम नहीं कि उसकी बौद्धिकता किसी व्यक्ति, समूह, जाति,समुदाय को परखने,उसका मूल्यांकन करने या उसके पक्ष-विपक्ष में खड़े होने के मूल में उसके पैमाने, उसके निकष, मापदंड उसकी विचारधारा के अनुरूप बदलते रहते हैं। इसके मूल में उसकी राजनीतिक विचारधारा, उसकी अपेक्षाएं, उसकी महत्वाकांक्षाएं और उसके निहितार्थ मुख्य भूमिका निभाते हैं। ऐसा ही कामरा के प्रसंग में हुआ है। कला और साहित्य-संस्कृति की स्वायत्तता के स्वयम्भू ठेकेदारों ने अपने स्तर पर एक पैमाना बना रखा है जिससे वे अभियक्ति की आजादी की हद तय करते है। सच यही है कि आज भारतीय बौद्धिक जगत अपनी इस खामोशी की वजह ज्यादा अविश्वसनीय और बदनाम है जिसे निर्मल वर्मा ने 'चुनी हुई चुप्पी' कहा था, जिसे सामान्यत: 'सलेक्टिव खामोशी' कहा जाता है। ऐसे चुनी हुई चुप्पियों वाले कथित और स्वयंभू बुद्धिजीवियों की अभिव्यक्ति की आजादी तब खतरे में नहीं आती जब तस्लीमा नसरीन को बोलने से रोका जाता है, तारेक फतेह के साथ धक्का मुक्की कर जश्ने रेख्ता से बाहर किया जाता है।

इस आजादी पर तब भी खतरा नहीं आता जब जेएनयू के वामपंथी योग शिक्षक रामदेव को किसी कार्यक्रम में बुलाने का विरोध कर उनका कार्यक्रम रद्द करवा देते हैं या नूपुर शर्मा की तथ्यात्मक बात के बावजूद वे चुप्पी धारण कर लेते हैं। यदि कोई अपनी वैचारिकता के निकट है तो गलत होकर भी सही, वरना विरोधी होने पर खामोशी। क्या एक लोकतांत्रिक देश में सेलेक्टिव चुप्पी और सलेक्टिव स्वस्थ प्रवृत्ति है? कुणाल कामरा का विवादों से पुराना नाता रहा है। वरिष्ठ पत्रकार अर्नब गोस्वामी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदर्भ में वो विवादों में रह चुके हैं। नए वीडियो में कामरा ने मुकेश अंबानी के बेटे का उसके वजन के लिए मजाक उड़ाया है। सभी जानते हैं कि अनंत अंबानी को बीमारी की वजह से स्टेरॉइड्स लेने पड़ते हैं। स्टेरॉइड्स के साइड इफेक्ट की वजह से उनका ये वजन बढ़ा हुआ है। यानी बीमारी की वजह से अनंत अंबानी की यह हालत है और कोई उसका मजाक उड़ा रहा है तो यह कुछ भी हो सकता है, कॉमेडी तो नहीं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी को कुछ भी करने की इजाजत नहीं दे सकती। गाली-गलौज, मानहानि, अभद्र भाषा, सार्वजनिक छीछालेदर को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं कहना चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मर्यादित बोध से होनी चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# प्रवासियों लोगों का हिमाचल में दखल, घातक होगा आने वाला कल

देवभूमि के नाम से विख्यात हिमाचल में प्रवासी लोगों, मजदूरों व महिलाओं का दखल आने वाले कल के लिए घातक सिद्ध होगा। अपराधिक प्रवृति के प्रवासी हिमाचल को अपराध की शरणस्थली बना रहे हैं। सरेआम हत्याएं कर रहे है। बेखौफ होकर कत्लेआम व अपहरण कर रहे हैं। मंडी में दो वरदातें हुई हैं एक सप्ताह पहले प्रवासी लोगों ने एक ढाबा मालिक पर गोलीबारी से जनमानस खौफजदा है अभी इस घटना की स्याही भी नहीं सूखी थी कि नेरचौक में प्रवासी महिलाओं ने एक महिला के 35000 हजार रुपए लूटने का असफल प्रयास किया, लेकिन महिला की बहादुरी से यह डकैती करने वाली पकड़ी गई और पैसा बरामद हो गया।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

ऐसी वरदातों पर संज्ञान लेना होगा, ताकि आने वाले भविष्य में ऐसी घटना न हो सके। 4 नवंबर 2018 रविवार को मंडी जिला के कनैड में प्रवासी मजदूरों ने एक कारोबारी की हत्या कर दी थी। खूनी वारदात से लोग दहशत के साए में थे। पुलिस ने प्रवासी को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया था। यह असम का रहने वाला था। दूसरा अपराधी अभी फरार हो गया था। प्रवासी लोगों की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। प्रशासन व पुलिस को इन हत्याओं की घटनाओं पर संज्ञान लेना चाहिए, ताकि फिर कोई प्रवासी ऐसा जघन्य अपराध न कर सके।

प्रवासियों की वारदातें बढ़ती ही जा रही है। गत वर्षों दिन-दहाड़े ही संतोषगढ़ में बस में सवार एक गिरोह ने महिला की गले की चेन काटने व झपटने का प्रयास किया, तो महिला ने उसे पकड़ लिया था, जबकि गिरोह के दूसरे सदस्य फरार हो गए थे। विदेशी नेपाली व अन्य राज्यों से आए प्रवासी लोगों द्वारा प्रदेश में अपराधिक घटनाओं व चोरियों व हत्याओं की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। जिससे



हिमाचली जनमानस खौफजदा है। प्रवासी बेखौफ होकर प्रदेश में अराजकता फैला रहे हैं।

इसे कानून व्यवस्था की लापरवाही कहना गलत नहीं होगा, समझ नहीं आता कि यह प्रवासी बार-बार अपराधिक वारदातों को कर रहे हैं और प्रशासन कुंभकरणी नींद सोया हुआ है। यह दुर्भाग्य की बात है कि बाहरी लोग प्रदेश की शांति को ग्रहण लगा रहे हैं, यदि समय रहते इन प्रवासी लोगों के खिलाफ कारवाई न की तो फिर पछताने के सिवाए कुछ हासिल नहीं होगा। प्रवासी हर रोज प्रदेश में चोरियां-डकैतियां कर रहे हैं लोगों को लूट रहे हैं, ऐसी वारदातें निरंतर बढ़ती जा रही हैं। गत वर्ष नेरचैक में कुछ प्रवासी महिलाओं के डकैती करने वाले गिरोह ने बैंक से पैसा निकालकर बाहर निकली एक युवती का बैग काटकर 50 हजार रुपए उड़ा लिए थे। वारदात को अंजाम देने के दूसरे दिन इन महिलाओं ने मंडी बाजार में भी एक महिला का बैग काटा तो मौके पर ही इन महिलाओं को पकड़ लिया था।

अनंत ज्ञान

बाद में उनसे नेरचौक से महिला से चुराए पैसे भी बरामद हो गए थे। कुछ साल पहले से प्रवासी ने चलती बस में मंडी में एक युवती पर तेजाब फैंककर उसका चेहरा जला दिया था। तेजाब के कारण लड़की की आंखें व चेहरा बुरी तरह झुलस गया था। तेजाब के छीटों से अन्य यात्रियों को भी नुक्सान पहुंचा था। प्रवासियों की करतूतों के रौगटें खड़े कर देने वाले प्रमाण जिला कांगड़ा के पालमपुर और राजधानी शिमला के ठियोग में देखने को मिले इन दोनों घटनाओं को अंजाम देने वाले प्रवासी ही थे। पहली घटना में ठियोग में एक बाप ने अपनी तीन साल की बेटी की गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी थी यह प्रवासी झारखंड का था तथा यहां मजदूरी करने आया था और दूसरी घटना में एक प्रवासी ने एक तीन साल की अबोध बच्ची के सााथ दुष्कर्म किया था। यह कारपेंटर का काम करता था तथा यह प्रवासी लुधियाना का रहने वाला था। प्रवाासियों की इन वारदातों से देवभूमि की साख पर बट्टा लगता जा रहा है। प्रवासियों द्वारा प्रदेश में अराजकता के मामले घटित होते रहते हैं प्रशासन द्वारा इन पर कुछ समय सख्ती बरती जाती है, फिर भी प्रवासी लोग नई घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं।

हर जिला में प्रवासी लोगों के काले करानामों की करतूते देखने को मिलती रहती है। प्रदेश सरकार को इन घटनाओं को अनदेखा नहीं करना चाहिए। इन प्रवासी लोगों पर बिना समय गंवाए कड़ी कारवाई करनी चाहिए, ताकि प्रदेश की शांति में खलल डालने वालों पर नकेल डाली जा सके। वक्त अभी संभलने का है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**देवभूमि** हिमाचल प्रदेश में वह वातावरण ही नहीं बन पा रहा है जिसके कारण हम अपने स्टार खिलाड़ियों का पलायन करना रोक सकें। जब खिलाड़ी को सुविधा कम या नहीं मिलेगी तो उसे फिर कैसे रोका जा सकता है? कोई भी पढ़ाई या परीक्षा पहले अपने लिए , मगर खेल केवल देश के लिए होता है। वहां जब खिलाड़ी जीतता है तो उस देश का झंडा सबसे ऊपर उठता है और उस देश की धुन पूरा संसार आदर के साथ सुनता है। खेल में राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए लगभग दस साल का लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम चाहिए। अगर हम एक सप्ताह भी खेल प्रशिक्षण में बाधा डालते हैं तो फिर हम उसे बहुत ही कठिनाई से पूरा कर पाते हैं। इसलिए केंद्र व राज्य दोनों सरकारों के विभाग अपने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के प्रशिक्षण समय को आन ड्यूटी मानते हैं, खिलाड़ी चाहे कैंप में हो या किसी भी ट्रेनिंग सेंटर में हों, दोनों सरकारों को कुछ सोचने की जरूरत है। **रमित,शाहपुर**

# आज के दौर में मानसिक और शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे बच्चे

यह तो शाश्वत सत्य है कि समय बदलता रहता है और समय के साथ-साथ बहुत कुछ बदल जाता है। परिवर्तित परिस्थितियों में क्या बच्चे, क्या युवा और क्या बुजुर्ग हरेक में बहुत सारे अलग-अलग परिवर्तन आते रहते हैं। दरअसल, मानव जीवन तीन चरणों में से होकर निकलता हैं। प्रत्येक स्टेज का अपना महत्व होता है। हमारे जीवन का पहला और सबसे महत्वपूर्ण चरण हमारा बचपन है। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होने लगते हैं। उनमें विशेष परिवर्तन होने लगते हैं। उनका शारीरिक और मानसिक विकास होना शुरू हो जाता है। बच्चों के बोलने और चलने का तरीका बदल जाता है। उनकी आवाज थोड़ी मोटी हो जाती है। वे अपनी मां की गोद से निकलकर आकाश में उड़ने लगते हैं। अब वे अकेले ही पैदल चलना चाहते हैं। वे घर से निकल अपने दोस्तों के साथ खेलना शुरू कर देते हैं। कई नए मित्र बनाने की तरकीब सोचते हैं।



लेखक: वीरेंद्र शर्मा
सेवानिवृत्त लेक्चरर ऊना( हि. प्र. )

वास्तव में, अब जब वे इस अवस्था में पहुंचते हैं तो वे अलग तरह से सोचना शुरू कर देते हैं। अब तो दोस्तों के साथ भी झगड़े और बहस होने लगती है। पुराने समय में भी ऐसा होता था, लेकिन अब 3-4 साल का बच्चा भी अपना पूरा दिन मोबाइल फोन पर गेम खेलने में बिताने लगा है। यह बहुत बुरी आदत है। उसकी भूख भी गायब हो जाती है। वह अब अपनी पवित्रता से बंधा नहीं है। अब फास्ट फूड उसकी पहली पसंद बन गया है। इससे आधुनिक युग में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा आ रही है। मोटापा बचपन से ही सभी उम्र के बच्चों को जकड़ने लगा है। ये किशोर बच्चे घर छोड़कर एक नई दुनिया देखते हैं। अपनी पढ़ाई की शुरुआत में वे अपने-अपने शिक्षकों से मिलते हैं। बच्चों के लिए एक बिलकुल नई दुनिया है जब वे अपने आसपास व दोस्तों से लड़ाई-झगड़ा और माता-पिता के बीच लड़ाई होती देखता हैं। यह कितना उचित है? यह बच्चों में मानसिक और शारीरिक समस्याओं का कारण भी बनता है।

इस विशेष समस्या का समाधान ढूंढना अत्यंत महत्वपूर्ण है। पड़ोसियों के साथ मेलजोल बहुत महत्वपूर्ण है। एक तरह से यह वास्तविक दुनिया है। लड़ाई-झगड़े से बच्चों



के शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा पड़ना स्वाभाविक है। इस महत्वपूर्ण समय में माता-पिता का यह नैतिक कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों के साथ अधिक समय बिताएं। छोटे बच्चों के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली चीजें खरीदें और हर समय उनका ध्यान रखें। परस्पर सौहार्दपूर्ण संबंध बनाएं। बच्चों के सामने हर समय लड़ाई करते रहना कोई अक्लमंदी का प्रमाण नहीं। बच्चों के दिलो-दिमाग पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। वे तनाव में रहने लगते हैं तो उनका शारीरिक व मानसिक विकास रुक सा जाता है।

अनंत ज्ञान

बचपन से निकल कर जब बच्चे युवावस्था की ओर अग्रसर होते है तो यह उनके जीवन का दूसरा चरण कहलाता है। यहां वे सब बंधन तोड़कर सीमाओं से परे जाना चाहते हैं । उनकी रुचियां बदल जाती हैं। वे छोटी-छोटी चीजों में बड़ी खुशी हासिल करना चाहते हैं। इस अवस्था के दौरान उनका पर्याप्त शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उनके लिए अब अपने दिल की आवाज बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। इस स्तर पर पहुंच वे अपने माता-पिता की अपेक्षा साथियों के साथ अधिकांश समय व्यतीत करना चाहता है। उनकी ऊंचाई बढ़ने लगती है। इस श्रेणी के बच्चों के अंगों में अधिक परिवर्तन होने लगते हैं। मासिक धर्म के बारे लड़कियां बात करने से भी डरती हैं। खैर, अब बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए स्कूल स्तर पर एक बहुत अच्छी पहल की गई है। यह सरकार का बहुत सराहनीय कदम है। 2020 के लॉकडाउन के दौरान देश के सभी स्कूलों को बंद करने के आदेश दिए गए थे। देश में लगभग 2 वर्षों तक सभी स्कूल बंद रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई पिछड़ गई। ऑनलाइन शिक्षण कोई विशेष अच्छी प्रणाली नहीं है। यह हमारी मजबूरी थी, लेकिन घर पर 'नकल' करके जो अंक हमने प्राप्त किए वे अंक हमारे या हमारे प्यारे बच्चों के लिए लाभदायी नहीं थे, बल्कि उनका भविष्य अत्यंत अंधकारमय हो गया। इस कोविड-19 महामारी ने सभी देशों के अधिकांशत: लोगों को तबाह कर दिया है। शिक्षा का स्वरूप बदल गया है।

स्कूल न जाने के कारण शिक्षा का स्तर काफी गिर गया। सरकारें अपने शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली बुनियादी ढांचे से संबंधित गलत आंकड़े प्रस्तुत करके समय-समय पर अपने राज्य को सर्वोपरि दिखाने में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे रहते हैं जैसा कुछेक पूर्व मौजूदा सरकार पंजाब राज्य को समूचे देश में प्रथम स्थान दिलाने में सफल रही। इमारतें अत्यंत भव्य, आकर्षक और मनमोहक बना दी गईं हैं। बेशक छात्र आकर्षक सुंदर पोशाक पहनकर निजी स्कूलों से प्रतिस्पर्धा करते नजर आते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से समस्या वहीं की वहीं है। अगर बच्चे अपने मां-बाप का इस अवस्था में विशेष ध्यान नहीं रखेंगे तो बुजुर्गों का बुढ़ापा बर्बाद हो जाएगा। तब वे न तो जीवित रह सकते हैं और न ही मृत। बच्चों को भी यह याद रहना चाहिए कि एक न एक दिन उन्हें भी बूढ़ा होना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# समाज में उन्नति लाएगा हिंदू नववर्ष

हिंदू धर्म में नववर्ष का आरंभ विक्रम संवत के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। इस वर्ष विक्रम संवत 2082 का शुभारंभ 30 मार्च 2025 को हो रहा है। यह दिन पंचांग के अनुसार अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है और इसे पूरे देश में अलग-अलग नामों से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। महाराष्ट्र में इसे 'गुड़ी पड़वा' के रूप में, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में 'उगादि', पंजाब में 'बैसाखी' और कश्मीर में 'नवरंभ' के रूप में मनाया जाता है। विक्रम संवत 2082 का प्रारंभ इस वर्ष विशेष शुभ योगों में हो रहा है।



लेखक : कैप्टन लेखराज शर्मा
जोगिंद्रनगर

इस दिन ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति अत्यंत मंगलकारी रहेगी। यह नव वर्ष रविवार से प्रारंभ हो रहा है, जो विशेष शुभ संकेत देता है। इस संवत्सर के राजा और मंत्री दोनों सूर्य होंगे, जिससे राजनीति, प्रशासन और समाज में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सूर्य का प्रभाव होने के कारण शासन व्यवस्था सुदृढ़ होगी, प्रशासनिक मामलों में सुधार





आएगा, अनुशासन बढ़ेगा और सामाजिक समरसता में वृद्धि होगी। नए संवत्सर की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च 2025 की रात 4:27 बजे प्रारंभ होगी और 30 मार्च 2025 की रात 12:49 बजे समाप्त होगी।

इस वर्ष नव संवत्सर का राजा और मंत्री दोनों सूर्य होंगे, जिसका विशेष प्रभाव समाज और राजनीति पर देखने को मिलेगा। सूर्य के राजा होने से सरकारी तंत्र अधिक प्रभावी रहेगा, कृषि क्षेत्र में सुधार होगा, तथा व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेंगे। मंत्री सूर्य का प्रभाव विशेष रूप से कृषि और अर्थव्यवस्था में वृद्धि के रूप में दिखाई देगा। राजनीतिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी, हालांकि कुछ क्षेत्रों में विरोध-प्रदर्शन और संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। समाज में नैतिकता और धार्मिक प्रवृत्तियों में वृद्धि होगी, जिससे लोग अध्यात्म की ओर अधिक आकर्षित होंगे।

अनंत ज्ञान

हिंदू नववर्ष का शुभारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है, जिसे ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना का दिन माना जाता है। इस दिन विशेष रूप से मंदिरों में पूजा-अर्चना की जाती है। घरों में तोरण, बंदनवार और रंगोली सजाई जाती है तथा विशेष पकवान बनाए जाते हैं। महाराष्ट्र में इस दिन गुड़ी की स्थापना की जाती है, जो विजय, समृद्धि और मंगलकामना का प्रतीक मानी जाती है।

संवत्सर 2082 के अनुसार पहला मास चैत्र होगा, इसके देवता सूर्य होंगे और इसका प्रथम दिन रविवार होगा। यह नव संवत्सर विशेष शुभ संयोगों में प्रारंभ हो रहा है, जिससे समाज में उन्नति, प्रशासन में सुधार और धार्मिक प्रवृत्तियों में वृद्धि की संभावनाएं हैं। इस वर्ष का प्रारंभ शक्ति, ऊर्जा और सकारात्मकता के प्रतीक सूर्य के नेतृत्व में हो रहा है, जिससे आने वाले समय में समाज और देश में महत्वपूर्ण सुधार और उन्नति देखने को मिलेगी। इस नव संवत्सर के शुभारंभ पर सभी को शुभकामनाएं! यह नववर्ष सभी के लिए सुख, समृद्धि और शांति लेकर आए, ऐसी कामना की जाती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### खाद्य पदार्थों में हानिकारक रंगों का न हो उपयोग

**लक्की, करसोग।** करसोग में 5 से 11 अप्रैल तक मनाए जाने वाले सात दिवसीय जिला स्तरीय नलवाड़ मेले के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने मेले के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि मेले में बिकने वाले विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों मिठाईयों इत्यादी में हानिकारक रंगों (सिंथेटिक कलर्स) का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। एसडीएम ने गोलगप्पे (पानी-पुरी) विक्रेताओं को विशेष रूप से निर्देश दिए हैं कि वे स्वच्छ पानी, ताजा सामग्री का उपयोग करें और हाइजीन के सभी नियमों का पालन करें। एसडीएम ने बताया कि जिला स्तरीय नलवाड़ मेला करसोग के लिए प्लॉट आबटंन मेला मैदान में 30 व 31 मार्च, 2025 को प्रातः 11 बजे से किया जाना है। उन्होंने बताया कि जो भी व्यक्ति प्लॉट लेना चाहता है वे निर्धारित समय पर मेला मैदान में पहुंच अपना प्लॉट ले सकता है।

### किसान मेला पधर को लेकर देवता कमेटी ने की चर्चा

**अनंत ज्ञान, पधर।** पधर में 15 से 19 अप्रैल तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय किसान मेले की तैयारियों के संबंध में एसडीएम पधर, सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में देवता कमेटी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष मेले में सूत्रधारी ब्रह्मा सहित लगभग 28 देवी-देवता अपनी उपस्थिति से मेले की शोभा बढ़ाएंगे। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को आईपीएच रेस्ट हाउस से देवी-देवताओं की भव्य जलेब का आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान, देवी-देवताओं के बैठने के स्थान और नजराना राशि पर चर्चा की गई। इसके अलावा, 15 अप्रैल को चामुंडा माता डलाह द्वारा जल शक्ति विभाग के रेस्ट हाउस के पास भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आम जनता से प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया गया है। एसडीएम ने इस अवसर पर नए देवी-देवताओं को जोड़ने के संबंध में कहा कि प्रशासन अपने स्तर पर किसी भी नए देवता को शामिल नहीं करेगा। इसमें निर्णय केवल देवता कमेटी द्वारा ही लिया जाएगा। इससे संबंधित कोई निर्णय लिया जाता है तो प्रशासन को 3 अप्रैल तक बता दें।

### अग्निवीर भर्ती के लिए 10 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय मंडी कर्नल डी.एस. सामंत ने यहां बताया कि मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिले के युवा 10 अप्रैल तक अग्निवीर जनरल ड्यूटी, क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल, टेक्निकल ट्रेडमैन 8वीं और 10वीं पास के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फॉर्म जमा (सबमिट) करने के लिए उम्मीदवार को वेबसाइट पर लॉगिन करके आवेदन करना होगा।

### 101 वर्षीय समाजसेवी चेतराम का हुआ निधन



**अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर चौक गांव की मशहूर समाजसेवी चेत उर्फ कैला राम का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। चेतराम उर्फ कैला राम सुकेत रियासत में पानी के महकमे में पानी प्रदाता थे। उसके बाद देश आजाद होने पर राज्य सरकार के सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारी के रूप में काम करने लगे। कैलाराम मिलनसार, परिश्रमी, समाज सेवा के लिए आगे रहने वाले व्यक्ति थे। उनके निधन पर गंगा राम राजी, कृष्ण महादेविया, मनोज चौहान, रोशन खत्रवाडू, रत्न शर्मा, सुरेंद्र मिश्रा, राजेंद्र शर्मा, सूबेदार भगत राम ने शोक व्यक्त किया है। अनेक गणमान्य लोगों ने शोक संतप्त परिजनों से संवेदना व्यक्त की है।

### विद्युत उपभोक्ता 31 तक करवाएं बिलों का भुगतान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-3, होशियार सिंह राणा ने उपमंडल के तहत आने वाले विद्युत उपभोक्ता से आग्रह किया है कि वह अपने बिजली बिलों का 31 मार्च, 2025 तक ऑनलाइन माध्यम से भुगतान करना सुनिश्चित करें । उन्होंने बताया कि इसके बाद बिल का भुगतान न करने वालों के बिना किसी सूचना के विद्युत मीटर काटने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### नलवाड़ और देवता मेला धर्मपुर में 4 अप्रैल से

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** छह दिवसीय नलवाड़ व देवता मेला धर्मपुर में 4 से 9 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए प्लॉट आवंटन के लिए इच्छुक व्यापारियों से निविदाएं आमंत्रित हैं। सहायक आयुक्त (राजस्व) एवं तहसीलदार संधोल विपिन ठकुर ने बताया कि इच्छुक व्यापारी धर्मपुर कॉलेज मैदान व सांई भवन के सामने डोम, झूले व अस्थायी दुकानों के लिए 29 मार्च प्रातः 11 बजे तक एसडीएम कार्यालय धर्मपुर में निविदाएं दर्ज करवा सकते हैं। इसके साथ ही जर्मन हैंगर के लिए भी निविदाएं अपेक्षित हैं। उन्होंने बताया कि नलवाड़ एवं देवता मेले के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं में साउंड सिस्टम, ऑर्केस्ट्रा बैंड सिस्टम व मेले के दौरान लाइट/टैंट के सामान जैसे कि वीआईपी कुर्सी, सोफा, साधारण शामियाना, पानी रहित शामियाना, बिजली की सजावटी लड़ियां, कनौपी, मैटिंग, प्लास्टिक कुर्सी, बैज इत्यादि की आपूर्ति के लिए भी निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। निविदाएं एसडीएम धर्मपुर के कार्यालय में 29 मार्च 2025 को क्रमशः दोपहर 1 बजे, दोपहर 12.30 बजे व 12 बजे तक मोहर बंद लिफाफे में प्राप्त हो जानी चाहिए। उन्होंने बताया प्राप्त निविदाएं 29 मार्च को मेला के लिए गठित कमेटी द्वारा निविदादाताओं के समक्ष या अनुपस्थिति में खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यापारी 29 मार्च दोपहर 3 बजे तक एसडीएम कार्यालय में मोहर बंद लिफाफे में निविदाएं प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि टेंडर फॉर्म की भुगतान राशि पांच सौ रुपए मूल्य निर्धारित की गई है।

### सांस्कृतिक संध्याओं में उभरती प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एक से पांच अप्रैल तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए आज दूसरे दिन लगभग 60 कलाकारों ने ऑडिशन प्रक्रिया में भाग लिया है। इस ऑडिशन प्रक्रिया के माध्यम से कलाकारों के प्रदर्शन के आधार पर सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए चयन किया जाएगा। कलाकारों के ऑडिशन लेने के लिए मेला समिति ने एक कमेटी गठित की है। मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों को ऑडिशन के माध्यम से चयन का अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने का मौका दिया जाएगा ताकि नई प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान किया जा सके। उन्होंने बताया कि लगभग 60 कलाकारों ने ऑडिशन प्रक्रिया में भाग लिया है। तीसरे व आखिरी दिन 29 मार्च को जिला मंडी व कांगड़ा के बैजनाथ व पालमपुर उपमंडल को छोड़कर प्रदेश के अन्य जिलों के कलाकार ऑडिशन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

### एसडीएम ने किया सड़क कार्य का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, मंडी।** उपमंडलाधिकारी, (ना) सदर मंडी ओमकांत ठाकुर ने आज राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन मंडी-पठानकोट सड़क का निरीक्षण किया। इस अवसर पर ओमकांत ठाकुर ने सड़क से क्षतिग्रस्त होने वाले मकानों के मूल्यांकन के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय उच्च मार्ग तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को राईट ऑफ वे के बाहर के मामलों में समयबद्ध तरीके से कार्यवाही करने को भी कहा ताकि प्रभावितों को नुकसान का उचित मुआवजा मिल सके।

## सलापड़ स्कूल की दुर्दशा सुधारे बीबीएमबी प्रबंधन अन्यथा करेंगे संघर्ष : चमन राही

# सस्ती शिक्षा पर लगा ग्रहण

### स्कूल में एक दर्जन के लगभग पोस्ट स्वीकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राजकीय बीएसएल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलापड़ मंडी के हाल बेहाल हैं। यहां फैली अव्यवस्था से न केवल खस्ताहाल स्कूल भवन बल्कि शौचालय, मैदान से लेकर दरवाजों तक सब फटेहाल हैं। गौर हो कि इस स्कूल की सब व्यवस्था भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड डैहर विद्युत गृह परिमंडल सलापड़ अधीक्षण अभियंता द्वारा की जाती है।

अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित अभिभावकों ने हिमाचल सरकार व बीबीएमबी प्रबंधन से स्कूल की गुहार लगाई है। इसको लेकर अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही के नेतृत्व में परिषद के जिलाध्यक्ष चंद्रवीर कागरा व अल्पसंख्यक समाज के प्रदेश संयोजक सन्नी इपन ने स्कूल परिसर का दौरा करने के उपरांत भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड डैहर विद्युत गृह परिमंडल सलापड़ के अधीक्षण अभियंता ई. विकास शर्मा को ज्ञापन सौंप बैठक की। चमन राही ने बताया कि स्कूल भवन की ऊपरी मंजिल की छत्त पूरी तरह खस्ताहाल है, जिस कारण बच्चों के



ज्ञापन सौंपते हुए चमन राही, साथ हैं अन्य।

**कहा, षड्यंत्र के तहत नहीं सुधारी जा रही व्यवस्था**

सिर पर मटेरियल गिर सकता है। स्कूल भवन के दरवाजे भी टूटे हुए हैं, जिस कारण बंदर भवन के अंदर आकर उत्पात मचाते हैं। शौचालय के बाहर बना गड्ढा बच्चों की राह में रोड़ा बनता है। ग्राउंड की रैलिंग टूटी हुई हैं, जिस कारण कोई भी बच्चा नीचे गिर सकता है ।

वहीं बरसात के दिनों में पानी ग्राउंड में भर जाता है। टूटी हुई खिड़कियों से जीव जन्तु व सांप घुसने की चिंता बनी रहती है। लड़कों के शौचालय में सीटें और पानी के नल टूटे हुए हैं। इसके साथ ही पेयजल टैंक की हालत बुरी तरह प्रदूषित है, बच्चों में बीमारियां लगने की संभावना बनी रहती है।





चमन राही ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मांग की है कि सलापड़ कॉलोनी के साथ लगती आधा दर्जन गांवों गरीब घर के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं, जबकि निजी स्कूलों में सीबीएसई के लिए हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। चमन राही ने आशंका जाहिर की कि यह षड्यंत्र भी हो सकता है कि इस स्कूल में बच्चों के दाखिले न हों। जबकि बीबीएमबी प्रबंधन ने सुंदरनगर में मॉर्डन स्कूल चलाया है। उसी तर्ज पर इस स्कूल का भी सुधार हो, इस स्कूल में एक दर्जन के लगभग पोस्ट स्वीकृत हैं, तो मुख्यमंत्री वहां डेपुटेशन पर अध्यापक भेजें। इनका वेतन बीबीएमबी प्रबंधन ही वहन करता है।



# विधायक दिलीप ने उठाया गोवंश की रक्षा का मसला



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर ने कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार से प्रश्न पूछा कि बेसहारा गोवंश संरक्षण,स्थापित गो-सदन और आगामी योजनाओं के लिए सरकार द्वारा पिछले 3 वर्ष में क्या कदम उठाए गए।

इस सरकार द्वारा बेसहारा गोवंश संरक्षण के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई व इसका उपयोग किस प्रकार से हो रहा है, गो-सदनों के संचालन व रखरखाव हेतु कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। वर्तमान सरकार के पास अपने कार्यकाल के ठोस आंकड़े नहीं हैं वहीं संबंधित मंत्री ने उत्तर दिया अगस्त, 2020 से जनवरी 2025 तक आबकारी व कराधान विभाग द्वारा शराब सेस से प्राप्त राशि के अंतर्गत 58, 23,42,084 रुपए की राशि और गोसेवा आयोग द्वारा बजटीय संसाधनों से 40,04,65,523 राशि गौवंश को संरक्षण व आश्रय प्रदान करने के लिए गोसदनों पर व्यय हो चुकी है। गोसदनों में 700 रुपए प्रति माह प्रति गोवंश सहायता के रूप में दी जा रही है।

# विधायक इंद्र ने ढाबा संचालक पर हुए हमले की जांच पर उठाए सवाल

**आदर्श, नेरचौक**

मंडी जिला में ढाबा संचालक पर हुए हमले के मामले की गूंज विधानसभा में सुनाई दी। बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने इस मामले में जांच पर सवाल उठाए और सरकार को घेरने का प्रयास किया। विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि हिमाचल जैसे शांतिप्रिय प्रदेश में ढाबा संचालक पर जानलेवा हमला होना एक बहुत ही गंभीर मसला है। विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि पहले भी नगर परिषद के इस वार्ड में हत्या का मामला पेश आया था, लेकिन प्रशासन व सरकार गंभीर नहीं है।

उन्होंने कहा कि जब हम ऐसे गंभीर मामलों को सदन में उठाते हैं तो सरकार व मुख्यमंत्री यह आश्वासन देते हैं कि इन बढ़ते आपराधिक मामलों को रोकने के लिए व कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन को आदेश जारी किए जाएंगे मगर बल्ह थाने में कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाने का कोई जिक्र नहीं किया जाता है।

# 31 वर्षीय युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की गाहर पंचायत में हमीरपुर निवासी 31 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ को खा कर अपनी जान दे दी।

जानकारी अनुसार फतेहपुर से चंदैस रोड पर घंडू नाला के पास एक युवक को लोगों ने सड़क किनारे पड़ा हुआ देखा और पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो उन्होंने युवक को मृत अवस्था में देखा और जब उसके शव को उल्टा कर देखा तो वहां पर सलफास की ट्यूब और बदबू आ रही थी। युवक की पहचान अरुण कुमार पुत्र विपिन कुमार गांव व डाकघर जाहू, तहसील भोरंज जिला हमीरपुर हुई है। मृतक पंचायत सचिव की नौकरी कर रहा था और जब घर वापस नहीं आया तो घर वालों ने उसे उसके मोबाइल पर तलाश किया और न मिलने जाहू पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शव की कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल सरकाघाट में पोस्टमार्टम कराया और मृतक के स्वजनों की सौंप दिया। डीएसपी संजीव गौतम ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## महिला से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना के तहत डैहर पुलिस चौकी के दल ने गश्त के दौरान एक महिला के स्वामित्व में 2 हजार मिली लीटर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

जानकारी अनुसार डैहर पुलिस चौकी का दल जदरौन में गश्त पर था, वहीं पुलिस को सूचना मिली की क्षेत्र में एक महिला अवैध शराब बेचने का कार्य करती है। पुलिस ने वहां से 2 हजार मिली लीटर अवैध शराब बरामद की है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# चरस रखने के अपराध में 10 वर्ष की जेल

**अनंत ज्ञान, मंडी**

विशेष न्यायाधीश मंडी की अदालत ने एक अहम मामले में फैसला सुनते हुए आरोपी नसीब सिंह पुत्र रेवत राम निवासी त्रेला डाकघर बल्ह टिक्कर तहसील पधर मंडी को चरस रखने का अपराध सिद्ध होने पर 10 वर्ष के कठोर कारावास के साथ 1,00,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

जुर्माना न देने पर दोषी को 1 वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। जिला न्यायवादी मंडी एवं विशेष लोक अभियोजक विनोद भारद्वाज ने बताया कि 12 दिसंबर 2018 को पुलिस थाना पधर की एक पुलिस टीम और एस.एन.सी.सी, एफ.यू, कुल्लू की पुलिस टीम डायना पार्क के आसपास तस्करों की धरपकड़ के सिलसिले में सामान्य सेवा में मौजूद थी तभी संध्या काल 7:15 बजे पर एक व्यक्ति डायना पार्क लिंक रोड की तरफ से आ रहा था।

पुलिस द्वारा उस पर टोरच की रोशनी डालने पर वह एक दम से रुक गया और पुलिस को सामने देखकर अपने हाथ में पकड़े हुए बैग को फैंक कर पीछे की तरफ भाग गया। पुलिस टीम ने उसे कुछ ही दूरी में पकड़ लिया।

पुलिस को अपने सामने देखकर थैला फैंकने और भागने के कारण पूछने पर कोई भी संतोषजनक उतर नहीं दे पाया। पुलिस ने फैंके गए बैग की तलशी ली, जिसमें से चरस बरामद हुई। बरामद की गई चरस को तोलने पर कुल भार 1.852 किलोग्राम पाया गया था। माननीय न्यायालय के समक्ष 18 गवाह पेश किए।

माननीय न्यायालय ने इस मामले में उक्त दोषी को नारकोटिक्स ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ (एनडीपीएस) की धारा 20 के तहत 10 वर्ष के कठोर कारावास के साथ 1,00,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई और यदि दोषी जुर्माना देने में असफल रहता है तो उसे 1 वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

## विदाई जुमा की अदा की नमाज

**अनंत ज्ञान, महादेव।** मुकद्दस रमजान माह के चलते जहां रोजे रखे जा रहे हैं वहीं शादियों यानि निकाह के लिए चैत्र महीना मुस्लिम समुदाय के लोग काजी के सलाह मशविरे के मुताबिक बड़ा ही शुभ मानते हैं।

अबुल कलाम आजाद सीनियर सेकेंडरी स्कूल डीनक के चेयरमैन नूर अहमद एवं उनके एक अन्य सहयोगी हमजा ने बताया कि शुक्रवार को मुस्लिम भाइयों ने विदाई जुमा की नमाज जामा मस्जिद डीनक सहित डुगराईं, डडोह, भोजपुर सुंदरनगर आदि में अदा की। वहीं सुख समृद्धि की भी दुआ की।

# नगर निगम ने नवाजीं मिस हिमाचल प्रथम रनरअप कोमल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम के बैठक कक्ष में मिस हिमाचल प्रथम रनरअप 2025 एवं मिस हिमाचल फोटो फेस 2025 के खिताब से नवाजी गईं कोमल को नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

कोमल वार्ड नंबर 6 सन्यार्ड की निवासी है। पार्षद वीरेंद्र सिंह आर्य ने बताया कि किस तरह कोमल ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से इस महत्वपूर्ण सम्मान को प्राप्त किया है। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने कोमल की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी ।

## नुक्कड़ नाटक से ठगी के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, महादेव।** ग्रामीण बैंक महादेव स्थित धनोटू में बैंक मैनेजर अंकुश भाटिया की मौजूदगी में शुक्रवार को एक कला जत्था जो अयोध्या से आया बताया जाता है ने खाताधारकों आदि को अपने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया।

नाटक के माध्यम से चार सदस्यीय दल ने जहां सुरक्षित भविष्य के लिए बीमा पॉलिसी लेने की बात की, साथ ही ऑनलाइन ठगी से बचने को लेकर कहा कि किसी से अपना आधार, ओपीटी आदि शेयर न करें। वहीं अन्य साइबर ठगी के प्रति भी लोगों को जागरूक किया।

# हर्ष राणा इंडियन टैलेंट साइंस ओलंपियाड में रहा स्टेट टॉपर



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

अजय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरौन के छात्रों ने इंडियन टैलेंट ओलंपियाड की द्वितीय चरण की विज्ञान की परीक्षा में बेहतर स्थिति बनाकर पूरे भारतवर्ष में अपना नाम रोशन किया।

विज्ञान अध्यापिका कामना चंदेल ने बताया कि परीक्षा में हर्ष राणा स्टेट टॉप पर रहा। पारस कक्षा पहली का छात्र देश में 12वें स्थान पर रहा, जबकि इसी पाठशाला का चौथी कक्षा का छात्र बिहान ने देश में उनिसबां स्थान पर रहा। अमायरा सानवी ने टॉप 50 में अपनी जगह बनाई। जबकि टॉप 100 में बच्चों ने जगह बनाई, जिसमें रिद्धि, आराध्य, श्रीहान, शिवांश, अक्षित, दिवेश राणा, अंविका, अर्शिया, शिवांशी वरुण अंशिका श्रेया एंजल अपूर्वा तान्या विदेश अर्णव वर्मा अरनव ठाकुर जसमीत शर्मा अवनी अभय, एंजेल, खुशबू, ईशा, अंजलि, सीखा, आदर्श, ऋषभ सूर्यांश ने टॉप 100 में अपना स्थान बनाया। प्रधानाचार्य लता पठानिया ने बच्चों को बधाई दी।

# खूंटी गाढ़ कर नलवाड़ मेला बरच्छवाड़ शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



उपमंडल सरकाघाट की ग्रांम पंचायत बरच्छवाड़ का सात दिवसीय नलवाड़ मेला आज शोभा यात्रा के साथ शुरू हो गया। 28 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस मेले का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर की उपस्थिति में मेला मैदान में खूंटी गाढ़ कर किया।

इस अवसर पर त्रिवेणीघाट के शिव मंदिर से मेला मैदान तक शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में पारंपरिक पगड़ियों पहन कर एसडीएम, डीएसपी, जिला परिषद सदस्य, पंचायत प्रधान, बीडीसी सदस्य, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और महिला मंडलों की सदस्य शामिल हुए। मेला समिति की अध्यक्षा एसडीएम स्वाति डोगरा ने मुख्यातिथि को शॉल व स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर में अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि सात दिवसीय यह नलवाड़ मेला सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न अंग है, जिसमें हमारी प्राचीन समृद्ध संस्कृति देखने को मिलती है तथा मेले संस्कृति को संजोए रखने का माध्यम हैं।

इस बार भी यहां कृषि विभाग द्वारा आधुनिक खेती उपकरणों की जानकारी प्रदान करने के लिए प्रदर्शनियां लगाई गई हैं ताकि किसान अधिक जानकारी हासिल कर सकें।

अतिरिक्त उपायुक्त ने लार्ड बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा गिद्धा और पहाड़ी नाटी व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट की छात्राओं द्वारा की गई प्रस्तुति के लिए सराहा व पुरस्कृत भी किया।

# भ्रष्टाचार और माफियाराज पर झूठी बयानबाजी बंद करे भाजपा : राही

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



मंडी जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास राही ने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के नेता लगातार निराधार आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जयराम द्वारा दिए गए बयान में सच्चाई से कोसों दूर है। जबकि कांग्रेस सरकार जनता की भलाई और प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। जिन मामलों में भ्रष्टाचार की बात सामने आई, वहां त्वरित कार्रवाई की गई है और दोषियों को कानून के दायरे में लाया गया है। उन्होंने जयराम से सवाल किया कि वे बताएं कि कोरोना महामारी के दौरान जब जनता संकट में थी, तब पीपीई किट घोटाला किसके राज में हुआ? जनता की जान बचाने वाली किट्स में भ्रष्टाचार करके किसने मुनाफा कमाया? बीजेपी ने पीपीई किट्स की खरीद में अनियमितताएं कीं, खुलासा होते ही प्रदेश शर्मसार हो गया।

## पेट्रोल पंप के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो चोरी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर के भवाना में पेट्रोल पंप के बाहर खड़ी की स्कॉर्पियो चोरी हो गई है। यह घटना 26 मार्च रात की है, मालिक को जब टोल प्लाजा से टोल कटने का मैसेज आया तो वह पटियाला गया हुआ था। जिसके बाद पटियाला से लौटने पर उसने थाना सुंदरनगर में चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

जानकारी अनुसार प्राथमिकी में चितरंजन सिंह पुत्र गोली सिंह निवासी गांव पोकन जिला कुल्लू ने कहा कि अज्ञात वाहन को चोरी करके ले गया है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर जांच आरंभ कर दी गई है।

**आशीर्वाद**

## महिषासुर मर्दिनी माता कामाक्षा और नाग पुंडरीक रोहांडा मंदिर हुई विराजमान

# मां कामाक्षा 14 साल बाद सुंदरनगर में दे रही दर्शन

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

महिषासुर मर्दिनी माता कामाक्षा काओ करसोग ने अपने सुंदरनगर के दौरे के दौरान शुक्रवार को रोहांडा से प्रस्थान कर लिया है। इस दौरान माता कामाक्षा के प्रधान और मूल माहूंनाग के प्रधान रमेश कुमार वर्मा मौजूद रहे।

बीते रोज करसोग के काओ से शुरू हुई माता कामाक्षा और नाग पुंडरीक की यात्रा शुक्रवार को दूसरे दिन जारी रही और रात्रि विश्राम घीड़ी में किया जाएगा। वहीं माता भगवती कामाक्षा ने नाग पुंडरीक सहित रोहांडा स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में विराजमान होकर भक्तों को आशीर्वाद दिया। इस बार 12 वर्ष के पश्चात सुकेत की देवी मां कामाक्षा राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला-2025 में शामिल होने जा रही है। 2 अप्रैल से सुंदरनगर के जवाहर पार्क में देव कुंभ सजने जा रहा है। माता कामाक्षा ने इस बार देव समागम में शामिल होने की इच्छा जताई थी।

माता कामाक्षा के रथ के साथ सैकड़ों देवलु सुकेत के लिए निकले है। काओ से सुंदरनगर तक माता कामाक्षा भक्तों का आतिथ्य स्वीकार कर रही हैं और उन्हें आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ रही हैं।( अनंत ज्ञान)



### माता कामाक्षा का होगा भव्य स्वागत : अभिषेक सोनी

**सुकेत** सर्व देवता समिति के अध्यक्ष डा. अभिषेक सोनी ने कहा कि शुकदेव ऋषि की पावन धरा सुंदरनगर में इस बार सुकेत रियासत की अधिष्ठात्री माता कामाक्षा नाग पुंडरीक सहित पधार रही है। देव रीति के अनुसार माता कामाक्षा का सुंदरनगर पहुंचने पर स्वागत किया जाएगा। सुकेत सर्व देवता कमेटी माता के आथित्य के पूरी तरह से तैयार है।

### महिषासुर मर्दिनी के नाम से विख्यात है माता भगवती कामाक्षा

**मान्यतानुसार** सतयुग में जब दानव महिषासुर का आतंक फैला हुआ था। इस पर महिषासुर के भय से ब्रह्मा, विष्णु, शिव और इंद्र देवता भयभीत हो गए। देवता हिमालय की पहाड़ियों में आकर विचार विमर्श करने लगे कि कैसे इस दानव से छुटकारा पाया जाए। सभी देवताओं के मन में आक्रोश पैदा हुआ और उससे एक ज्वाला पैदा हुई। इस ज्वाला ने कन्या का रूप धारण किया और कन्या महिषासुर मर्दिनी माता कामाक्षा हुई। महिषासुर दानव का वध कर देवताओं की रक्षा की थी।

# अभिलाषी में युवाओं को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अभिलाषी विश्वविद्यालय में नशा उन्मूलन को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मंडी की पुलिस अधीक्षक (एसपी) साक्षी वर्मा ने मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रह कर विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के बढ़ते प्रभाव और उससे होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था।

एसपी साक्षी वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर



एसपी मंडी साक्षी शर्मा को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

रहकर एक सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। एसपी वर्मा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. एचके चौधरी ने कहा कि अब तक विश्वविद्यालय परिसर में नशे से जुड़ी कोई भी घटना नहीं हुई है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी संस्थान की स्वच्छ और अनुशासित वातावरण की परंपरा बनी रहेगी।

एसपी ने नशे से जुड़ी कानूनी धाराओं और पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियानों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

इस जागरूकता अभियान के लिए एसपी साक्षी वर्मा का अभिलाषी विश्वविद्यालय में पधारने हेतु कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी एवं प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी ने आभार व्यक्त किया और छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशंसा की। वहीं कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवाओं का भविष्य तभी उज्ज्वल हो सकता है जब वे नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहकर शिक्षा और आत्मविकास पर ध्यान दें। इस दौरान अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी, प्रो चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार ने कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### नवरात्र मेले में मां चिंतपूर्णी में लागू रहेगी विशेष व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, ऊना।** माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में चैत्र नवरात्र मेले के दौरान लोगों की सुविधा और सुचारु कानून व्यवस्था के लिए 30 मार्च से 6 अप्रैल तक विशेष व्यवस्था लागू रहेगी। इसे लेकर जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक मेले के दौरान कानून व्यवस्था में तैनात जवानों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा हथियार लेकर चलने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। जतिन ने बताया कि नवरात्र के दौरान ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए मंदिर न्यास को छोड़कर अन्यों द्वारा लाउडस्पीकर के इस्तेमाल करने पर पूर्ण मनाही रहेगी। मेले के दौरान ब्रॉस बैंड, ड्रम, लंबे चिम्टे इत्यादि के लाने पर भी पूर्ण पाबंदी रहेगी। यदि कोई व्यक्ति इन वस्तुओं को अपने साथ लाता है तो उन्हें पुलिस द्वारा स्थापित बैरियर पर ही जमा करवाना होगा। साथ ही इस दौरान पॉलीथीन के इस्तेमाल पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। खुले में और सड़क किनारे लंगर लगाने पर भी प्रतिबंध रहेगा और आतिशबाजी इत्यादि की भी अनुमति नहीं होगी। उपायुक्त ने कहा कि मेलावधि के दौरान माता श्री चिंतपूर्णी जी के दर्शनार्थ बनाए गए पंजीकरण काउंटर पर पर्ची लेना अनिवार्य रहेगा।

### सलोह में कुल देवी के दर आशीर्वाद लेने पहुंचे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरोली क्षेत्र के सलोह गांव के कुल देवी मंदिर में पितरों का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए देश-प्रदेश से भक्त पहुंचे। समागम में कुल देवी मंदिर में मंत्रोच्चारण के साथ मां को चुनरियां अर्पित कर धार्मिक समागम का शुभारंभ किया गया। इसमें सभी भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। देहरिया जसवाल परिवार कमेटी के प्रतिनिधियों की ओर से भक्तों के लिए वार्षिक समागम में अटूट लंगर भी लगाया गया। गुरबख्श सिंह जसवाल ने बताया कि भक्तों की हर मन्नत इस मंदिर में पूर्ण होती है।

### हिंदू नववर्ष मनाने श्रद्धालु जाएंगे हरिद्वार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में हरिद्वार में श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा का आयोजन किया जा रहा है। ऊना जिले के भक्त भी इस कथा में भाग ले रहे हैं। धार्मिक समागम के लिए रवाना होने से पहले 29 मार्च को सायं 4 बजे गुगलैहड़ के शिव मंदिर में परमहंस पुनीत गिरि जी महाराज की अगुवाई में कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु भाग लेंगे। तत्पश्चात श्रद्धालु बसों में हरिद्वार के लिए रवाना हो जाएंगे।बता दें कि हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में 30 मार्च से 5 अप्रैल तक हरिद्वार में श्री महंत प्रेम गिरि जी महाराज व अवधेशानंद जी महाराज के सानिध्य में भगवान धाम कबीर आश्रम धर्मशाला ट्रस्ट भूपतवाला हरिद्वार में सुबह 10 से 2 बजे तक श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के संत व भक्त उपस्थित होंगे।

### समक्ष का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली उपमंडल के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाला गोंदपुर बुल्ला के विद्यार्थी समक्ष शर्मा का नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन ने मुंह मीठा करवाते हुए उसे व उसके माता पिता को बधाई दी तथा भविष्य के लिए उसे शुभकामनाएं दी। मुख्य शिक्षक राजेश कुमार ने बताया कि समक्ष शर्मा बहुत ही होनहार मेधावी है। इसका श्रेय उसकी कड़ी मेहनत व स्कूल प्रशासन को जाता है। हमारी पाठशाला पिछले कई वर्षों से लगातार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। अतः पिछले सालों में भी हमारी पाठशाला के कई विद्यार्थी उपरोक्त परीक्षा पास करके नवोदय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त स्कूल के छात्र अन्य गतिविधियों जैसे संस्कृतिक कार्यक्रम, खेलों आदि में में भी हर वर्ष अपना लोहा मनवाते हैं।

### पीएमआर स्कूल की छात्राएं नवोदय के लिए चयनित



**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब के तहत पड़ते पीएमआर इंटरनेशनल स्कूल रपोह मिसरां कि छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया है। स्कूल की दो छात्राओं ने नवोदय छठी कक्षा कि प्रवेश परीक्षा पास कर विद्यालय, अध्यापकों और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। स्कूल की एमडी मधु शर्मा और प्रधानाचार्य राकेश कुमारी ने बताया कि तन्मया बड़ोगा पुत्री सोहन लाल और मान्या शर्मा पुत्री राहुल कुमार भारद्वाज ने नवोदय विद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सफलता हासिल की है। प्रधानाचार्य ने बताया कि नवोदय और सैनिक स्कूल कि परीक्षाओं के लिए उनका स्कूल विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग दे रहा है, ताकि मेधावी विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिल सके। प्रधानाचार्य ने इसका श्रेय मेहनती पीएमआर के अध्यापकों तथा छात्रों के अभिभावकों को दिया है।

### हनुमान मंदिर धुंधला में वार्षिक भंडारा लगाया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बंगाणा तहसील के अंतर्गत पड़ते गांव धुंदला के हनुमान मंदिर में वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर रणजीत सिंह, अजीत सिंह, अभिषेक ठाकुर, अकक्ष जयसवाल, अमन कुमार, नीतिश शर्मा, अमित शर्मा, अक्षय ठाकुर, पंकज, विवेक मनकोटिया, पर्शराम आदि युवक मौजूद रहे। अभिषेक ठाकुर अक्कू ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें बाबा बालक नाथ आने जाने वाले श्रद्धालुओं समेत अन्य यात्रियों को भोजन कराया जाएगा।। कई वर्षों से इस स्थान पर सड़क हादसे होते देख इस मंदिर का निर्माण कराया गया है। जब से यहां हनुमान जी विराजमान हैं, तब से हादसों में लगाम लगा है।

# जवान आपदाओं से करेंगे सुरक्षा

## जिले में 5 हजार नागरिक सुरक्षा वालंटियरों की भर्ती प्रक्रिया शुरू

**राजेश शर्मा, ऊना**

आपदा के समय जनभागीदारी को सुनिश्चित बनाने के लिए ऊना जिले में करीब पांच हजार नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक रखने की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। समाज हित में कार्य करने का जज्बा रखने वाले युवा इस भर्ती के लिए आ सकते हैं। इसके लिए 18 से 50 वर्ष आयु के युवक-युवतियां स्वयंसेवक बनने के लिए होमगार्ड्स कंपनी कमांडर ब्लॉक कार्यालयों ऊना, अंब, हरोली, बंगाणा और गगरेट में आवेदन दे सकते हैं। आवेदनकर्ता फिजिकल फिट होना चाहिए तथा पढ़ा-लिखा होना चाहिए। देश का नागरिक होना चाहिए। समाज सेवा में रुचि होनी चाहिए।

देश-प्रदेश में किसी भी प्रकार की आपदा में सेवा करने का जज्बा होना चाहिए। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर नागरिक सुरक्षा वालंटियरों को रखा जाएगा, इन्हें निशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी। आई कार्ड व यूनिफार्म भी मिलेगी। काबिलेगोर है कि बीते वर्ष आई आपदा में प्रदेश सरकार ने हर जिले में नागरिक सुरक्षा कोर स्थापित करने का फैसला लिया था, जिसे अब अमलीजामा पहनाया जा रहा है। गृह विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी की है और इसका पूरा जिम्मा सिविल डिफेंस डिपार्टमेंट देखेगा।

हिमाचल प्रदेश की आबादी का एक फीसदी हिस्सा यानी लगभग 70 हजार लोगों को इस नागरिक सुरक्षा कोर में शामिल करने का प्रस्ताव है। प्रत्येक जिला में यह कोर स्थापित होगी, जहां पर इसे डीसी के कंट्रोल में रखा जाएगा। सब डिवीजन के स्तर पर एसडीएम इसकी कंट्रोलिंग अथॉरिटी होगी।

वहीं, पंचायत स्तर पर पंचायत प्रधान वार्डन होंगे। जो लोग अपनी इच्छा से सिविल डिफेंस के इस काम में आपदा के समय अपनी भागीदारी देना चाहते हैं, उनको विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण इसलिए होगा, ताकि किसी भी आपदा में वे बेहतर काम कर सकें और ज्यादा से ज्यादा जीवन बचा सकें।



> ऊना जिले में करीब 5 हजार नागरिक सुरक्षा वालंटियरों का चयन किया जा रहा है, जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले के हर ब्लॉक के कंपनी कमांडर कार्यालय में इच्छुक युवक-युवतियां अपना आवेदन कर सकते हैं। चयन के बाद आई कार्ड व यूनिफार्म भी दी जाएगी, जिन्हें देश-प्रदेश में ट्रेनिंग भी दी जाएगी।
> **विकास सकलानी, कमांडेंट मेजर होमगाईर्स बाहिनी ऊना जिला**

### देश-प्रदेश में होगी ट्रेनिंग

सिविल डिफेंस डिपार्टमेंट का जिम्मा सिविल डिफेंस डिपार्टमेंट को दिया है, जो कि गृह विभाग के अधीन आता है। इसमें आपदा प्रबंधन विभाग को भी जोड़ा गया है, जो गांव स्तर पर अपने आपदा मित्रों की सेवाएं लेता है। वहीं, चयनित स्वयंसेवकों को देश-प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर ट्रेनिंग करने का सुअवसर भी मिलेगा।

**हिमाचल में हर साल होती हैं आपदाएं :** हिमाचल प्रदेश में हर साल आपदाएं होती हैं। भूस्खलन, भूकंप व चाहे बरसात की बात करें या फिर सर्दियों की, कोई न कोई अप्रिय घटना यहां देखने को मिलती है। इतना ही नहीं हिमाचल प्रदेश के कई इलाके भूकंप के प्रति भी संवेदनशील है और कहीं न कहीं हलके झटके भी महसूस किए जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों से जूझने के लिए सरकार लोगों की जन भागीदारी सुनिश्चित कर रही है, ताकि आपदा के समय ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग मदद को आगे आएं। (अनंत ज्ञान)

## चिंतपूर्णी न्यास की एलईडी पर अन्य धर्म का वीडियो चलाने के विरोध में दिया ज्ञापन

**विवेक शर्मा, अंब**



विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को चिंतपूर्णी में लगे एक एलईडी पर यीशु मसीह और मरियम की वीडियो दिखाए जाने का विरोध किया। इस मुद्दे को लेकर कार्यकर्ताओं ने कड़ा ऐतराज जताया और इस संबंध में एसडीएम अम्ब को एक ज्ञापन सौंपा।

वीएचपी और बजरंग दल के नेताओं ने आरोप लगाया कि इस वीडियो के माध्यम से हिंदू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना था कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह के धार्मिक कंटेंट को प्रसारित करना न केवल धार्मिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा सकता है, बल्कि यह समाज में असहमति और तनाव पैदा कर सकता है। ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने मांग की कि एलसीडी पर इस तरह की वीडियो सामग्री को तुरंत रोका जाए और भविष्य में इस प्रकार के धार्मिक वीडियो दिखाने से बचा जाए।

एसडीएम अंब ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से मामले की जानकारी मिली थी, जिस पर तुरंत कार्रवाई कर वीडियो को बंद करवा दिया गया था। इसके बाद जांच करने पर पता चला कि जिस डिवाइस में मां चिंतपूर्णी की वीडियो चलती है। उसमें कोई तकनीकी खराबी आ जाने के चलते यह सारा प्रकरण घटित हुआ है आगे इस तरह की घटना घटित न हो इसके लिए भी मंदिर प्रशाशन को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

**इन्होंने दिया ज्ञापन :** इस मौके पर विभाग गो सेवा प्रमुख संजीव चौहान, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप ठाकुर, बजरंग दल जिला संयोजक राहुल ठाकुर, गगरेट प्रखंड बजरंग दल अध्यक्ष रवि पटियाल, बजरंग दल के सुरेश सोनी, जिला बजरंग दल सहसंयोजक, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख कपिल सूद, जिला प्रचार प्रसार सह प्रमुख विवेक शर्मा, अमित गोतम, एडवोकेट अनिल शर्मा, गब्बर सिंह, विकी, मनोज कौशिक, एडवोकेट राजकुमार धनोटिया, एडवोकेट रमेश चौधरी, स्पर्श शर्मा उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह की अमृत वर्षा का भक्तों को करवाया रसपान

**अनंत ज्ञान, जोल**

श्री राधा कृष्ण मंदिर बड़ोआ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास ने श्रीकृष्ण और रुक्मणि के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान करवाया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच-बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं।

श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन हर दिन की तरह सर्वप्रथम आचार्य पुष्पेंद्र शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान, हवन यज्ञ एवं मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से शुभारंभ करवाया तथा भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महाराज लीला का वर्णन किया। इस मौके पर सुखदेव शर्मा, तरसेम लाल शर्मा, तिलकराज शर्मा, शिवम बौद्ध, रिटायर्ड सूबेदार हरदीप सिंह ठाकुर, सतीश शर्मा, गोपू एवं सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के कृष्ण भक्त मौजूद रहे।

### बंगाणा में श्रीकृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमुडा कॉलोनी बंगाणा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास आचार्य जगमोहन शास्त्री जी के सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि के दिव्य विवाह का आनंद लिया। वहीं, सुंदर झांकी द्वारा मंच से भगवान श्री कृष्ण और देवी रुक्मणी की शादी की गई। इस पावन अवसर पर कथा व्यास ने भगवान की विभिन्न लीलाओं का सजीव वर्णन किया, जिसमें कंस वध, गोपियों की महारासलीला, गोकुल से मथुरा और मथुरा से द्वारका तक की यात्रा, तथा भक्तों को मोक्ष प्रदान करने जैसे प्रसंग शामिल थे। इस अवसर पर कथा आयोजिक नरेश कुमार लक्की, पूजा सोनी, राजन सोनी बिक्की, बिंदु सोनी, देसराज मोदगिल, दिनेश खत्री, मनु खत्री, मदन गोपाल बोहरा, मधु बोहरा, तिलक राज बांटा, मधु बाला, ज्योति वर्जाता,हंसराज वर्जाता, बबीता कुटलैहड़िया सहित अन्य श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद उठाया।

## रटे-रटाए उत्तरों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं : दीपक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में क्रिटिकल और क्रिएटिव थिंकिंग के विषय पर दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप स्नेहलता और उनकी सहयोगी वंदना गुलेरिया के द्वारा ली गई। स्नेहलता सेंट ऐन्स कॉन्वेंट स्कूल चंडीगढ़ में कार्यरत हैं और पिछले 34 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

इन्होंने सीबीएसई के शिक्षण, प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम विकास,कक्षा प्रबंधन और साइबर सुरक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है तथा उनकी सहयोगी वंदना गुलरिया डीएवी पब्लिक स्कूल अंबोटा में कार्यरत हैं और सीबीएसई के स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम से जुड़ी हुई हैं । यह पिछले ढाई वर्षों से रिसोर्स पर्सन के तौर पर अपनी सेवाएं दे रही हैं और शिक्षा के क्षेत्र में इनका पिछले 20 वर्षों का अनुभव रहा है।



सेमिनार में हिस्सा लेने वाले विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों के साथ आयोजक।

**बीपीएस में क्रिटिकल और क्रिएटिव थिंकिंग विषय पर सेमिनार आयोजित**

स्नेहलता ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में समस्या समाधान, नवाचार एवं तार्किक विश्लेषण कौशल को विकसित करना है। उन्होंने बताया कि आलोचनात्मक चिंतन छात्रों को तर्क संगत निर्णय लेने और गहन विश्लेषण करने में मदद करता है, जबकि रचनात्मक चिंतन उन्हें नए विचारों को विकसित और नवीन समाधान खोजने की क्षमता प्रदान करता है।

उन्होंने अध्यापकों से विभिन्न गतिविधियां करवाईं, जिससे अध्यापकों ने बहुत सी नई बातें सीखीं। उन्होंने कहा कि हर बच्चा विशेष है, हमें हर बच्चे को 'आउट ऑफ़ द बॉक्स' सोचने का मौका देना है जिसके परिणामस्वरूप विद्यार्थी योग्यता आधारित प्रश्नों को आसानी से हल कर पाएंगे।

उन्होंने अध्यापकों को ब्लूम टैक्सनॉमी, लेवल ऑफ इंटेलिजेंस, रुब्रिक्स, लर्निंग आउटकम्स आदि विषयों की गहन जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान अध्यापकों ने वक्ताओं से विभिन्न प्रश्न किए और इन कौशलों को व्यावहारिक रूप से सीखने का अवसर प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य दीपक कौशल जी ने कहा कि केवल रटे-रटाए उत्तरों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि हमें स्वयं सोचने, प्रश्न पूछने और अपने विचारों को नए ढंग से प्रस्तुत करने की आदत डालनी होगी। यह क्षमता न केवल हमारी शिक्षा में बल्कि हमारे व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### हमारा मुख्य उद्देश्य जनता को न्याय दिलाना है : निरंजन

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** शुक्रवार को बार एसोसिएशन अंब द्वारा एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट निरंजन घोचक को उनकी शिमला ट्रांसफर होने पर विदाई पार्टी का आयोजन करवाया गया। बताते चलें कि न्यायाधीश निरंजन घोचक ने लगभग 3 साल सब डिविजनल कोर्ट अंब में बतौर न्यायाधीश की भूमिका निभाई और विदाई पार्टी के समय उन्होंने अंब के सभी अधिवक्ताओं की तारीफ की, साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य जनता को न्याय दिलाना है जिसके लिए हम सदैव कार्य करते रहेंगे।

इस मौके पर बार एसोसिएशन अंब के प्रधान प्रिंस सूद ने बार एसोसिएशन की तरफ से न्यायाधीश निरंजन धोचक का आभार प्रकट किया, साथ ही इस मौके पर बार एसोसिएशन अंब के समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे।

## गर्मियों के मद्देनजर जवानों ने प्राकृतिक जलस्रोत किए चकाचक



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले में होमगार्ड्स व फायर ब्रिगेड के जवानों ने प्राकृतिक जलस्रोतों को चकाचक करने का अभियान छेड़ा है।

होमगार्ड्स वाहिनी के कमांडेंट मेजर विकास सकलानी के दिशा-निर्देशन के अनुसार हरोली के धर्मपुर, अंब के मेडी व बड़साला, अंबोटा, रामनगर व ठडबाड़ा में तालाबों की सफाई कर जीर्णोद्धार किया गया है। बावड़ियां साफ की गई हैं। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। विभाग की इस मुहिम को पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा सराहा जा रहा है । इस दौरान यह सबक भी दिया जा रहा है कि स्वच्छता स्वस्थ शरीर के लिए कितनी उपयोगी है।

कमांडेंट विकास सकलानी ने इस मुहिम में जन सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि अभियान में प्राकृतिक जलस्रोतों को साफ किया जा रहा है ताकि गर्मी में पानी की कोई किल्लत न आए । उन्होंने मुहिम की सफलता के लिए हर वर्ग से जवानों का सहयोग करने को कहा है।

### डीसी ने ईवीएम-वीवीपैट मशीनों के वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने ट्रक यूनियन के समीप उप मुहाल बाग ऊना में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) और वीवीपैट (वोटर वेरीफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) मशीनों के वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने वेयर हाऊस की सुरक्षा व्यवस्था, मशीनों के रखरखाव और प्रबंधन से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मशीनों की नियमित जांच सुनिश्चित करें और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की उचित देखभाल आवश्यक है। इस दौरान तहसीलदार (चुनाव) सुमन कपूर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 15 मामलों में जारी की 1.67 लाख की राहत राशि : उपायुक्त



जिला सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी जतिन लाल।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत अनुसूचित जाति के लोगों को समाज में समानता का अधिकार दिलाने, जातिगत भेदभाव व अत्याचार निवारण को लेकर गठित जिला सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की त्रैमासिक बैठक शुक्रवार को उपायुक्त ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

उपायुक्त ने बताया कि इस अधिनियम के तहत सजा दिलाने के साथ-साथ पीड़ित को कानूनी संरक्षण और पुनर्वास राहत राशि के रूप में एक लाख से 8 लाख 25 हजार रुपए तक की धनराशि देने का प्रावधान है, जिसे प्रथम किस्त एफआईआर होने पर, दूसरी किस्त मामला न्यायालय में प्रस्तुत होने पर और शेष राशि का भुगतान फैसला आने पर किया जाता है।

उन्होंने बताया कि ऊना जिले में एसी एसटी अधिनियम के तहत 1 जनवरी, 2024 से माह फरवरी, 2025 के अंत तक पंजीकृत 24 मामलों में से जांच के उपरांत पुलिस द्वारा 4 मामलों में एससी एसटी अधिनियम की धारा हटा दी गई है। एक मामले में पीड़िता द्वारा राहत राशि के लिए पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। अब तक 15 मामलों में पीड़ितों को 1 लाख 67 हजार रुपए की राहत राशि प्रदान की जा चुकी है। शेष पर कार्रवाई जारी है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, जिला कल्याण अधिकारी अनीता शर्मा, तहसील कल्याण अधिकारी जतिंद्र कुमार, अधिवक्ता सुरेश ऐरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## इंडस्ट्रियल एरिया मैहतपुर में पशु जन्मदर नियंत्रण पर शिविर आयोजित



**अनंत ज्ञान, ऊना**

औद्योगिक क्षेत्र मैहतपुर में पशु चिकित्सालय मजारा द्वारा आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण हेतु पशु जन्मदर नियंत्रण शिविर लगाया गया। इस शिविर की अध्यक्षता पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक दिनेश परमार ने की, जबकि एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या से कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिनमें सड़क दुर्घटनाएं, लोगों पर हमले शामिल हैं। उन्होंने पशु चिकित्सालय द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना की और कहा कि इस तरह के शिविर भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाने चाहिएं। पशु चिकित्सालय मजारा के पशु चिकित्सक डॉ. अमित शर्मा ने बताया कि शिविर आयोजित करने का उद्देश्य क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करना और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित बनाना था। इस दौरान पशु चिकित्सकों और कर्मचारियों की एक विशेष टीम ने वैज्ञानिक पद्धति से 31 मादा श्वानों के सफलतापूर्वक नसबंदी ऑपरेशन किए गए। इसके अलावा श्वानों को एंटी रेबीज की वैक्सीन दी गई।

इस दौरान डॉ. निशांत, डॉ. शिल्पा, डॉ. दीपशिखा, डॉ. अंकुश, डॉ. रितिका, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. हरीश सहित पंचायतों के प्रतिनिधि, समाजसेवी संगठन और गणमान्य उपस्थित थे।

**आयोजन** जिला स्तरीय बैंक सलाहकार एवं समीक्षा बैठक की एडीसी ने की अध्यक्षता

## धोखाधड़ी से निपटने के लिए उचित कदम उठाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने बैंकों को वार्षिक ऋण योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने के निर्देश दिए ताकि लोगों की आर्थिक जरूरतों को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने किसानों को लाभान्वित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को कृषि कार्ड वितरित, कृषि औजारों हेतु ऋण प्रदान करने तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने को भी कहा। यह बात एडीसी ने जिला स्तरीय बैंक सलाहकार एवं समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

महेंद्र पाल गुर्जर ने बैंकों की वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत की गई उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन प्राथमिक क्षेत्र में ऋण वितरण की कम उपलब्धि पर चिंता जताई। उन्होंने सभी बैंकों को जमा-ऋण अनुपात बढ़ाने और प्राथमिक क्षेत्र में ऋण वितरण में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों और नीतियों का पालन करते हुए बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिक से अधिक लोगों को ऋण योजनाओं का लाभ मिले, जिससे आमजन और उद्यमियों को लाभ पहुंच सके।



एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर बैंक अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

उन्होंने सभी बैंको को निर्देश दिए कि सरकार प्रायोजित योजनाओं के तहत ऋण आवेदनों को समय पर मंजूरी दें। इसके अलावा बैंकिंग प्रणाली में ग्राहकों के साथ आए दिन हो रही धोखाधड़ी के लिए उचित कदम उठाने तथा अधिक से अधिक ग्राहकों को जागरूक करने एव सतर्कता बरतने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी जोर दिया। एडीसी ने तीसरी तिमाही में बैंकों द्वारा लक्ष्यों के बदले उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले के बैंकों ने दिसंबर 2024 तक 2398.71 करोड़ के ऋणों के वार्षिक लक्ष्य के बदले में 2257.13 करोड़ के ऋण वितरित किए। बैंकों की जमा राशि 14548.54 करोड़ हो गई है। इसमें 6.81 प्रतिशत वार्षिक दर से वृद्धि हुई है, जबकि ऋण 10.73 प्रतिशत की दर से बढ़ कर 4553.79 करोड़ हो गया है।

जिला का ऋण जमा अनुपात वर्ष में 31.30 प्रतिशत हो गया है। जिले का ऋण जमा अनुपात राष्ट्रीय लक्ष्य 60 प्रतिशत की अपेक्षा कम है। उन्होंने बैंकों का ऋण जमा अनुपात सुधारने के लिए बैंकों और सरकारी विभागों को भरसक प्रयत्न करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि बैंकों ने 31 दिसंबर, 2024 तक किसानों को 69754 कृषि कार्ड बांटे जबकि दिसंबर तिमाही में बैंकों ने 439 कृषि कार्ड बांटे हैं। बैंकों का कृषि ऋण 862.96 करोड़ है जो कि कुल ऋणों का 18.95 प्रतिशत है। उन्होंने बैंकों को जनता के जीवन स्तर को सुधारने के लिए हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी, भारतीय रिजर्व बैंक से जिला अग्रणी अधिकारी राहुल जोशी, मुख्य जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक लहरी मल, आरसेटी निदेशक पारूल विरदी, उपनिदेशक बागवानी केके भारद्वाज, उपनिदेशक कृषि कुलभूषण धीमान सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयकों तथा सरकारी/गैरसरकारी अधिकारियों ने भाग लिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जमणी (विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत जमणी विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र. द्वारा वित् वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यो के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड निविदाएं (कुटेशनें) आमंत्रित की जाती हैं। ये निविदायें दिनांक 05/04/2025 को 3 बजे दोपहर तक निविदा शुल्क 1000 रु के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएं ग्राम पंचायत की मासिक बैठक में खोली जाएंगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत जमणी को सुरक्षित होगा इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी। शर्ते लागू।

**सामग्री का विवरण-** 1. रेत क्रशर -प्रति घन मीटर , 2. बजरी क्रशर 10,20,40एमएम- प्रति घन मीटर, 3. सोलिंग बोल्डर पत्थर-प्रति घन मीटर, 4. पत्थर (कट स्टोन) प्रति पत्थर (6*8 इंच), 5. ईट मिटटी के भठे की-प्रति 1000, 6. इंटरलोक टाइल पेवर्स 40,50,60एमएम, व सीमेंट कंक्रीट पाथ टाइल -प्रति पीस प्रति साइज, 7. जेसीबी मशीन द्वारा मिटटी कटान व ब्रेकर -प्रति घन मीटर (हार्ड सॉफ्ट रॉक प्रति घंटा), 8. शटरिंग लोहा व लकडी -प्रति फुट, 9. हार्डवेयर आईटम (सरिया 8,10,12, 16एमएम, एंगल, चैनलसाइज वार, टाइल, पेंट, रेलिंग लोहा बिल्डिंग फिटिंग, सैनिटरी फिटिंग्स व लेवर रेट आदि) - आइटम वार व प्रति किलो/किवंटल प्रति पॉइंट, 10. मिक्सचर मशीन- प्रति दिन प्रति घंटा, 11. साईन बोर्ड/वाल राइटिंग/पेंटिंग-साइज वार/अन्य, 12. स्टेशनरी- विभिन्न रजिस्टर कागज इत्यादि सभी आईटम्स, 13. अन्य सामग्री- आईटम वार

**नियम व शर्ते-**1. निविदादाता (आपूर्तिकर्ता) के पास अपना पंजीकरण TIN NO/CST/GST NO. होना आवश्यक है। 2. रेत बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी M/X FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होगे M/X FORM उपलब्ध न करवाने पर बिल की अदायगी नहीं की जाएगी तथा साथ में सरकार द्वारा निर्धारित सपथ पत्र साथ जमा करवाना होगा । 3. सभी दरों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगी। 4. सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी। 5. रेत, बजरी, पत्थर, ईंटों इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल जहाँ तक वाहन योग्य सड़क है तक करवानी होगी तथा ग्राम पंचायत के पूरे क्षेत्राधिकार में एक ही रेट देय होगा। 6.अनुमोदित निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति से पूर्व सामग्री की गुणवत्ता की जांच सक्षम तकनीकी कर्मचारी से करवानी होगी, अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 7. अनुमोदित निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 8. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अस्वीकृत रद्द करने समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 9. सामग्री खरीद का अंतिम मूल्य निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाताओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जाएगा। 10. पारित निविदादाता को मु 20,000/- रुपये धरोहर सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के नाम करबाने होंगे।

**प्रधान सचिव ग्राम पंचायत जमणी, विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र.**

# कुल्लू में जल्द बनेगा मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट : बुद्धि ठाकुर

## अभिनंदन समारोह में कहा-मुख्यमंत्री का सपना हिमाचल प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना

कमलेश वर्मा, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश मिल्क प्रोड्यूसर फेडरेशन (मिल्कफेड) के नवनियुक्त चेयरमैन बुद्धि सिंह ठाकुर ने कहा कि कुल्लू जिले में जल्द ही एक नया 20 हजार लीटर का मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट लगने जा रहा है।

यह बात उन्होंने शुक्रवार को कुल्लू में आयोजित अभिनंदन समारोह में अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि बजौरा के चुटी बिहाल में भूमि चयनित की है और इस प्लांट के लगने से यहां के दुग्ध उत्पादकों के अलावा लोगों को रोजगार भी मिलेगा। वहीं, उन्होंने बताया कि कांगड़ा में 250 करोड़ का मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट बनकर तैयार हो रहा है। मुख्यमंत्री सूक्खू का सपना हिमाचल प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है और हर गरीब परिवार व महिला को सशक्त करना है। इसके लिए पूरे प्रदेश में दुग्ध सोसायटी बनानी हैं, जिनमें महिलाओं की अलग हो, युवाओं की अलग हो। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री और कांग्रेस हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह बेहद

**कांगड़ा में 250 करोड़ रुपए का मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट बनकर तैयार हो रहा**

चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अपनी इस नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया है। मिल्कफेड के विस्तार की योजना बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 11500 दुग्ध सोसायटियां हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर हिमाचल की सभी पंचायतों व गांवों में दुग्ध सोसायटियां स्थापित की जाएंगी।

इससे महिलाओं व युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और घर-घर में आय का साधन विकसित होगा। मुख्यमंत्री ने उन्हें निर्देश दिए हैं कि रुकना एक दिन भी नहीं है, पूरे प्रदेश में जाएं और हर घर, हर गांव में लोगों से मिलकर कैसे लोगों के खाते में उनकी कमाई से पैसे जाएं। अभी यह काम आनी, निरमंड में है, यहां पर 107 दुग्ध सोसायटी बन चुकी हैं। अब हमें जिलेभर के लोगों को जोड़ना है और दूध के कारोबार को बढ़ाना है। (अनंत ज्ञान)



### गांव-गांव में लगाए जाएंगे जागरूकता शिविर

**मिल्कफेड** के नवनियुक्त अध्यक्ष बुद्धि सिंह ने कहा कि हर गांव, हर घर में गाय पालन बारे लोगों को जागरूक किया जाएगा। गाय पालन के साथ-साथ लोगों को गाय को फीड, घास व पानी कितना देना है उसके बारे में भी गांव-गांव में जाकर लोगों को जागरूकता शिविर के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

### बड़े भाई बुद्धि सिंह कर्मठ, निष्ठावान और जुझारू नेता : सुंदर ठाकुर

**कुल्लू** के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि कर्मठ, निष्ठवान और जुझारू बड़े भाई बुद्धि सिंह ठाकुर को मेरी और पूरे जिले के लोगों की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि बुद्धि सिंह ठाकुर एक कर्मठ कार्यकर्ता व पार्टी से जुड़े हुए हैं और इनकी कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए ही मुख्यमंत्री ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, जिसे ये बखूबी निभाएंगे।

### कुल्लू पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**प्रदेश** सरकार की ओर से स्टेट को-ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर फेडरेशन (मिल्कफेड) के चेयरमैन नियुक्त किए बुद्धि सिंह ठाकुर का शुक्रवार को जिला मुख्यालय कुल्लू पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। कुल्लू जिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित जिला परिषद चेयरमैन सहित अन्य पदों पर कांग्रेस के लिए चार दशक से भी अधिक समय तक अपनी सेवाएं देने वाले बुद्धि सिंह को महत्वपूर्ण पद मिलने पर उनके गृह क्षेत्र आनी सहित पूरे जिले के लोगों में खुशी का माहौल है। बुद्धि सिंह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के करीबी माने जाते हैं, तभी उनकी ताजपोशी इतने बड़े पद पर हुई है। शुक्रवार को कुल्लू के ढालपुर स्थित परिधि गृह में आयोजित अभिनंदन समारोह व प्रीति भोज कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिलेभर से कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

## 1996 बच्चे, 208 गर्भवती महिलाएं, 265 धात्री महिलाओं को मिल रहा पोषाहार लाभ



जितेंद्र गुप्ता, आनी

बाल विकास परियोजना अधिकारी आनी के तहत 1996 बच्चों, 208 गर्भवती महिलाएं और 265 धात्री महिलाओं को पोषाहार कार्यक्रम के अंतर्गत लाभ दिया जा रहा है।

इसके तहत 6 माह से लेकर 6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं को पूरक पोषाहार कार्यक्रम के अंतर्गत लाभ पहुंचाया जा रहा है। खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति (परियोजना आनी) की बैठक के दौरान यह तथ्य समिति के अध्यक्ष एसडीएम आनी नरेश वर्मा के समक्ष पेश किए गए। उन्होंने बैठक की अध्यक्षता भी की। एसडीएम नरेश वर्मा ने बैठक में उपस्थित विभिन्न संबंधित अधिकारियों को महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी तरीके से पात्रों तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर प्रभावी कदम उठाने पर भी बल दिया। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी इंद्र सिंह गर्ग ने विस्तार से विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं को बैठक में जानकारी प्रदान की। साथ ही विभागीय कार्यों की प्रगति का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। समेकित बाल विकास सेवाओं के अंतर्गत अनौपचारिक पूर्वशाला शिक्षा, पूरक पोषाहार, प्रतिरक्षण, स्वास्थ्य जांच, संदर्भ सेवा (चिकित्सा परामर्श) और स्वास्थ्य एवं पोषाहार शिक्षा शामिल है। बीते दो सालों में बेटी है अनमोल योजना के तहत 4,95,600 की एफडीआर पात्र बेटियों के नाम पर विभाग द्वारा जमा की गई है। वर्तमान सरकार ने शगुन योजना में 45 बेटियों को 31-31 हजार और 7 मामलों में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 51-51 हजार रुपए पात्र बेटियों को वितरित किए हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 29 से 31 तक सिस्सू में होगा यती उत्सव



अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। लाहौल घाटी में फरवरी माह में शुरू हुआ स्नो फेस्टिवल यती उत्सव अब अपने अंतिम चरण की ओर अग्रसर हो रहा है। 29 से 31 मार्च तक यती उत्सव के अंतिम चरण को जिला के प्रवेश द्वार सिस्सू में मनाया जा रहा है। प्रशासन के द्वारा इस अंतिम उत्सव को बहुत ही उत्साह के साथ संपन्न करने का प्रयास किया जा रहा है। इस उत्सव में मुख्य आकर्षक में तीरंदाजी, हिम मूर्तिकला, स्कीइंग प्रतियोगिया लाहौली परंपरा को दर्शाती शोभायात्रा, लाहौली व्यंजन व विभिन्न स्थानीय उत्पादन मुख्य आकर्षण रहेंगे। इसके अतिरिक्त हिमाचली कलाकार रोजी शर्मा, रूबीना, आकाश, बीरबल किन्नौरा व रमेश ठाकुर भी तीन दिनों के दौरान अपनी रंगारंग मधुर आवाज में प्रस्तुतियां देंगे। यति महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने बताया कि यति महोत्सव के समापन अवसर पर सिस्सू में 29 से 31 तक सभी उम्र के लोग उत्सव, संगीत और आनंद से भरे जादुई कार्यक्रम में शामिल होकर यति उत्सव का आनंद उठाएं। 29 से 31 मार्च तक 3 दिनों की कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार से रहेगी। सांस्कृतिक परेड (शोभायात्रा) सिस्सू जीरो प्वॉइंट से ग्राउंड तक स्थानीय वेशभूषा में सजधज कर लाहौली पुरुष व महिलाएं शामिल रहेंगी। कार्यक्रम स्थल पर विधिवत रूप से पूजा-अर्चना के उपरांत कार्यक्रम का आगाज किया जाएगा। विभिन्न प्रदर्शनियों के स्टाल्स का भी उद्घाटन किया जाएगा। इसके साथ स्नो स्कल्पचर कंपटीशन भी आयोजित करवाया जाएगा तथा बुनाई तथा मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। स्थानीय महिला मंडलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों के उपरांत गर्फी नृत्य महानाटी का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न स्कूल के स्टूडेंट्स के भी रंगारंग कार्यक्रम होंगे। बैठक में जानकारी प्रदान की गई कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में वर्तमान सरकार ने 486 महिलाओं को अभी तक 6-6 हजार रुपए की राशि प्रदान की है। बैठक में मदर टेरेसा असहाय, मातृ संबल योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, महिला स्वरोजगार योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना, घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम-2005 और स्वयं सहायता समूह पर भी जानकारी प्रदान की गई।

### कमलकांत विद्रोही की स्मृति में बेटे ने लिखा गीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले से संबंध रखने वाले वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि स्व. कमलकांत विद्रोही की स्मृति में उनके बेटे विवेक शर्मा ने एक गीत समर्पित किया है। पिता की याद में विवेक शर्मा द्वारा लिखित इस गीत को हिमाचल की प्रसिद्ध गायिका कृष्णा ठाकुर द्वारा स्वर दिया है, जबकि संगीत संदीप ठाकुर ने दिया है। विवेक शर्मा ने बताया कि इस ऑडियो व वीडियो गीत का विमोचन किया गया है। गुरु पदम संभव गोंपा रिवालसर में केयर हिमालय संस्था द्वारा निर्मित ऑडियो वीडियो टशी डेले का उद्घाटन गोंपा के प्रमुख टुलकु रिंपोचे द्वारा किया गया।

## युवक मंडल, एनजीओ पंजीकरण करवाना करें सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी कुल्लू कुमारी कविता ठाकुर ने कहा कि निदेशालय, युवा सेवा एवं खेल विभाग, शिमला 2 प्रदेश के निर्देशानुसार जिला कुल्लू के सभी युवा मंडलों और एनजीओ को अवगत करवाया जाता है कि वे अपने युवक मंडल और एनजीओ को नीति आयोग की वेबसाइट एनजीओ दर्पण पोर्टल में पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। युवा सेवा एवं खेल विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा समय-समय पर युवा मंडल व एनजीओ को सहायतानुदान राशि दी जाती है। कुल्लू के सभी युवा मंडलों व एनजीओ को सूचित किया जाता है कि वे 31 मार्च से पहले अपना पंजीकरण नीति आयोग की वेबसाइट एनजीओ दर्पण पोर्टल में पंजीकृत करवाना सुनिश्चित करें। अन्यथा आपको भविष्य में मिलने वाली सहायतानुदान राशि से वंचित रहना पड़ेगा।

## कुल्लू जिले में 1,14,202 राशनकार्ड 4,16,370 की आबादी को कर रहे कवर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

डीसी तोरुल रवीश ने जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जानकारी दी कि कुल्लू जिले में 114202 राशनकार्ड हैं, जो 4,16,370 की आबादी को कवर करते हैं।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत बीती छमाही के दौरान 455 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को कुल 30.41 करोड़ रुपए मूल्य की आवश्यक वस्तुएं व खाद्यान्न सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाए गए हैं। जिले में विकास खंडवार की 31 शाखाएं भी उपभोक्ताओं को सस्ता राशन उनके घरद्वार के समीप वितरित कर रही हैं। डीसी ने कहा कि जिले में आधार सीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया है। उपभोक्ताओं के राशन कार्ड डेटाबेस में किए गए मोबाइल सीडिंग कार्य जिले में 99.53 प्रतिशत पूरा कर लिए हैं तथा इस पर तेजी के साथ काम चला है और अगले कुछ महीनों में यह सौ फीसदी कर लिया जाएगा। सभी 455 उचित मूल्य की दुकानों पर बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से पीओएस मशीनों द्वारा खाद्यान्नों की बिक्री करवाई जा रही है।

जिले के दूरवर्ती क्षेत्रों में उचित मूल्य की दुकान जरूरत अनुसार खोली जा रही है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में बीती छमाही के दौरान 9937 मीट्रिक टन आटा और 6076 मीट्रिक टन चावल उपभोक्ताओं को सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाए गए हैं। डीसी ने बताया कि विशेष अनुदान योजना के तहत 1345 मीट्रिक टन चीनी, 296 मीट्रिक टन उड़द, 371 मीट्रिक टन मलका दाल, 741 मीट्रिक टन दाल चना, 451 मीट्रिक टन आयोडीन युक्त नमक, 757513 लीटर सरसों का तेल, 107070 लीटर रिफाइंड तेल उपभोक्ताओं में वितरित किया है।

## राजा के नाम हिम आंचल टैक्सी ऑपरेटर की कमान

### किरण कुमार उपाध्यक्ष, तेजराम महासचिव व कृष्ण देव सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष बने

अनंत ज्ञान, मनाली



हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी हिम आंचल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन मनाली के प्रधान पद की कमान इस बार टैक्सी ऑपरेटर्स ने राजकमल उर्फ राजा के हाथ सौंपी है। बता दें कि प्रधान पद के लिए तीन उम्मीदवार थे, जिनमें पूर्ण चंद पोहलू, पूर्ण चंद उर्फ शाहरुख खान व राजकमल उर्फ राजा शामिल थे।

गत दिन यूनियन के चुनाव हुए, जबकि शुक्रवार को सुबह से मतगणना का दौर शुरू हुआ। इसमें पूर्ण चंद पोहलू को 509 मत, पूर्ण चंद उर्फ शाहरुख खान को 384 मतों से संतोष करना पड़ा, जबकि राजा को सबसे अधिक 1288 मत पड़े हैं। राजकमल राजा पूर्ण चंद को 779 मतों से हराकर प्रधान बने हैं। 2199 मतदाताओं ने मतदान किया था, जिनमें 18 मत रद्दहुए। वहीं, उपाध्यक्ष के लिए किरण कुमार और जय चंद के बीच मुकाबला हुआ। किरण कुमार ने जय चंद को 218 मतों से हराया। किरण कुमार को 1200, जबकि जयचंद को 982 मत पड़े, जबकि 17 मत रद्द हुए। महासचिव के लिए तेज राम और किशोरी लाल के बीच मुकाबला हुआ। तेज राम ने किशोरी को 194 मतों से हराया। तेज राम को 1190, जबकि किशोरी को 996 मत पड़े। 13 मत रद्द हुए। इसके अलावा कृष्ण देव पहले ही सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष बने हैं। चुनाव अधिकारी एवं नायब तहसीलदार मनाली हुक्म राम ने बताया कि कुल 2199 मतदाताओं ने मतदान किया था। उन्होंने बताया कि राज कमल अध्यक्ष, किरण कुमार उपाध्यक्ष, जबकि तेज राम को महासचिव पद का विजेता घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि हिम आंचल टैक्सी आपरेटर यूनियन मनाली के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए हैं। सुबह दस बजे से मतगणना प्रक्रिया शुरू हो गई थी। चुनाव परिणाम सुनने के लिए टैक्सी यूनियन के कार्यालय के बाहर टैक्सी ऑपरेटरों की भारी भीड़ जुटी। दिनभर ऑपरेटर परिणामों की प्रतीक्षा में रहे। सबसे पहले महासचिव के मतों की गणना शुरू हुई। उसके बाद उपप्रधान और सबसे अंत में प्रधान पद के लिए पड़े मतों की गणना की गई। दोपहर करीब दो बजे प्रधान पद के लिए हुई मतगणना का परिणाम घोषित किया। उसके बाद जीते हुए सभी पदाधिकारियों व अन्य सदस्यों ने मालरोड पर खूब जश्न मनाया। उधर, प्रधान बने राज कमल ने उन्हें प्रधान बनाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों के साथ मिलकर यूनियन की बेहतरी के लिए काम करने का आश्वासन दिया।

## सड़कों में ब्लैक स्पॉट्स को दुरुस्त करने के लिए उठाएं प्रभावी कदम : तोरुल रवीश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



डीसी तोरुल रवीश ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक की अध्यक्षता की। डीसी ने एनएचएआई तथा लोक निर्माण विभाग को अपनी-अपनी सड़कों में ब्लैक स्पॉट्स को दुरुस्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों को जिले में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए राष्ट्रीय मार्गों तथा संपर्क सड़कों में ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर इन स्पॉट पर चेतावनी बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जानकारी दी गई कि एनएचएआई के अंतर्गत टकोली से कुल्लू के बीच दो स्थानों पर ब्लैक स्पॉट तथा कुल्लू से मनाली के बीच तीन स्थान बबेली, डोभी सहित तीन स्थानों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जिन पर टू-लेन सपरेशन, रंबल स्ट्रिप तथा साइनेज लगाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि दुर्घटनाओं से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। डीसी ने पुलिस विभाग तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रावधान उठाने के लिए मिलने वाले फंड को इसमें सदुपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईराड ऑनलाइन पोर्टल पर समय-समय पर आवश्यक जानकारी का अद्यतन करते रहें। उन्होंने पुलिस राजस्व तथा लोक निर्माण विभाग को दुर्घटना के स्थल पर संयुक्त रूप से जाकर निरीक्षण करने तथा संयुक्त रिपोर्ट बनाकर भेजने के निर्देश दिए, ताकि दुर्घटनाओं के कारणों की सही जानकारी लेकर उनका निराकरण करने का प्रयास किया जा सके। उन्होंने नदी के साथ सभी रास्ते बंद करने के भी निर्देश दिए।

## डोहलूनाला टोल प्लाजा का विरोध रहेगा जारी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू-मनाली सड़क पर डोहलूनाला टोल प्लाजा का विरोध जारी रहेगा। यह बात मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने विधानसभा सत्र के दौरान कही है। विधायक गौड़ ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को पहले कुल्लू-मनाली सड़क की खस्ता हालत को ठीक करना चाहिए, उसके बाद ही टोल प्लाजा की बात की जा सकती है। विधायक गौड़ ने कहा कि टोल प्लाजा के निर्माण से पहले सड़क की हालत को ठीक करना आवश्यक है। सड़क की खस्ता हालत के कारण यात्रियों को परेशानी होती है। रोड अभी भी अनेक स्थानों पर ठीक करने को है। टोल प्लाजा पर गुराही करना बिलकुल भी न्याय संगत नहीं है। विधायक ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से अपील की कि वह सड़क की हालत को जल्द ठीक करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सड़क की हालत ठीक नहीं होती, तब तक टोल प्लाजा का विरोध जारी रहेगा।

## नेहरूकुंड के पास क्षतिग्रस्त सड़क को जल्द ठीक करे बीआरओ : गोकुल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



पूर्व बीडीसी सदस्य गोकुल चंद ने कहा कि गत जुलाई को ब्यास में आई बाढ़ से नेहरूकुंड के पास क्षतिग्रस्त हुई सड़क की हालत अभी तक नहीं सुधर पाई है।

मनाली में पर्यटक वाहनों की आमद बढ़ने लगी है। सड़क की हालत नहीं सुधरने से नेहरूकुंड में ट्रैफिक जाम लगना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर सड़क की हालत नहीं सुधारी, तो बरसात में मनाली का लेह से संपर्क कट सकता है साथ ही नेहरूकुंड व बाहंग भी खतरे में पड़ सकता है। गोकुल चंद ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आठ महीने बीतने के बाद भी इस सड़क की हालत नहीं सुधरी है। समर सीजन आने वाला है। समर सीजन से पहले अगर सड़क की हालत नहीं सुधारी, तो ट्रैफिक जाम की भारी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। बरसात आने से पहले इस जगह आरसीसी की दीवार लगाना भी जरूरी है। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो बरसात के समय समस्त सड़क बह सकती है। सामरिक दृष्टि से इस सड़क का बहुत महत्व है। लेह-लद्दाख सीमा क्षेत्र के लिए रसद व जरूरी सामान यहां से होकर ही जाता है। सभी बातों को ध्यान में रखकर इस सड़क को जल्द दुरुस्त किया जाए।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## महिलाओं ने हमेशा अपनी काबिलियत को डंके की चोट पर किया साबित

कमलेश वर्मा, कुल्लू। महिलाओं के जीवन में संघर्ष और त्याग हमेशा से ही साथ-साथ चलते रहे हैं, लेकिन फिर भी महिलाओं की सहनशीलता का कोई मुकाबला नहीं है। महिलाओं को हर जगह खुद को साबित करने के लिए और कुछ पाने के लिए हमेशा से ही संघर्ष करना पड़ा है। अक्सर देखा गया है कि महिलाओं को कभी अपने परिवार से, कभी अपने दोस्तों से, कभी समाज से, कभी अपने सहयोगी कर्मचारी या अन्य आस पड़ोस के लोगों से भी सहयोग मिलने में बहुत परेशानी होती है क्योंकि बहुत से लोग आज भी काबिलियत को नजर अंदाज करते हैं। महिलाओं को कभी बेटी के रूप में, कभी पत्नी के रूप में, कभी मां के रूप में तो कभी कर्मचारी के रूप में हमेशा खुद को साबित करना पड़ता है और महिलाओं ने हर समय अपनी काबिलियत को डंके की चोट पर साबित किया है। महिलाएं एक ही समय में मां, बेटी, पत्नी सहित दर्जनों भूमिकाओं को पूरी ईमानदारी के साथ निभाने की अद्भुत काबिलियत रखती हैं। महिलाओं के बिना समाज में परिवार की कल्पना करना भी बहुत मुश्किल है। इस विषय पर महिलाओं की अपनी व्यक्तिगत राय क्या है, इसको लेकर कुछ महिलाओं से चर्चा की।

**महिलाओं को पुरुषों से केवल सुरक्षा, समानता और सम्मान की रहती है अपेक्षा**

### महिलाओं को हर जगह सुरक्षित माहौल मिले



केडी गोलू, कुल्लू।

महिलाओं के जीवन में चुनौती और संघर्ष चाहे जितना ज्यादा हो, लेकिन महिलाएं कभी भी अपने चेहरे पर सिकन तक नहीं आने देती। जीवन की हर चुनौती का डटकर मुकाबला करने की क्षमता एक महिला रखती है। मुझे लगता है कि एक महिला समाज में पुरुषों से बस इतना ही सहयोग चाहती है पुरुष महिलाओं की भावनाओं को समझते हुए उन्हें एक जिम्मेदारी की तरह माने और इस समाज में, अपने परिवार में, और जहां पर भी महिला कार्यरत हैं, वहां पर उसके साथ एक समान व्यवहार हो। अगर ऐसा न भी हो तो महिला घबराती नहीं, बल्कि हर सुख, दुख में वह सहनशीलता के साथ अपने कार्य में डटी रहती है। मेरे अनुसार महिलाओं को हर जगह सुरक्षित माहौल मिले। साथ ही अपने बेटों को भी ऐसा संस्कार दें कि महिलाओं का सम्मान किस तरह से करना है इस बारे में बचपन से ही उन्हें समझाया जाए।

### महिलाओं के बिना संसार में किसी भी चीज की कल्पना नहीं की जा सकती



शीला नेगी, बबेली।

मैं ऐसा मानती हूं कि महिलाओं के बिना इस संसार में किसी भी चीज की कल्पना नहीं की जा सकती। वैसे तो महिलाओं को पैदा होने से लेकर जीवन के अंतिम पड़ाव तक हर समय बदलाव से गुजरना पड़ता है, लेकिन एक महिला जब अपना घर बार छोड़ कर, अपनी पहचान छोड़कर, किसी पराए घर को अपनाने के लिए जाती है, तो यही वो क्षण होता है, जब एक महिला पूरी तरह से बदलाव से गुजरती है। इसके बाद जब वह मां बनती है, तो ऐसे में एक बार फिर से वह बदलाव से होकर गुजरती है, जहां पर एक महिला शारीरिक कष्ट को सहते हुए भी एक बच्चे को जन्म देती है और जननी कहलाती है। यूं तो महिलाओं का हर किरदार न जाने कितने ही चुनौतियों की परतों में लिपटा हुआ है, लेकिन एक मां के रूप में महिला अपने जीवन के सबसे चुनौतीपूर्ण समय से गुजरती है। महिलाओं को पुरुषों से केवल सुरक्षा, समानता और सम्मान की अपेक्षा रहती है। इसके अलावा वो पुरुषों से कुछ ज्यादा उम्मीद नहीं रखती।

### महिलाओं की सहनशीलता का कोई मुकाबला नहीं



अनिता शर्मा, सुल्तानपुर।

मुझे लगता है कि महिलाओं के लिए चुनौती व संघर्ष उनके जीवन में हमेशा से ही रहे हैं और महिला जब भी अपने किसी रूप में होती है, तो ऐसे में महिला उस भूमिका को पूरी ईमानदारी के साथ निभाती है। हालांकि, इसमें सभी महिलाओं की परिस्थितियों और उस समय में घटने वाली घटनाओं के आधार पर अपने व्यक्तिगत अनुभव हो सकते हैं। महिलाएं तब असहज होकर बदल जाती हैं, जब महिला की सहनशीलता जवाब दे जाए अन्यथा महिलाओं की सहनशीलता का कोई मुकाबला नहीं है। आज के समय में एक महिला का खामोश रहना या उनकी आवाज को दबाने की कोशिश करना ही महिलाओं के साथ अन्याय करने जैसा है। परिवार में एक मां ही होती है, जो सबका बराबर ध्यान रखती है। ऐसे में चूक की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए इसलिए मां बनना और सभी को एक साथ लेकर चलना ही एक मां की सबसे बड़ी ताकत है। आज के समय में महिलाएं यूं तो किसी भी चीज के लिए पुरुषों के मोहताज नहीं हैं, ऐसे में अगर पुरुष समाज में महिलाओं को तनाव रहित सुरक्षित माहौल देने में सहयोग करें, तो समाज के लिए ये संजीवनी का काम करेगा।

### समाज में महिलाओं को कमतर आंका जाता



इंदिरा शर्मा, मनाली।

मुझे लगता है एक स्त्री के जीवन में बहुत से बदलाव आते हैं, लेकिन जब एक स्त्री मां बनती है, तो उसकी जिंदगी पूरी तरह से बदल जाती है। पहले बेटी बनकर परिवार की शान बनना, उसके बाद विवाह कर एक पत्नी के रूप में जिम्मेदारी को निभाना और उसके साथ ही मां बनकर पूरे परिवार की जिम्मेदारी को अपने कंधों पर उठकर चलना, जोकि बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इस कारण एक महिला का जीवन पूरी तरह से बदल जाता है। अक्सर हमारे समाज में महिलाओं को कमतर आंका जाता है और महिलाओं के द्वारा घर परिवार के लिए जाने वाले कार्य को मात्र उसकी एक जिम्मेदारी कह कर पल्ला झाड़ लिया जाता है, जो कि एक महिला के साथ न्यायसंगत नहीं है। आज के समय में हर महिला पुरुषों से सिर्फ सहयोग के रूप में सम्मान चाहती है और एक महिला जो भी कार्य परिवार के हित में करती है, उसके बदले सभी से थोड़े से सम्मान की उम्मीद रखती है, जो कि पूरी तरह से जायज भी है।

# न्यूज ब्रीफ

## बिंदल ने रेणु सेठी के निधन पर संवेदना व्यक्त की



**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता सुरेंद्र सेठी की धर्मपत्नी रेणु सेठी के देहांत पर उनके निवास स्थान पर जाकर अपनी संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना की कि परिवार को इस सदमे को सहन करने की शक्ति दें। दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में वास दें। इस मौके पर डॉक्टर राजीव बिंदल के साथ मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, नगर निगम डिप्टी मेयर मीरा आनंद, जिला महामंत्री भरत साहनी, मंडल महामंत्री संजय मंडल, उपाध्यक्ष अनिल, सचिव राजू कुदरा, सचिव रचित साहनी, नरेश गांधी, पदम पुंडीर, उर्मिला चौहान भी मौजूद रहे।

## नाहन डाइट के खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश के जिला चंबा में 25 से 27 मार्च तक आयोजित राज्य स्तरीय अंतर-डाइट खेलकूद प्रतियोगिता में डाइट नाहन के खिलाड़ियों ने प्रदर्शन कर कई पुरस्कार अपने नाम किए। 800 मीटर दौड़ में डाइट सिरमौर के प्रियांशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि लंबीकूद में विभूति ने द्वितीय स्थान और ध्रुव ने प्रथम स्थान हासिल किया। लंबीकूद में ही साहिल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर डाइट सिरमौर का परचम लहराया। 400 मीटर दौड़ में डाइट सिरमौर के निशांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो में गौरव ने प्रथम स्थान और उमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में संतोष ने द्वितीय और मनीषा ने तृतीय स्थान हासिल किया। खेलकूद प्रभारी नागेंद्र ठाकुर ने बताया कि डाइट सिरमौर का यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय शारीरिक शिक्षक नरेश, विनोद कुमार और हरबंस सिंह को दिया, जिनका सहयोग इस सफलता में महत्वपूर्ण रहा। इस प्रतियोगिता में डाइट सिरमौर के डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कुल 35 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। शिक्षा उपनिदेशक (गुणवत्ता) एवं जिला परियोजना अधिकारी रीता गुप्ता तथा डाइट सिरमौर के प्रधानाचार्य राजीव ने इस अभूतपूर्व सफलता पर सभी प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों को बधाई दी।

## अवैध माइनिंग करने पर 4 के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** नालागढ़ के दभोटा में रामपुर पसवाला में अवैध माइनिंग करने वाले माफियाओं के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दभोटा पुलिस ने बीते सप्ताह रामपुर पसवाला में माइनिंग करने पर तीन टिप्परों को जब्त किया था उस दौरान वाहन मालिकों ने कहा था कि जिस एरिया में माइनिंग कर रहे हैं, उसकी परमिशन मिली हुई है, लेकिन ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि उस एरिया की कोई परमिशन नहीं है, जो कि सरकारी भूमि है। पुलिस ने विरोध के बाद विभाग के साथ मिलकर निशानदेही करवाई तो मौके पर जमीन सरकारी पाई गई। अब पुलिस ने निशानेदही की रिपोर्ट के आधार पर तीन से चार व्यक्तियों के खिलाफ धारा 303(2), 3(5) बीएनएस व धारा 21 माईनिंग एव मिनिरल अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब पुलिस की ओर से आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बद्दी पुलिस का कहना है कि उक्त एरिया में माइनिंग करने वाले वाहनों के खिलाफ अब एनजीटी की भी कार्रवाई की जाएगी। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि रामपुर बसवाला में जमीन की निशानदेही करवाई गई थी, जो कि सरकारी भूमि पाई गई। इस आधार पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## विस उपाध्यक्ष 29 से 31 तक सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 29, 30 व 31 मार्च को सिरमौर प्रवास पर होंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उपाध्यक्ष 29 मार्च को पांवटा साहिब में एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा 30 मार्च को पच्छाद उपमंडल के नारग में आयोजित होने वाले दो दिवसीय जिला स्तरीय माता मनसा देवी मेले का प्रातः 11 बजे मुख्यातिथि के रूप में विधिवत शुभारंभ करेंगे। दोपहर बाद 3:30 बजे उपाध्यक्ष बोगधार में जनसमस्याओं का निराकरण भी करेंगे। विधानसभा उपाध्यक्ष 31 मार्च को थाना खेगवा में जनसमस्याएं सुनेंगे।

## हर्षवर्धन माता नगर कोटी मेले का करेंगे समापन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 31 मार्च को जिला सिरमौर के प्रवास के दौरान उपमंडल पच्छाद के नारग में आयोजित हो रहे दो दिवसीय जिला स्तरीय माता नगर कोटी मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी।

## अंतरजातीय विवाह मामले में थाने का किया घेराव



**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजगढ़ थाने में माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया, जब क्षेत्र में अंतरजातीय विवाह के मामले को लेकर लोगों ने राजगढ़ थाने में आकर धरना दे दिया। इस धरने में राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी के रूमित ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। धरने पर बेठे लोग लड़की को अभिभावकों के समक्ष पेश करने की मांग पर अड़े और उधर पुलिस बल की संख्या बढ़ा दी गई है। नाहन से अतिरिक्त पुलिस बल राजगढ़ पहुंच चुका है। लड़की पक्ष के लोगों का कहना है कि जब तक लड़की को अभिभावकों के समक्ष पेश नहीं किया जाता, तब तक वे यहां से नहीं हटेंगे। यहां लगभग तीन दिन पहले अंतरजातीय विवाह का एक मामला सामने आया था। उसके बाद लड़की के अभिभावकों की ओर से राजगढ़ थाने में एक शिकायत पत्र दिया गया था। पुलिस छानबीन में लड़की के शादी करने की बात सामने आई, जब अभिभावकों को इस बात की सूचना मिली तो लड़की के अभिभावक भड़क गए और राजगढ़ थाने का घेराव घर दिया, अब लड़की पक्ष के लोग इस बात अड़े हैं कि जब तक एक बार लड़की को अभिभावकों के समक्ष पेश नहीं किया जाता, तब तक लोग थाने से नहीं जाएंगे। यहां काबिले जिक्र है कि 26 मार्च को अंतरजातीय विवाह का यह मामला सामने आया और उसके बाद लड़का व लड़की जिला मुख्यालय नाहन में पुलिस के समक्ष पेश हुए और सुरक्षा की मांग भी की खबर लिखे जाने तक सभी लोग थाने में बैठे हैं और अपनी मांग पर अड़े हैं। इस बीच लड़की के पिता को थाने में ही चक्कर आ गया और वह खड़े-खड़े गिर पड़े, उन्हें इलाज के लिए नागरिक अस्पताल राजगढ़ ले जाया गया। रुमित ठाकुर ने इस बारे में कहा कि लड़की मानसिक रूप से बीमार है। लड़का उसे बहला-फूसला कर ले गया है।

## कृषि से जुड़ी नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चमाकड़ी स्कूल के छात्रों ने डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी (सोलन) का शैक्षणिक दौरा किया। यह प्री-वोकेशनल टूर शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित किया गया। इसमें छात्रों को बागवानी और कृषि से जुड़े नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी गई। इस दौरे का आयोजन विद्यालय के मुख्याध्यापक हेमंत कपिला के मार्गदर्शन में किया गया, जो इनदिनों सोलन में एक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति में विद्यालय के शिक्षक प्रकाश चंद शास्त्री और टीजीटी सुषमा देवी ने छात्रों का नेतृत्व किया और उन्हें विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न शोध और प्रयोगशालाओं का अवलोकन करवाया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को कृषि और बागवानी के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था, ताकि वे इस क्षेत्र में रुचि लेकर भविष्य में रोजगार के अवसरों को बेहतर तरीके से समझ सकें। विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने भी छात्रों को फल उत्पादन, पौधों की देखभाल, जैविक खेती और आधुनिक बागवानी के तकनीकों के बारे में जानकारी दी। विद्यालय प्रशासन ने इस दौरे को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों और विश्वविद्यालय के अधिकारियों का आभार प्रकट किया।

## पंडित नित्यानंद सेवल को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पच्छाद के वयोवृद्ध ब्राह्मण नेता स्वर्गीय पंडित नित्यानंद सेवल की पहली पुण्य तिथि के अवसर पर उनके पैतृक गांव देव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां उन्हें इलाके वासियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए व समाज में उनके योगदान को याद किया। पंडित नित्यानंद सेवल इलाके के जाने माने ब्राह्मण नेता थे। इस अवसर पर रजनीकांत सेवल, चंद्र शेखर सेवल, तरुण सेवल, अरुण सेवल, सेवानिवृत्त निदेशक कृषि विभाग राजेश कौशिक, सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक कंवर वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# कुत्तों ने फैलाई थी सूअर की हड्डियां

**आर मोहन चौहान, सोलन**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

शहर के राजगढ़ रोड पर पलक साड़ी दुकान के सामने सड़क किनारे मिली जानवर की हड्डियों और मांस के टुकड़ों को लेकर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है।

सीसीटीवी खंगालने के बाद पता चला कि मीट शॉप से कूड़े के ढेर में फेंके गए सफेद रंग के लिफाफे में सूअर की हड्डियां थी, जिन्हें कुत्तों ने यहां-वहां फैला दिया था। जांच के दौरान ओल्ड डीसी ऑफिस से सर्कुलर रोड तक लगे सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया गया। एक दुकान के कैमरे में रात 2 बजे एक कुत्ता ऑटो स्टैंड की ओर से सफेद रंग का थैला लाते हुए दिखा, जिसमें से वह मांस लगी हड्डियों को सड़क पर फैलाता रहा। आगे जांच में पता चला कि यह थैला उस जगह से उठाया गया था, जहां लोग कूड़ा फेंकते हैं और सुबह नगर निगम इसे साफ कर ले जाता है। सीसीटीवी फुटेज में रात 8:43 बजे एक स्कूटी सवार व्यक्ति ओल्ड डीसी ऑफिस की ओर से आता दिखा, जो स्कूटी से सफेद थैला निकालकर खंभे के पास कूड़े में रख देता है। बाद में कुत्ता उस थैले को उठा ले जाता है। स्कूटी सुबाथू के जयनगर निवासी 33 वर्षीय मनोज कुमार के नाम पर पंजीकृत है। (अनंत ज्ञान)



सीसीटीवी में लिफाफे से हड्डियां निकालते कुत्ते।

### पुलिस की अपील और आभार

**पुलिस** अधीक्षक गौरव सिंह ने कहा कि बरामद हड्डियों को एसएफएसएल जुन्गा भेजा जा रहा है और नगर निगम को आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है। उन्होंने सोलन के नागरिकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अफवाहों को नहीं फैलाया और सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए पुलिस का सहयोग किया। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और तथ्यों की पुष्टि के बिना किसी निष्कर्ष पर न पहुंचने की अपील की है। जांच में अभी तक इसमें किसी भी व्यक्ति की संदिग्ध संलिप्तता या शरारत सामने नहीं आ रही है। फॉरेंसिक साक्ष्यों का विश्लेषण किया जा रहा है। मामले की जांच हर पहलू पर जारी है। सोलन के पुलिस अधीक्षक ने सभी नगर वासियों से अपील की है कि मामले में किसी प्रकार की अफवाह या गैर सत्यापित जानकारी साझा न करें।

### मांस विक्रेता से पूछताछ

**पुलिस** अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि मनोज कुमार से पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह रेलवे स्टेशन रोड पर मनोज मीट शॉप चलाता है, जहां सूअर, मुर्गा और मछली का मांस बिकता है। उसने बताया कि उसकी दुकान में दो कर्मचारी, राजेंद्र उर्फ सोनू और राजा काम करते हैं। सोनू को उसने अपनी स्कूटी दी थी। मनोज ने कहा कि वह पंजाब से 10-15 सूअर मंगवाता है, जिन्हें सुबाथु में रखकर काटा जाता है और फिर दुकान पर भेजा जाता है। सोनू से पूछताछ में उसने बताया कि 26 मार्च को सुबह सुबाथु से सूअर का मांस दुकान पर आया था। शाम को उसने सूअर का सिर काटा और हड्डियों को सफेद गारबेज बैग में डाला। रात 8:35 से 8:40 बजे दुकान से निकलते वक्त वह बैग साथ ले गया और ऑटो स्टैंड के पास खंभे के पास कूड़े में फेंक दिया। उसे नहीं पता था कि इससे इतना बवाल होगा।

### दुकान के कैमरे से पुष्टि

**मनोज** की दुकान के कैमरे में सोनू शाम 5:22 बजे सूअर का सिर काटते और रात 8:35 बजे थैला लेकर निकलते हुए दिखा अन्य सीसीटीवी फुटेज में भी वह स्कूटी से थैला कूड़े में रखते हुए रिकॉर्ड हुआ। जांच से साफ हुआ कि ये हड्डियां सूअर की थीं, जिन्हें कुत्तों ने फैलाया।

# नौणी से कोर्स करने की एवज में जमा करवाए फर्जी सर्टिफिकेट

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. बीर सिंह डेल्टा प्रिंसिपल फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केप आर्किटेक्चर विभाग नौणी विश्वविद्यालय जिला सोलन द्वारा पुलिस थाना सदर सोलन में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक 22 से 30 मार्च तक नौणी यूनिवर्सिटी में फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केप आर्किटेक्चर विभाग जलवायु के परिदृश्य में सतत फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केपिंग के लिए एक कोर्स करवाया जा रहा है।

डॉ. अमरीश प्रकाश नागराज पुत्र नागराज निवासी पल्लमवनाथम गांव तहसील अरूपपुकोत्तई, जिला विरुद्ध नगर तमिलनाडु भी उक्त कोर्स में शामिल हुए थे, जिन्होंने कोर्स के दौरान अपने शैक्षणिक सर्टिफिकेट पेश किए थे। उपरोक्त कोर्स में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों के दस्तावेजों/सर्टिफिकेट की वेरिफिकेशन संबंधित यूनिवर्सिटी से करवाई गई और वेरिफिकेशन के दौरान डॉ. अमरीश प्रकाश नागराज के सर्टिफिकेट की तस्दीक करने के लिए उसको जारी किए गए सर्टिफिकेट को संबंधित कॉलेज कृषि विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र मदुरई तमिलनाडु को भेजे गए। उक्त विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उक्त व्यक्ति के रिकॉर्ड को चैक करने के उपरांत नौणी यूनिवर्सिटी को सूचित किया कि उक्त व्यक्ति द्वारा पेश किए गए सर्टिफिकेट उनकी यूनिवर्सिटी से जारी न हुए हैं व न ही वह व्यक्ति कभी इस यूनिवर्सिटी का छात्र या कर्मचारी रहा है। उक्त व्यक्ति द्वारा पेश किए गए सर्टिफिकेट पर कृषि विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र मदुरई के डीन की फर्जी मोहर व हस्ताक्षर पाए जा रहे हैं, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमरीश प्रकाश नागराज पुत्र नागराज निवासी गांव पल्लमवनाथम तह. अरूपपुकोत्तई जिला विरुद्ध नगर तमिलनाडु उम्र 37 वर्ष को नौणी से गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

# प्रदूषण कार्यालय में पुलिस की रेड सवालों के घेरे में

### दल-बल के साथ पहुंचे डीएसपी हेडक्वार्टर, पूरा दफ्तर खंगाला, नहीं लगा कुछ भी हाथ

**अनंत ज्ञान, नाहन**

पांवटा साहिब स्थित पॉल्यूशन बोर्ड के जिला कार्यालय में डीएसपी हेडक्वार्टर रमाकांत की अगुवाई में भारी दलबल के साथ रेड की गई। हालांकि, यह कार्रवाई 25 मार्च मंगलवार के दिन की गई थी, जिसकी खबर किसी को कानो कान तक नहीं लगी।

अचानक हुई इस रेड को लेकर न केवल घर प्रमुख पर्यावरण इंजीनियर अतुल परमार, बल्कि पूरा स्टाफ सदमे में है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि डीएसपी हेडक्वार्टर को शिमला से कोई टिप मिली थी कि पॉल्यूशन बोर्ड के कार्यालय में भारी मात्रा में कैश रखा गया है। इसके बाद पुलिस अधिकारी पूरे दलबल के साथ सीधे पॉल्यूशन बोर्ड के कार्यालय में दबिश दे देते हैं। इस रेड बनाम दबिश में पूरा दफ्तर खंगाला गया, यहां तक कि स्टाफ का कहना है कि महिला स्टाफ का पर्स तक चेक किया गया। जिला पुलिस के आला अधिकारियों से इसकी जानकारी भी मांगी गई, मगर सभी ने अपनी जवाबदेही से कन्नी काटी है।

इस कार्रवाई की जानकारी जब पॉल्यूशन बोर्ड के जिला प्रमुख पर्यावरण इंजीनियर अतुल परमार से मांगी गई, तो उन्होंने बताया कि यह कोई बड़ा षड्यंत्र था, जिसके तहत उन्हें फंसा कर बदनाम करने की साजिश रची गई थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह कुछ संदिग्ध कथित इंडस्ट्रियलिस्ट उनके पास आए थे। उन्होंने बताया कि वह जबरन कार्यालय में किसी काम की एवज में रिश्वत देना चाह रहे थे। उनसे सख्ती से पेश आते हुए उन्हें दफ्तर से जाने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि यदि यह मामला घूसखोरी का भी होता, तो इस मामले में विजिलेंस की कार्रवाई बनती थी। उन्होंने बताया कि कार्रवाई में शामिल अधिकारी के द्वारा उन्हें किसी भी तरह का सर्च वारंट भी नहीं दिखाया गया। वहीं, कुछ उद्योगपतियों से पता चला कि बोर्ड के अधिकारी अतुल परमार बेहद ईमानदार छवि के अधिकारी हैं। किसी भी कार्य के एवरेज में उन्होंने कोई पैसा अथवा कोई बगार कहीं हो ऐसा कभी नहीं हुआ है।

जानकारी मिली है कि कार्यालय के सीसीटीवी रिकॉर्ड को भी कब्जे में लिया गया है। उधर, एसडीएम पांवटा गुरजीत सिंह चीमा ने कहा कि ऐसी कोई कार्रवाई हुई है इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि जिस दिन यह कार्रवाई हुई उस दिन वह छुट्टी पर थे। वहीं, जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि डीएसपी हेडक्वार्टर रमाकांत पांवटा साहिब गए थे। क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

# अनुशासनहीनता के चलते मेंहदोबाग स्कूल के प्रिंसिपल को किया निलंबित

### शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने जारी किए आदेश

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सिरमौर जिले के पच्छाद ब्लॉक स्थित मेंहदोबाग वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल मुरली मनोहर गुप्ता को राज्य सरकार द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेशों में बताया गया कि अनुशासनहीनता के चलते उन पर यह कार्रवाई की गई है। मेंहदोबाग पंचायत और अन्य विभागीय रिपोर्ट्स में मुरली मनोहर गुप्ता के अभद्र व्यवहार और कार्यशैली की शिकायतें दर्ज की गई थीं। इन शिकायतों के आधार पर उच्च शिक्षा निदेशक ने अपनी रिपोर्ट में विद्यालय के शैक्षणिक माहौल को बचाने के लिए उन्हें स्कूल से हटाने की सिफारिश की थी। हालही में विद्यालय की डीपी और अन्य शिक्षकों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर निलंबित प्रिंसिपल के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए थे और उनकी विवादास्पद कार्यशैली का खुलासा किया था। प्रिंसिपल मुरली मनोहर गुप्ता पर पहले भी सोलन के जीएसएसएस मानपुरा स्कूल में अनुशासनहीनता के आरोपों के चलते चार्जशीट जारी की गई थी। वहीं, निलंबन के दौरान मुरली मनोहर गुप्ता का मुख्यालय शिमला स्थित प्राथमिक शिक्षा निदेशालय रहेगा।

आदेश में यह भी निर्देश दिए गए कि वे मुख्यालय छोड़ने के लिए पूर्व अनुमति प्राप्त करें। आदेश हिमाचल प्रदेश सरकार के शिक्षा सचिव राकेश कंवर द्वारा जारी किए गए। इसके साथ ही निलंबन के दौरान संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# वाहनों की पासिंग 8 व 21 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, नाहन।** परिवहन विभाग ने सिरमौर में अप्रैल में वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट का कार्यक्रम जारी कर किया है।

जानकारी के अनुसार नाहन में वाहनों की पासिंग 8 और 21 अप्रैल को निर्धारित की गई है, जबकि ड्राइविंग टेस्ट 9 और 22 अप्रैल को होंगे। यह जानकारी आरटीओ सोना चौहान ने दी। उन्होंने वाहन चालकों से निर्धारित तिथियों पर अपने वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट के लिए उपस्थित होने का आग्रह किया है। पांवटा साहिब में पासिंग की तारीखें 10 और 29 अप्रैल रखी गई हैं, जबकि ड्राइविंग टेस्ट 11 और 30 अप्रैल को होंगे। राजगढ़ में वाहनों की पासिंग 2 अप्रैल को होगी और इसी दिन ड्राइविंग टेस्ट भी होंगे। शिलाई और कफोटा में पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट 24 अप्रैल को होंगे। संगड़ाह में पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट 7 अप्रैल को होंगे। इसके अलावा सराहां में 17 को पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट किए जाएंगे।

# कूड़े के ढेर में मृत मिला नवजात

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** पुलिस थाना बरोटीवाला के तहत कुंजाहल क्षेत्र में कूड़े के ढेर में मृत नवजात मिला। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह जब कुछ लड़के कूड़े में कबाड़ की सामग्री निकाल रहे थे, तो कुंजाहल के निकट स्कूल के पास कूड़े में पड़े एक लाल बैग को जैसे ही उन्होंने खोला तो उसमें से एक नवजात मृत अवस्था में पड़ा मिला।

उन्होंने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी और मौके पर पुलिस को बुलाया। यह घटना सुबह करीब सात बजे की है जब कुछ लोग वहां कबाड़ देख रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नवजात को कब्जे में लिया और आसपास छानबीन की। एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि नवजात के जेंडर की पहचान नहीं हो सकी है। नवजात को नालागढ़ अस्पताल भेजा गया है, जांच में पता चल सकेगा कि यह कितने दिन पुराना और इसका जेंडर क्या है।

# कोटला बड़ोग स्कूल में विश्व जल दिवस के महत्व बारे बताया



**अनंत ज्ञान, सोलन**

विश्व जल संरक्षण के अवसर पर कोटला बड़ोग स्कूल जिला सिरमौर के यूथ और ईको क्लब ने प्रिंसिपल बंसीलाल नेगी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें पोस्टर बनाने, नारा और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की। यूथ और ईको क्लब के इंचार्ज तुषार ने विश्व जल दिवस के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जल हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हमें इसका संरक्षण करना चाहिए। इसके बाद, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने जल संरक्षण के महत्व को दर्शाने वाले पोस्टर बनाए। पोस्टरों में जल संरक्षण के महत्व को बहुत ही रचनात्मक तरीके से दर्शाया गया था। नारा प्रतियोगिता में छात्रों ने जल संरक्षण के महत्व को दर्शाने वाले नारे बनाए।

नारों में जल संरक्षण के महत्व को बहुत ही प्रभावी तरीके से दर्शाया गया था। वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा की। प्रिंसिपल बंसी लाल नेगी ने बताया कि इस कार्यक्रम से छात्रों को जल संरक्षण के महत्व को समझने में मदद मिलेगी।

# सौतेले पिता ने 13 वर्षीय बालिका से किया दुष्कर्म

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के चायल क्षेत्र के तहत आने वाली पंचायत नगाली के एक गांव में सौतेले पिता ने 13 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म कर रिश्ते को तार-तार कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगाली पंचायत के टिक्कर गांव में करीब दो साल पहले सतपाल नामक 54 वर्षीय व्यक्ति ने तीन बच्चों की मां से शादी की। इन तीन बच्चों में बड़ी लड़की 13 साल की है। मामला तब प्रकाश में आया जब पीड़ित लड़की को पेट में दर्द के कारण चायल नागरिक अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। डॉक्टर के सामने मामला आने के बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद आरोपी सौतेले पिता को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। एडिशनल एसपी सोलन राजकुमार ने दुष्कर्म का मामला पुलिस थाने में आने और इस पर कार्रवाई करने की पुष्टि की है।

# डुमैहर में क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन, घनागुघाट बना विजेता



**अनंत ज्ञान, अर्की**

डुमैहर पंचायत में शताब्दी नायक युवक मंडल डुमैहर द्वारा आयोजित पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया।

फाइनल मुकाबला सौरभ इलेवन घनागुघाट और फ्रेंड्स इलेवन अर्की के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए घनागुघाट ने 15 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए। टीम की ओर से हिमांशु ने 47 और प्रवीण ठाकुर ने 44 रनों का योगदान दिया। जवाब में फ्रेंड्स इलेवन अर्की की टीम 14.4 ओवर में 100 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिससे घनागुघाट ने यह मुकाबला जीत लिया। समापन समारोह में नया सवेरा जन कल्याण समिति अर्की के अध्यक्ष और अधिवक्ता भीमसिंह ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने दोनों टीमों के प्रदर्शन की सराहना की और खिलाड़ियों को आगे भी खेल को बढ़ावा देने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आयोजकों को अपनी ओर से 8100 रुपए की धनराशि भी प्रदान की। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत पुरस्कार भी प्रदान किए गए। मैन ऑफ द सीरीज प्रवीण ठाकुर को 3100 रुपए और ट्रॉफी मिली। बेस्ट बैट्समैन का खिताब फ्रेंड्स इलेवन अर्की के कप्तान वीरेंद्र कंवर को मिला, जिन्हें 1100 रुपए और ट्रॉफी दी गई।

# सोलन में कृषि के अग्रदूत किसानों को किया सम्मानित




**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन में साईं एक्का मशीनस एंड बिल्डर्स की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में जिला सोलन सहित सिरमौर, शिमला और किन्नौर जिलों के 44 प्रगतिशील किसानों को मॉडर्न एग्रीकल्चर अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। देश की प्रमुख कृषि उपकरण निर्माता कंपनी जॉर्ज मैंजो ग्रुप ने उन किसानों को चुना, जिन्होंने आधुनिक तकनीकों को अपनाकर कृषि में नवाचार किया है।

इसके मुख्यातिथि, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. देवराज कश्यप ने किसानों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ये किसान हमारी कृषि क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इन्होंने साबित कर दिया है कि आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर कृषि को और अधिक लाभदायक बनाया जा सकता है। किसानों ने भी अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उन्हें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने अन्य किसानों से भी आधुनिक तकनीकों को अपनाने का आग्रह किया। साईं एक्का मशीनस एंड बिल्डर्स के प्रबंध निदेशक कार्तिक शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य किसानों को नवीनतम तकनीकों से अवगत करवाना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि किसानों को आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर अपनी आय को दोगुना या चौगुना करने में मदद मिल सकती है।

**आयोजन** बौद्धिक प्रतिभा और रचनात्मक ऊर्जा के साथ शूलिनी लिटफेस्ट का आगाज

# पढ़ने से शब्दावली और ज्ञान होता है समृद्ध: कंवलजीत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी लिटरेचर फेस्टिवल के बहुप्रतीक्षित पांचवें संस्करण की शुरुआत बड़े उत्साह के साथ हुई। इसमें साहित्य, सिनेमा, संगीत और मीडिया की जानी-मानी हस्तियां एक साथ आईं।

यह महोत्सव विचारों, रचनात्मकता और साहित्यिक प्रतिभा के जीवंत संगम के रूप में सामने आया। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता इम्तियाज अली ने अपने जीवन दर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और दर्शकों से केवल अंतिम लक्ष्य का पीछा करने के बजाय अपनी यात्रा को अपनाने का आग्रह किया। चीफ लर्निंग ऑफिसर डॉ. आशू खोसला के साथ बातचीत में इम्तियाज अली ने छात्रों से कहा कि हर किसी को यात्रा का आनंद लेना चाहिए और उनसे अपनी प्रवृत्ति का पालन करने, अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने और जो वास्तव में आपके साथ प्रतिध्वनित होता है, उसका पीछा करने के लिए कहा। जमशेदपुर में अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए, अली ने बताया कि कैसे कहानी कहने के प्रति उनका आकर्षण बचपन में शुरू हुआ, कल्पनाशील कहानियां बुनने से सिनेमा में उनके भविष्य की नींव पड़ी। उन्होंने अपनी अनूठी कहानी कहने की आवाज को अपनाने के महत्व पर जोर दिया और महत्वाकांक्षी कलाकारों को प्रामाणिक कथाएं बनाने के लिए व्यक्तिगत अनुभवों और सांस्कृतिक जड़ों से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके स्पष्ट उपाख्यानों ने दर्शकों को रचनात्मक प्रक्रिया और अपनी कलात्मक दृष्टि के प्रति सच्चे रहने के महत्व की गहरी समझ प्रदान की। एक अन्य सत्र में अनुभवी अभिनेता कंवलजीत सिंह ने डिजिटल विकर्षणों के युग में पढ़ने के महत्व पर जोर दिया।



उन्होंने कहा, यवाओं को अपने मोबाइल फोन को एक तरफ रखकर किताबों में डूबने की जरूरत है। पढ़ने से शब्दावली और ज्ञान समृद्ध होता है, दृष्टिकोण को उस तरह से आकार मिलता है, जो कोई स्क्रीन नहीं दे सकती। अनुभवी पत्रकार और स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशंस के निदेशक विपिन पब्बी के साथ एक रोमांचक सत्र में, सिंह ने अपने करियर और फिल्म मिसेज में अपनी भूमिका के किस्से साझा किए। इसमें बताया कि कैसे इस अनुभव ने उन्हें व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से बदल दिया। हास्य और ज्ञान से भरे उनके सत्र ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने कहा, जीवन में हर भूमिका के लिए मानसिक और शारीरिक दोनों तरह की फिटनेस महत्वपूर्ण है। व्यक्ति को हमेशा तैयार रहना चाहिए, जोखिम उठाना चाहिए और आराम के दायरे से बाहर निकलना चाहिए। लिटफेस्ट निदेशक डॉ. आशू खोसला ने महोत्सव की विविध कार्यशालाओं पर प्रकाश डाला, जिसमें स्क्रीन अनुकूलन, माइंडफुलनेस, कठपुतली और फिलैटली जैसे विषयों को शामिल किया गया, जिससे प्रतिभागियों को सीखने के अनुभव प्राप्त हुए।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
145




पर्पल कैप
**शार्दुल ठाकुर**
06



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
13

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेंगलुरु | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 2. | लखनऊ | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 3. | पंजाब | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 4. | चेन्नई | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 5. | दिल्ली | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 6. | हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 7. | कोलकाता | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 8. | मुंबई | 01 | 00 | 01 | 02 |
| 9. | गुजरात | 01 | 00 | 01 | 00 |
| 10. | राजस्थान | 02 | 00 | 02 | 00 |

# पहली जीत की तलाश में उतरेगी गुजरात-मुंबई की टीमें

## हार्दिक पांड्या की वापसी से मुंबई को मिलेगी मजबूती, मोहम्मद सिराज की लय गुजरात के लिए चिंता का सबब

**एजेंसी, अहमदाबाद**



**कप्तान** हार्दिक पांड्या की एक मैच के प्रतिबंध के बाद बहुप्रतीक्षित वापसी शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले मैच में मुंबई इंडियंस की टीम को जरूरी संतुलन प्रदान करेगी। दोनों टीमें मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस आईपीएल सत्र के शुरुआती मैच में हारने के अपने लंबे समय से चले आ रहे मिथक को नहीं तोड़ सकी। चेन्नई ने इस मैच को आसानी से चार विकेट से अपने नाम किया। दूसरी तरफ गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़े स्कोर वाला मैच को 11 रन से गंवा दिया।

मुंबई इंडियंस ने पहले और दूसरे मैच के बीच लगभग एक सप्ताह के अंतराल के दौरान रिलायंस की जामनगर स्थित सुविधा में कुछ दिन बिताए। टीम ने यहां आराम करने के साथ आपसी समझ बढ़ाने वाली गतिविधियों पर ध्यान दिया। टूर्नामेंट अभी अपने शुरुआती दिनों में ही है लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना मुंबई की गेंदबाजी इकाई संघर्ष करते हुए दिखी।

इस दौरान पहले मैच में नियमित कप्तान पंड्या की गैरमौजूदगी ने टीम के लिए चीजों को और मुश्किल कर दिया। हार्दिक भारतीय क्रिकेट में मौजूदा समय में इकलौते तेज गेंदबाजी हरफनमौला है। वह गेंद और बल्ले दोनों में किसी एक से भी मैच पर बड़ा प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। उनकी वापसी का मतलब है कि रॉबिन मिंज को शायद बाहर बैठना होगा। मिंज अपने पहले मैच में चेन्नई के खिलाफ चेपॉक मैदान की मुश्किल पिच पर संघर्ष करते दिखे। टीम को हालांकि शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच खेलना है जहां परिस्थितियां पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल दिखी है। इस मैदान पर पंजाब किंग्स (243) और गुजरात टाइटंस (232) के बीच खेले गये पिछले मैच में 475 रन बने थे। बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर गुजरात के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का प्रदर्शन अहम होगा। वह पिछले कुछ समय से लय में नहीं है और पंजाब के खिलाफ उन्होंने 54 रन लुटा दिये। प्रसिद्ध कृष्णा भी इस मैच में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे।

गुजरात की टीम में भारत के अनुभवी तेज गेंदबाजों की कमी है और मुख्य कोच आशीष नेहरा के लिए यह चिंता की बात होगी। कैगिसो रबाडा और राशिद खान जैसे दिग्गज विदेशी खिलाड़ियों पर रन रोकने के साथ-साथ विकेट लेने का दबाव पर बहुत अधिक है। मुंबई के लिए भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और टेस्ट तथा एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा की मौजूदा लय चिंता का सबब है। हार्दिक की वापसी से टीम की बल्लेबाजी को गहराई मिलेगी जबकि जरूरत पड़ने पर वह नयी गेंद से गेंदबाजी आक्रमण की शुरुआत भी कर सकते हैं।

**मैच : शाम 7:30 बजे से**

### संभावित टीमें

**गुजरात टाइटंस:** जोस बटलर, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, शाहरुख खान, वॉशिंगटन सुंदर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, इशांत शर्मा, जयंत यादव, महिपाल लोमरोर, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया, अनुज रावत, गेराल्ड कोएट्जी, शेरफेन रदरफोर्ड, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, अरशद खान, गुरनूर बरार, निशांत सिंधु।

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पपांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

# निकोलस पूरन के साथ बल्लेबाजी करने में आता है आनंद: मिचेल मार्श

**एजेंसी, हैदराबाद**



**ऑस्ट्रेलिया** के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा कि उन्हें लखनऊ सुपर जाइंट्स के अपने साथी खिलाड़ी निकोलस पूरन के साथ बल्लेबाजी करने में आनंद आता है और उन्हें खुशी है कि वेस्टइंडीज का यह आक्रामक बल्लेबाज अन्य लीग की तरह विरोधी टीम में नहीं है। पूरन लखनऊ की सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आसान जीत के नायक रहे। उन्होंने केवल 26 गेंद पर 70 रन बनाए। मार्श ने 31 गेंद पर 52 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। इन दोनों बल्लेबाजों ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले मैच में भी अर्धशतक जड़े थे।

मार्श ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कि पूरन की बल्लेबाजी के लिए मेरे पास एक ही शब्द है आकर्षक। मैं लंबे समय से उसके खिलाफ खेलता रहा हूं और उसकी इस तरह की बल्लेबाजी का मुझे हमेशा खामियाजा भुगतना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अब हम जबकि एक ही टीम में हैं तो मुझे लगता है कि हमारे बीच बहुत अच्छा तालमेल है और उम्मीद है कि मैं उसके साथ आगे भी काफी बल्लेबाजी करूंगा। पूरनजब लय में होता है तो मार्श उनके साथ बहुत अधिक बातचीत करके उनका ध्यान भंग नहीं करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो हमारे बीच बहुत अधिक बातचीत नहीं होती है। जब कोई बल्लेबाज इस तरह की लय में हो तो आप केवल साझेदारी बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मार्श ने युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव की भी प्रशंसा की जिन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर ट्रैविस हेड का महत्वपूर्ण विकेट लिया और हेनरिक क्लासेन को रन आउट किया। उन्होंने कहा किमुझे वास्तव में उस पर गर्व है। उसकी गेंदबाजी में बहुत नियंत्रण था।

# चेन्नई ने सस्ते में निपटाए रॉयल चैलेंजर्स

**एजेंसी, चेन्नई**



**आईपीएल-2025** का 8वां मैच चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला गया। चेन्नई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया, जो उसके लिए फायदेमंद सबित हुआ। फिल सॉल्ट ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करनी चाही, लेकिन उन्होंने 16 गेंद में 32 रन बना पाए। फिल सॉल्ट को एमएस धोनी ने नूर अहमद की बॉल पर स्टंप किया। वहीं, विराट कोहली भी कुछ खास नहीं कर पाए वे भी 31 रन बनाकर चलते बने।

**विराट कोहली 31 रन बनाकर हुए आउट**

इसके अलावा देवदत्त पडिक्कल भी महत 27 रन बनाकर आउट हो गए। पडिक्कल को ऋतुराज गायकवाड ने अश्विन की बॉल पर कैच किया। बेंगलुरु ने 13 ओवर में तीन विकेट खोकर 133 रन बना लिए थे। समाचार लिखे जाने तक पाटीदार 35 रन बनाकर खेल रहे थे और अपनी टीम को मजबूती प्रदान कर रहे थे। वहीं, उनके साथ लिविंगस्टन भी खेल रहे थे।

# नवंबर-दिसंबर में होगा जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप

## चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा मैच, पहली बार 24 टीमें लेंगी भाग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप इस साल 28 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच चेन्नई और मदुरै में खेला जायेगा जिसमें पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को मेजबान शहरों की घोषणा की। भारत में इससे पहले 2016 में लखनऊ में और 2021 में भुवनेश्वर में जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप आयोजित किया गया था। भारत ने 2016 में यह टूर्नामेंट जीता था। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने जारी बयान में कहा कि हॉकी इंडिया के लिये आगामी एफआईएच जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करना गर्व की बात है। इस बार टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग ले रही हैं लिहाजा इसका आयोजन दो शहरों चेन्नई और मदुरै में किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि चेन्नई में 2023 में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खेली गई थी जबकि मदुरै में पहली बार इस स्तर का अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट हो रहा है। हमें खुशी है कि देश के विभिन्न इलाकों में हॉकी टूर्नामेंटों का आयोजन हो रहा है। अर्जेंटीना ने 2021 जबकि जर्मनी 2023 में कुआलालंपुर में आयोजित पिछले विश्व कप में चैंपियन बना था। भारत सेमीफाइनल और कांस्य पदक के प्लेऑफ में हारने के बाद चौथे स्थान पर रहा था।

# गुरिंद्रवीर ने तोड़ा 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**एजेंसी, बेंगलुरु**



**गुरिंद्रवीर** सिंह ने शुक्रवार को यहां इंडियन ग्रां प्री 1 (आईजीपी 1) में 10.20 सेकंड की तेज दौड़ के साथ पुरुषों की 100 मीटर फर्राटा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। रिलायंस का प्रतिनिधित्व करने वाले 24 वर्षीय पंजाब के धावक ने अक्टूबर 2023 में मणिकांत होबलीधर द्वारा निर्धारित 10.23 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुरविंद्रवीर का पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 10.27 सेकंड था। उन्होंने इसे 2021 में बनाया था। रिलायंस के ही होबलीधर 10.22 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने भी पुरुषों की 100 मीटर फाइनल रेस डी में अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को 0.01 सेकंड से बेहतर किया। लेन पांच और छह में एक-दूसरे के साथ दौड़ते हुए गुरिंदरवीर और होबलीधर के बीच बेहद कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई। गुरिंदरवीर ने हालांकि मामूली अंतर से रेस जीतने के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड को 0.03 सेकंड के अंतर से अपने नाम कर लिया। अमलान बोरगोहेन ने 10.43 सेकंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया जिससे रिलायंस ने शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा कर लिया। यह तिकड़ी और अनिमेष कुजूर 100 मीटर में पिछले कुछ समय से भारत के शीर्ष धावक रहे हैं।

# धवन से मिली सीख ने मेरा खेल बदल दिया: आशुतोष शर्मा

**एजेंसी, कोलकाता।** दिल्ली कैपिटल्स के आक्रामक बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने कहा कि वह अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन से मिली सीख के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। घरेलू क्रिकेट में रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाले 26 साल के आशुतोष ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे यादगार पारियों में से एक खेलते हुए 31 गेंद पर नाबाद 66 रन बनाकर टीम को आखिरी ओवर में एक विकेट की रोमांचक जीत दिलायी।

जीत के लिए 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम ने 65 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे। आशुतोष ने पांच चौके और पांच छक्के की मदद से नाबाद पारी खेल दिल्ली कैपिटल्स को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस जीत के बाद आशुतोष ने अपना 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार धवन को समर्पित करते हुए इस खब्बू बल्लेबाज के उनके करियर पर पड़ने वाले प्रभाव को स्वीकार किया। वह इससे पहले आईपीएल में जब पंजाब किंग्स का हिस्सा बने थे तब उनकी मुलाकात पहली बार धवन से हुई थी।

# बीसीसीआई के 'सीओई' को जल्द मिलेगा गेंदबाजी कोच

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**साईराज बहुतुले ने राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने के लिए दे दिया था इस्तीफा**

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) को साईराज बहुतुले की जगह जल्द ही नया स्पिन गेंदबाजी कोच मिलेगा। बहुतुले ने इस साल की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने के लिए इस्तीफा दे दिया था। सीओई को पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के रूप में जाना जाता था। यह अब बेंगलुरु में नए स्थल पर स्थानांतरित हो गया है।

यह पद बहुतुले के जाने के बाद से रिक्त पड़ा है और अब बोर्ड ने इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं, जो 'भारत की सीनियर टीमों (पुरुष और महिला), भारत ए, अंडर-23, अंडर-19, अंडर-16 और अंडर-15 टीमों तथा बीसीसीआई सीओई में प्रशिक्षण लेने वाले राज्य संघ के खिलाड़ियों सहित सभी प्रारूपों और आयु समूहों में भारत की स्पिन गेंदबाजी प्रतिभा के विकास और प्रदर्शन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण होगा। स्पिन गेंदबाजी कोच सीओई में क्रिकेट प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को जवाबदेह होगा। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने जारी बयान में कहा कि स्पिन गेंदबाजी कोच बीसीसीआई सीओई के क्रिकेट प्रमुख के साथ मिलकर काम करेगा ताकि विशेष कोचिंग कार्यक्रम तैयार कर उस पर अमल किया जा सके और खिलाड़ियों के प्रदर्शन निगरानी में सहायता की जा सके। उन्होंने कहा कि इस भूमिका के लिए चयनकर्ताओं, राष्ट्रीय व राज्य कोचों, प्रदर्शन विश्लेषकों और स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग विशेषज्ञों के साथ मिलकर उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण योजनाएं विकसित करना भी शामिल है। नए स्पिन गेंदबाजी कोच की प्रमुख जिम्मेदारियों में से सबसे अहम सीओई में चोटिल क्रिकेटरों का रिहैबिलिटेशन और मैच फिटनेस प्रमाणन होगा।

## स्पोर्ट्स विंडो

### जोकोविच मियामी का सबालेंका व पेगुला में होगा खिताबी मुकाबला

**एजेंसी, मियामी गार्डंस (फ्लोरिडा)।** नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने सातवें खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। जोकोविच ने क्वार्टरफाइनल मैच में कोर्डा को एक घंटे 24 मिनट में 6-3, 7-6 (7-4) से हराया। सेमीफाइनल में उनका सामना बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। जोकोविच ने 33 वर्षीय दिमित्रोव के खिलाफ जो 13 मैच खेले हैं उनमें से 12 में उन्होंने जीत दर्ज की है। इस बीच महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 71 मिनट में 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा जिन्होंने फिलिपींस की 19 वर्षीय एलेक्जेंड्रा एला के खिलाफ उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में 7-6 (7-3), 5-7, 6-3 से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग के दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के गैरवरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने फ्रांस के 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 7-6 (7-5), 6-1 से हराया। 19 वर्षीय मेन्सिक पहली बार किसी एटीपी 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। विश्व में 54वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मेन्सिक का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने माटेओ बेरेटिनी को तीन सेट तक चले मैराथन मुकाबले में 7-5, 6-7 (9-7), 7-5 से हराया।

### खूबसूरत अंदाज में निशानेबाज मनु भाकर

**भारतीय** स्टार निशानेबाज मनु भाकर को खेलों के अलावा घूमने का काफी शौक है। प्रतिभाशाली होने के साथ-साथ मनु भाकर अपनी खूबसूरती को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। सोशल मीडिया पर वह कई सालों से एक्टिव हैं और अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। उनकी अदाओं पर लाखों फैंस फिदा हैं।



### बार्सिलोना ने ओसासुना को 3-0 से हराकर ला लीगा में बढ़त बनाई

**एजेंसी, बार्सिलोना (स्पेन)।** फेरान टोरेस और दानी ओल्मो के शुरू में किए गए गोल की मदद से बार्सिलोना ने ओसासुना को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में अपनी बढ़त मजबूत की। कोच हांसी फ्लिक ने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को मैच के अंतिम क्षणों में मैदान पर उतारा। पोलैंड के इस स्टार खिलाड़ी ने एक अन्य स्थानापन्न खिलाड़ी फर्मिन लोपेज के क्रॉस पर हेडर से खूबसूरत गोल किया। यह लेवांडोव्स्की का स्पेनिश लीग में वर्तमान सत्र का 23वां गोल था। वह लीग के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। इस जीत से बार्सिलोना 10 राउंड शेष रहते हुए रियाल मैड्रिड से तीन अंक और एटलेटिको मैड्रिड से सात अंक आगे हो गया है।

# धोनी के प्रति प्रशंसकों का जुनून अजीब है, यह खेल के लिए अच्छा नहीं: रायुडू

**एजेंसी, चेन्नई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी के प्रति चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों का अभूतपूर्व समर्थन धीरे-धीरे हानिकारक जुनून में बदल गया है जो अन्य बल्लेबाजों के लिए अच्छा नहीं है क्योंकि दर्शक केवल अपने 'थाला' को बल्लेबाजी करते हुए देखना चाहते हैं। रायुडू ने कहा कि दर्शकों का समर्थन पहले धोनी के लिए होता है और फिर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए। इससे भविष्य में टीम की ब्रांडिंग को नुकसान पहुंच सकता है क्योंकि टीम हमेशा एक खिलाड़ी के इर्द-गिर्द घूमती रही है।

रायुडू ने कहा कि यह किसी नए बल्लेबाज के लिए बहुत बड़ी चुनौती होती है। दर्शकों का समर्थन अभूतपूर्व होता है लेकिन जब आप खेलने के लिए मैदान पर उतरते हो तब आपको पता चलता है कि यह समर्थन चेन्नई सुपर किंग्स से पहले महेंद्र सिंह धोनी के लिए है। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है और सही भी है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से टीम को इसी तरह से तैयार किया गया है। उन्हें थाला (नेतृत्वकर्ता) नाम सही दिया गया है और उन्होंने चेन्नई की तरफ से अपना प्रभाव छोड़ा है।

**समारोह**

## नम्होल की बेटी ने महिला कबड्डी विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर चमकाया है प्रदेश का नाम

# इंग्लैंड में शानदार प्रदर्शन कर लौटी मीनाक्षी का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



**जिला** के नम्होल क्षेत्र की बेटी मीनाक्षी ठाकुर ने इंग्लैंड मैं आयोजित महिला कबड्डी विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत ने इंग्लैंड को हराकर विश्व कप अपने नाम किया, जिसमें हिमाचल प्रदेश से तीन खिलाड़ी भारतीय टीम का हिस्सा रहीं। शुक्रवार को जब मीनाक्षी ठाकुर अपने गृह क्षेत्र बिलासपुर जिले के नम्होल पहुंचीं, तो उनका भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने मीनाक्षी को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नम्होल महावीर चौकी स्टेडियम, पशु मंडी एवं किसान मेला कमेटी के दौरान कबड्डी विजेता मीनाक्षी ठाकुर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ श्रीधरण फाउंडेशन नम्होल, घ्याल पंचायत के प्रतिनिधियों, नम्होल क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मीनाक्षी ठाकुर की उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। रामलाल ठाकुर ने कहा कि मीनाक्षी ने पूरे देश में बिलासपुर और नम्होल का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना की।

### इन्होंने दीं शुभकामनाएं

**इस** अवसर पर घ्याल पंचायत के उप प्रधान देश राज ठाकुर ,कोटला पंचायत के उप प्रधान सुमन ठाकुर, पूर्व जिला परिषद चेयरमैन कुलदीप ठाकुर, रिटायर्ड कोच नंदलाल ठाकुर, पूर्व बीडीसी हेम राज ठाकुर, पूर्व घयाल पंचायत प्रधान पदम देव शर्मा, पशु मंडी एवं किसान मेला कमेटी के महासचिव शोभा राम ठाकुर, पूर्व प्रधान नमहोल जगत राम ठाकुर, पूर्व प्रधान सोहरी पंचायत उप प्रधान यशपाल चंदेल, रिटायर्ड पीडब्ल्यूडी विभाग जेई लेख राम कौंडल राजेश कुमार, पवन कुमार, घ्याल पंचायत के छेता वार्ड सदस्य सुरेन्द्र कुमार, जिया लाल, रणजीत ठाकुर, कमल कुमार, राजपाल, शेर सिंह ठाकुर, बिट्टू कुमार, देवी सिंह , चमन ठाकुर, मनोज कुमार, राजेंद्र कुमार, मदन ठाकुर रुड़की राम आदि न शुभकामनाएं दीं हैं।